ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 05 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-21 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'डंकी' के पोस्टर में शाहरुख अपने... पेज 10 पर






## गागर में सागर

### विजय बने नवगठित विश्रामपुर सेवा भारती के अध्यक्ष



**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय स्थित शिव घाट परिसर में स्थानीय लोगों ने बैठक कर विश्रामपुर सेवा भारती नामक संस्था का गठन किया। बैठक की अध्यक्षता वरीय समाजसेवी विजय पांडेय व संचालन संतोष केशरी ने किया। इस दौरान सर्वसम्मति से विजय पांडेय को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। वहीं निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील कुमार चौधरी को उपाध्यक्ष,विजय कुमार रवि को सचिव,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय को मंत्री,अमित कुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष और पूर्व नप अध्यक्ष देवनारायण सिंह को कमेटी का संरक्षक बनाया गया है। नवगठित संस्था विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में समाज सेवार्थ कार्य करेगी। अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि कमेटी के बैनर तले क्षेत्र में समाजिक कार्य संपादित किये जाएंगे। मौके पर बिनोद कुमार विश्वकर्मा, करन केशरी, शिवम सोनी, मुकेश चौधरी, राकेश केशरी,जयंत चौहान, डा. चांदसी, कामाख्या कुमार, अभिषेक कुमार, संतोष मेहता, विकास गुप्ता, रामकेश विश्वकर्मा, अजित सोनी, विक्की सोनी, रामचंद्र राम,भरदुल राम,अनुज कुमार,चंदन कुमार,बुल्लू साव,आकाश कुमार,अरुण सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

### लॉन्च हुई बजाज की पल्सर एन 150 बाइक

**पांकी।** स्थानीय थाना रोड स्थित सोनाली बजाज शोरूम में शनिवार की दोपहर बड़े ही धूमधाम से बजाज की बाइक पल्सर एन 150 लांच की गई। इस अवसर पर बजाज के डिवीजनल मैनेजर एल लीलाधर, सर्विस मैनेजर एम सेन व शोरूम के सर्विस मैनेजर मोहम्मद शरीफ द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर बाइक लॉन्च किया गया। डिविजनल मैनेजर ने बताया कि बजाज ने एन 160 के बाद काफी कम कीमत में एन 150 बाइक लॉन्च की है। जो दमदार माइलेज के साथ बेहद आकर्षक एवं स्पोर्टी लुक के साथ कई रंगों में उपलब्ध है। इस बाइक में कार जैसे फीचर्स दिए गए हैं जो ग्राहकों को बेहद पसंद आएंगे। लॉन्च के बाद कई ग्राहकों ने बुकिंग भी करवाई। पहले ग्राहक को डिविजनल मैनेजर ने चाबी एवं उपहार देकर सम्मानित किया। मौके पर मौजूद शोरूम के प्रबंधक ने बताया कि ग्राहकों की संतुष्टि ही उनका पहला कर्तव्य है। त्योहारों के इस सीजन में सभी बाइक पर डिस्काउंट दिए जा रहे हैं।

### 50 मोतियाबिंद मरीजों का किया गया सफल लेंस प्रत्यारोपण

# आंखों की ज्योति लौटाना पुण्य का कार्य: डा. दीपक सिन्हा

**संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष कैंप लगाकर गरीब और असहाय लोगों की मदद की जाती है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला अंधापन नियंत्रण समिति व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुसैनाबाद शहरी स्वास्थ्य केन्द्र में शिविर आयोजित कर 50 मोतियाबिंद मरीजों का लेंस प्रत्यारोपण किया गया। इसका उदघाटन प्रभारी अस्पताल उपाधीक्षक डा. दीपक कुमार सिन्हा व डा. विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर उपाधीक्षक ने कहा कि आंखों की ज्योति लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष कैंप लगाकर गरीब और असहाय लोगों की मदद की जाती है। राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के निदेशक डा. अखिलेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मोतियाबिंद के 100 मरीजों के आंखों की जांच की गई थी। जिसमें 50 मरीजों का नेत्र चिकित्सक डा. धीरज प्रसाद व विवेकानंद उपाध्याय द्वारा आईएलओ के माध्यम से लेंस प्रत्यारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि रविवार को सभी मरीजों को निः शुल्क दवा और चश्मा दिया जाएगा। इस मौके पर निवर्तमान नपं उपाध्यक्ष ग्यासुदीन सिद्दीकी, नेत्र सहायक जयप्रकाश सिंह उर्फ बच्चा सिंह,सुनील कुमार, परशु कुमार, सुषमा कुमारी, बसंती कुमारी, सचिन कुमार, काजल, रागिनी, दयानंद कुमार मौजूद थे।

## शिवालय में भगवान भास्कर व माता पार्वती की होगी प्राण प्रतिष्ठा

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर कस्बे के प्राचीन बड़ा शिवालय परिसर में 16 नवंबर से लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू होगा। इस अवसर पर शिवालय परिसर में भगवान भास्कर व माता पार्वती की प्रतिमा का भी प्राण-प्रतिष्ठा किया जाएगा। श्री विष्णु देवाचार्य महाराज के नेतृत्व में 20 नवंबर तक महायज्ञ चलेगा। महायज्ञ के निमित ललन कुमार सिंह को संरक्षक व उदय कुमार सिंह को संयोजक चुना गया है। संतोष कुमार सिंह अध्यक्ष, डॉ. अजय जयसवाल सचिव, जितेन्द्र कुमार सिंह व पवन कुमार उपाध्यक्ष, धनंजय सिंह उपसचिव व मुकेश कुमार मेहता प्रबंधक चुने गए हैं। ललन कुमार सिंह ने बताया कि सभी अनुष्ठान प्राचीन बड़ा शिलालय प्रांगण में होगा। 16 नवंबर को काशी के कई विद्वान, आचार्य व महंत जलयात्रा, मंडप पूजन, मूर्ति अधिवास अनुष्ठान में भाग लेंगे। 20 को हवन व भंडारा होगा।

# मालगाड़ी की चपेट में आई बाइक कूद कर युवकों ने बचाई जान

**नवीन मेल संवाददाता**



**विश्रामपुर:** प्रखंड अंतर्गत लालगढ़ बिहार हॉल्ट के समीप रेल पटरी पार करते समय एक बाइक विद्युत इंजन की चपेट में आ गई। हादसे में बाइक सवार युवक बाल-बाल बचने में सफल रहे। जबकि उनकी बाइक पूरी तरह क्षतिगस्त ही गयी। जानकारी के अनुसार बाइक सवार युवक पटरी पार करते समय डाउन लाइन पर सामने से तेजी से मालगाड़ी को आते देख बाइक छोड़कर कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। चालक ने सूझबूझ कर परिचय देते हुए ब्रेक लगाकर मालगाड़ी को रोकने की कोशिश भी की। किंतु तबतक इंजन ने बाइक को चपेट में ले लिया। हॉल्ट होने से वहां कोई रेलकर्मी के नहीं होने के कारण रेल पुलिस गढ़वा रोड ने इसके बारे में अनभिज्ञता जताई है। वहीं स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि रेलवे की अदूरदर्शिता के कारण आए दिन बरवाडीह-गढ़वा रोड रेलखंड पर दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। लालगढ़ और इससे सटे पंजरीकला में वर्षो के संघर्ष के बाद अंतोगत्वा रेल अंडर पास निर्माण की स्वीकृति तो मिली है। किंतु अभी तक कार्य शुरू नहीं किये जाने से समस्या जस की तस बनी हुई है।

### दातानगर में मजार पर की चादरपोशी

**हुसैनाबाद।** शनिवार को झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डा. एम तौसीफ ने दातानगर स्थित दाता शाह की मजार पर चादरपोशी कर राज्य में अमन चैन, भाईचारगी व राज्य की उन्नति के लिए दुआएं मांगी। चादरपोशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक विभाग के केंद्रीय सचिव डा. एजाज आलम, नेहाल असगर, मोहम्मदगंज प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नदीम खान, मेहताब सिद्दीकी, इजहार अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## नप क्षेत्र के किसानों को भी मिले अनुदानित खाद-बीज : ऋषि पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** कांग्रेस के बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष ऋषि पांडेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बिश्रामपुर नगर परिषद के किसानों को भी अनुदानित खाद-बीज मुहैया कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रेषित पत्र में उन्होंने अवगत कराया है कि झारखंड सरकार हमेशा किसानों के हितों की रक्षा करती रही है। किसानों की भलाई हेतु कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। लेकिन तकनीकी कारणों के चलते बिश्रामपुर नगर परिषद के किसानों को सरकार के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जबकि नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्ड किसान बाहुल्य हैं। नगर परिषद क्षेत्र के कुल 32 गांवों में से 28 गांव पूर्णतः कृषि प्रधान हैं। क्षेत्र की अस्सी प्रतिशत आबादी किसान और मजदूर वर्ग का है।

## राजगीर-नालंदा के शैक्षणिक भ्रमण पर गुरुकूल के बच्चे



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा प्रखंड के पोलदा पिपरा स्थित गुरुकूल इंग्लिश स्कूल के 50 विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण पर राजगीर व नालंदा के लिए रवाना हुए। स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य भीमसेन प्रसाद ने बताया कि सुरक्षित बस से बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण ऐतिहासिक स्थलों के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों के मानसिक और बौद्धिक क्षमता का सर्वांगीण विकास करना है। समय-समय पर ऐसे आयोजन बच्चों में किताबी ज्ञान के अलावा बाहरी ज्ञान अर्जित करने में सहायक सिद्ध होगा। यात्रा में शिक्षिका सिंपल, पूजा, मनीषा, प्रीति, रिया, स्वाती, रानी जायसवाल, मधु कुमारी, ममता कुंवर के अलावे शिक्षक चंदा यादव, दीपक, कृष्ण यादव भीं शामिल हुए।

## नाम परिवर्तन

मैं शाहिद अख्तर पिता-मो. ईसलाम, ग्राम+पोस्ट- पेलावल, थाना- कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग, राज्य-झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में **Sakina Fatima** नाम अंकित है। जबकि एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में वर्ग-3 की छात्रा है। जिसमें मेरी पुत्री का पुराना नाम **Shayeeda Akhtar** एवं माता का नाम **Afsana Parween** अंकित हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का नया नाम **Sakina Fatima** और पुराना नाम **Shayeeda Akhtar** दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती है। जबकि मेरी पुत्री का आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में **Sakina Fatima** और माता का नाम **Afsana Parween** अंकित है। **Sakina Fatima** नया नाम है।

**शपथ पत्र संख्या : 44/23563 दिनांक : 01/11/2023**

### लोगों ने की पदाधिकारी पदस्थापित करने की मांग

# भगवान भरोसे चल रहा नावाबाजार प्रखंड सह अंचल कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता**



**नावाबाजार।** नावाबाजार प्रखंड भगवान भरोसे चल रहा है। यहां के लोगों का किसी प्रकार का कार्य नहीं हो रहा है। हर रोज प्रखंड सह अंचल कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। पड़वा प्रखंड के बीडीओ को नावाबाजार बीडीओ सह सीओ का अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य का निर्वहन किया जा रहा है। सरकार द्वारा नावाबाजार में किसी पदाधिकारी की पदस्थापना न कर विकास कार्य को प्रभावित किया जा रहा है। नावाबाजार प्रखंड के पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम ने उक्त आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि स्थाई पदस्थापना नहीं होने के कारण के कारण यहां के ऑपरेटर हीं पदाधिकारी बने बैठे हैं। अगर बात करें नावा बजार प्रखंड की तो इस प्रखंड के अंतर्गत आने वाले पंचायत ज्यादा जंगली इलाके में हैं। जिसमें ज्यादा संख्या में गरीब तबके के लोग निवास करते हैं। ऐसी स्थिति में प्रखंड विकास पदाधिकारी का होना अत्यंत ही जरूरी है। पड़वा प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को नावाबाजार बीडीओ सह अंचलाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य का निर्वहन किया जा रहा है। पड़वा प्रखंड में पदस्थापना होने के कारण उनका मूल पदाभार वाले स्थल पर अधिक समय देना लाजिमी है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तत्काल समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो नागरिक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

## कोइनवई में मनी मधु सिंह की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**सगालीम।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत बान्दुबार निवासी स्व०मधु सिंह व झारखण्ड सरकार के पूर्व भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री का कोनवाई बाजार के प्रांगण में शनिवार को स्मारक व तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई। पांकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी एवं पांकी अनुमंडल संघर्ष समिति के संयोजक लाल सूरज , कोनवाई पंचायत के मुखिया पति श्री वृजदेव सिंह,पंचायत समिति लक्ष्मण कुमार सिंह, प्रसिद्ध सिंह,बाबुलाल सिंह, छठन सिंह, राकेश कुमार सिंह, पांकी पश्चिमी जिला पार्षद श्रीमती निधि सिंह,अन्नपूर्णा सिंह,जलसहिया करूणा सिंह, रामबली सिंह, डाक्टर सत्यनारायण सिंह,बच्चु मवार साहब इत्यादि लोगों ने फूल माला अर्पित करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री मधु सिंह के संघर्षों को भुलाया नहीं जा सकता है। पूर्व मंत्री मधु सिंह त्याग और बलिदान के प्रतीक थे।इनके आंदोलन से ही पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता को शोषण से मुक्ति मिला।मधु सिंह ने अपने जीवन काल में गरीबों, शोषितों और वंचितों का मसीहा बनकर क्षेत्र में जन आंदोलन खड़ा करने का काम किया।

## नाम परिवर्तन

मैं शाहिद अख्तर पिता-मो. ईसलाम, ग्राम+पोस्ट-पेलावल, थाना-कटकमसांडी, जिला-हजारीबाग, राज्य-झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में Sughra Fatima नाम अंकित है। जबकि एमके डीएवी पब्लिक स्कूल में वर्ग-6 की छात्रा है। जिसमें मेरी पुत्री का पुराना नाम **Gajal Akhtar** अंकित हो गया है। जबकि नया नाम **Sughra Fatima** और पुराना नाम **Gajal Akhtar** दोनों नामों से मेरी पुत्री जानी एवं पहचानी जाती है। मेरी पुत्री का आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण पत्र में **Sughra Fatima** अंकित है। नया नाम **Sughra Fatima** है।

**शपथ पत्र संख्या : 44/23562 दिनांक : 01/11/2023**

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – **RDD/SD/LOHARDAGA/E-17/2023-24 PR No. 310081 Lohardaga (23-24)_D** द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाषित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.10.2023 | 08.11.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.11.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 16.11.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.11.2023 अपराह्न 03:00 बजे | 18.11.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 310638 (Lohardaga)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,लोहरदगा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय से आमंत्रित ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सं० – 01/2023-24/RWD/ LOHARDAGA दिनांक 27.10.2023 PR No. 310076 ( Lohardaga) 23-24*D द्वारा प्रकाशित ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना के क्रमांक– 2 में वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 04.11.2023 के स्थान पर 17.11.2023 ,क्रमांक– 3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 16.11.2023 अपराहन् 5.00 बजे के स्थान पर 29.11.2023 अपराहन् 5.00 बजे एवं क्रमांक– 4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.11.2023 अपराहन् 3.30 बजे के स्थान पर 01.12.2023 अपराहन् 3.30 बजे पढ़ा जाय।

अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा० का० वि०
कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 310634 Lohardaga(23-24).D

### सड़क दुर्घटना में दिहाड़ी मजदूर घायल



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर-पांकी रोड में शुक्रवार को जमुने गांव के समीप टेंपो की चपेट में आकर बाइक सवार सह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के दिदरी गांव निवासी दिहाड़ी मजदूर सोहर भुइयां (44) जख्मी हो गया है। स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर स्थिति में उसे मेदिनीनगर के एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया जहां इलाज जारी है। सोहर भुइयां ने बताया कि सुबह में वह मोटरसाइकिल से मेदिनीनगर काम करने आ रहे थे। इसी क्रम में सामने से टेंपो ने चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से परिजनों को सूचना दी। बाद में उसे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर के अनुसार वह अब खतरे से बाहर है।

## समाहरणालय, लातेहार
### (खेल शाखा)

पत्रांक– 176 /जि०खे० दिनांक– 02 /11/2023

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यकारी निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, रांची के पत्रांक–213 दिनांक 28.06.2023 के आलोक में खेलो इण्डिया सेन्टर (KIC) हेतू डे–वोर्डिंग एथलेटिक्स प्रशिक्षण केन्द्र में कुल 30 सुयोग्य खिलाडियों (15 बालक एवं 15 बालिका) का चयन ट्रायल किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

| क्र.सं. | आयोजन / कार्यक्रम का नाम | निर्धारित आयु सीमा | आयोजन स्थल | रिर्पोटिंग का समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खेलो इण्डिया चयन ट्रायल कार्यक्रम 2023–24 | 10 से 14 वर्ष तक (बालक / बालिका) | खेल स्टाडियम लातेहार | दिनांक 07.11.2023 से 08.11.2023 तक समय– पूर्वा० 09:00 बजे से |

नियम व शर्ते :–

1. आवेदक / खिलाडी लातेहार जिला मुख्यालय के 05 से 06 कि0मी0 दायर के अन्दर स्थायी निवासी होना चाहिए।
2. उक्त चयन ट्रायल में भाग लेने हेतू प्रतिभागी अपने साथ 1 पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ, आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाण–पत्र मूल एवं छायाप्रति लाना अनिवार्य है।
3. यह चयन ट्रायल निःशुल्क है एवं किसी प्रकार का कोई भत्ता देय नहीं होगा।
4. निबंधन हेतू आवेदक आयोजन स्थल के निबंधन काउण्टर से आवेदन प्रारूप प्राप्त करेंगे तथा उसी समय भरकर जमा करेंगें।
5. दिनांक 07 से 08 नवम्बर 2023 के पूर्वाह्न 09:00 बजे तक खेल स्टाडियम लातेहार में कोच श्री वाहिद अंसारी (मो0–8825125636) को रिर्पोटिंग करेंगें।
6. जिला समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

विश्वासभाजन
जिला खेल पदाधिकारी
लातेहार

PR 310611 District (23-24)_D

## न्यायालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, लातेहार

राजसात वाद संख्या–63 / 2023

नोटिस

बनाम्

1. पंकज साव पिता–नरेश साव,
   सा0–सरईडीह पोखरी, थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार
2. कृष्णा कुमार पे0–ललन साव,
   सा0–खुरा थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार।
3. पारस कुमार जयसवाल पिता–श्रवण जयसवाल,
   सा0–लंका खड़िया, थाना–बरवाडीह, जिला–लातेहार। :– विपक्षी

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पुलिस अधीक्षक, लातेहार द्वारा उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में 1. ट्रैक्टर रजि0 नं0– JH03Z-7049 के साथ बिना रजि0 नं0 का ट्रॉली 2. ट्रैक्टर रजि0 नं0– JH03A-1439 के साथ बिना रजि0 नं0 का ट्रॉली 3. ट्रैक्टर रजि0 नं0– JH19B-8675 के साथ बिना रजि0 नं0 का ट्रॉली को राजसात हेतु वाद दायर किया गया है। उक्त वाद की सुनवाई दिनांक 31.10.2023 को की गयी, जिसमें आपलोग अनुपस्थित पाये गये।

अतः आपलोगों को सूचित किया जाता है कि सुनवाई हेतु निर्धारित अगली तिथि 24.11.2023 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से नोटिस निर्गत किया गया।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 310651 District (23-24)_D

## DDC-cum-Member Secretary, DMFT, Latehar

**Expression of Interest Notice**

EOI reference no.: Dated:

Offline EOIs are invited for Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of Grid connected Rooftop SPV Power Plants of different capacities with monocrystalline Panel battery Backup including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnkey basis on Government Buildings anywhere in the district of Latehar by (DDC-CUM-MEMBER SECRETARY, DMFT, LATEHAR).

The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of Grid connected Roof top SPV Power Plants of different capacities with Polycrystalline Panel with battery Backup including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnkey basis on Government Buildings anywhere in the district of Latehar. |
| 2 | Contract period | Twelve months |
| 3 | EMD and Processing fee etc. | **5,00,000** In Favor of **Deputy Commissioner, LATEHAR** TenderFeesRs10,000INR(Non-Refundable) (DD in favour of **District Mineral Foundation Trust, Latehar**) |
| 4 | Last date & time for EOI Submission, original copies of Tender fee & EMD (Offline) | 21/11/2023 at 05:00 PM |
| 5 | Technical EOI Opening Date | 23/11/2023 at 11:30 AM |
| 6 | Name & address of office inviting EOI | DMFT Cell, Latehar |
| 7 | Place of opening of EOI | Chamber of DDC-cum-Member Secretary, DMFT |

**Complete EOI Document, terms & conditions are available on official website of the district:- https://latehar.nic.in/**

DDC-cum-Member Secretary,
DMFT, Latehar

PR 310654 (District) 23-24 (D)

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



'डंकी' के पोस्टर में शाहरुख अपने... पेज 10 पर

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 05 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-21 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## गागर में सागर

### फायरिंग मामले के आरोपितों ने किया सरेंडर, भेजे गए जेल

**रांची।** रांची के हरमू रोड के किशोरगंज चौक के पास फायरिंग मामले के सभी आरोपितों ने प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के के मिश्र की अदालत में शनिवार को सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने वालों आरोपितों में विकास कुमार उर्फ बोथा, विक्की जायसवाल, अरविंद कुमार जायसवाल उर्फ विक्की, आयुष भूमिहार, रितिक कुमार उर्फ अक्की और मंटू उर्फ सन्नी मेहता शामिल हैं। अदालत ने सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के किशोरगंज चौक के पास बीते 24 अक्टूबर की सुबह करीब चार बजे यह घटना हुई थी। अपराधियों ने मेला घूम कर आ रहे दिनेश सिंह को गोली मार दी थी। दिनेश सिंह के पेट में गोली लगी थी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गये थे। घटना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस की छापेमारी से परेशान होकर घटना में शामिल सभी आरोपितों ने सरेंडर कर दिया।

### सीआरपीएफ के सेवानिवृत डीजी के नाम से 77 हजार ठगी, केस दर्ज

**रांची।** हिंदपीढ़ी निवासी विश्वनील बोस से साइबर ठगों ने घरेलु सामान उपलब्ध कराने का झांसा देकर उनसे 77 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठग ने सीआरपीएफ अधिकारी बनकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। इस संबंध में विश्वनील बोस ने हिंदपीढ़ी थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। विश्वनील की ओर से दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उन्हें सीआरपीएफ महानिरीक्षक सेवानिवृत अरूण उरांव के नाम से एक नवंबर को एक व्यक्ति ने उन्हें फोन किया। कहा कि वह सीआरपीएफ कैंप से फोन बोल रहा हूं। सेवानिवृत डीजी अरूण उरांव घरेलु सामान की बिक्री करना चाहते हैं। इसके बाद ठग ने उन्हें उनके व्हाट्सएप पर सामानों की कुछ तस्वीरें भेजी। ठग के झांसे में आकर विश्वनील ने कुछ सामानों को खरीदने की इच्छा व्यक्त की। दर तय होने के बाद विश्वनील ने उन्हें गूगल पे के माध्यम से 50 हजार रुपए ठग को भुगतान किया। राशि लेने के बाद ठग ने 22 हजार और फिर पांच हजार रुपए ठग ने उनसे लिया। राशि लेने के बाद ठग ने अपना मोबाइल नंबर स्वीच ऑफ कर दिया। उन्हें यह समझ आ गया कि वह ठगी का शिकार हो गया है। इसके बाद तीन नवंबर को वह सीधे हिंदपीढ़ी थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### नौसेना हेलीकॉप्टर के रोटर ब्लेड से अधिकारी की मौत

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना के बेस आईएनएस गरुड़ के रनवे पर शनिवार को प्रशिक्षण के दौरान हुये हादसे में एक चेतक हेलीकॉप्टर का रोटर ब्लेड एक नौसेना अधिकारी को लग गया। हादसे में उनके मारे जाने की खबर है। सूत्रों के मुताबिक, घटना दोपहर करीब 2:30 बजे की है। कोच्चि हार्बर थाने के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें बताया गया है कि हेलीकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। हादसा उस समय हुआ जब हेलीकॉप्?टर रनवे पर उतर रहा था। पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹हमें बताया गया है कि रनवे पर मौजूद एक नौसेना अधिकारी की मौत हो गई है, जबकि विमान में सवार दो लोग घायल हो गए।

## आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023

इंग्लैंड - 253 /10 (48.1 ओवर)
आस्ट्रेलिया - 286/10 (49.3 ओवर)

न्यूजीलैंड - 401/6 (50ओवर)
पाकिस्तान - 200 /1 (25.3 ओवर)
डीएलएस विधि से 21 रन से जीता पाक

आज का मैच
भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका : (2:00 बजे से)

## थाना में आत्महत्या करने वालों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा, गृह विभाग ने दिया आदेश

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पुलिस थाना में आत्महत्या करने वाले तीन व्यक्तियों के परिजनों को मुआवजा मिलेगा। मानवाधिकार आयोग के अनुशंसा के बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक, दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना में आत्महत्या करने वाले आशीष टुडू और रांची जिले के अरगोड़ा थाना में आत्महत्या करने वाली पूजा कुमारी व गफ्फार आलम के आश्रितों को पांच-पांच लाख का मुआवजा दिया जायेगा। रांची के अरगोड़ा थाना में 14 मार्च 2016 को गोड्डा जिले की रहने वाली पूजा कुमारी और गफ्फार खान ने आत्महत्या की थी। गोड्डा पुलिस ने दोनों को हरमू से गिरफ्तार किया था और उन्हें अरगोड़ा थाने में रखा था। इससे पहले ही दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। हिरासत में लिये गये आशीष टुडू ने दुमका जिले शिकारीपाड़ा थाना के क्वार्टर में सात अगस्त 2019 की सुबह गमछा के सहारे फांसी लगा ली थी। पुलिस ने मलूटी के बेलबुनी गांव से पाकुड़ के जयराम भगत और आशीष टुडू को हिरासत में लिया था। जयराम को हाजत में और आशीष को थाना परिसर के एक क्वार्टर में रखा गया था। लेकिन अगले दिन सुबह आशीष फंदे से लटकता मिला था।

## मंदिर से दर्शन कर लौट रही महिला को बस ने कुचला, मौत

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** छतरपुर में शनिवार की सुबह मंदिर से दर्शन कर लौट रही महिला की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। खजुरी नौडीहा गांव निवासी चितरंजर सिंह की पत्नी ज्ञांति देवी (34) अपनी सास के साथ सुबह मॉर्निंग वाक के बाद मंदिर से भगवान का दर्शन कर लौट रही थी। इसी दौरान थाना गेट के सामने सिंह यात्री बस ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। बस के आगे का चक्का चढ़ जाने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। थाना के गेट पर तैनात संतरी ने बस को रोका. बस छत्तीसगढ़ के कोरबा से छतरपुर के रास्ते डेहरी ऑन सोन जा रही थी। घटना के बाद चालक व खलासी बस छोड़ कर फरार हो गए। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुआवजा और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। साढ़े चार घंटे तक सड़क जाम रहा। बीडीओ के समझाने के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया। पुलिस ने बस को जब्त कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भेज दिया है।

# तीन बच्चों के साथ पोखर में कूदी महिला, एक बच्चा बचा

## पलामू में घरेलू विवाद से तंग आकर दिया लोमहर्षक घटना को अंजाम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत करीमनडीह गांव के पसियाडीह टोला निवासी जवाहिर राम की पत्नी निर्मला देवी (30 वर्ष) ने घरेलू विवाद में अपने तीन बच्चों के साथ के पास पोखर में कूद गयी। चिकित्सकों के अथक प्रयास से एक बच्चे की जान बचाई जा सकी है। तीन बच्चों के साथ महिला के पोखर में कूदने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी को पोखर से बाहर निकाला। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. मंजूर आलम ने महिला निर्मला देवी, उनकी 8 वर्षीय पुत्री लाडली कुमारी व 6 वर्षीय पुत्र करण कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि 4 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार की स्थिति खतरे से बाहर है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया गया है। इस लोमहर्षक घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि निर्मला देवी के पति जवाहिर राम दो दिन पूर्व ही मजदूरी के लिए सिकंदराबाद गये हैं। महिला का परिवार के लोगों के साथ विवाद चल रहा था। शनिवार की सुबह करीब 8 बजे वह अपने तीनों बच्चों को लेकर घर से



मोकहर कला गांव की ओर निकली। उसने अपने बच्चों को पोखर में डाल कर खुद भी कूद गई। अंत में जिस बच्चे को महिला ने फेंका उसे ग्रामीणों ने तत्काल निकाल लिया। जिससे उसकी जान बच गई। जबकि महिला और दो बच्चों को ढूंढने में देर होने की वजह उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना से गांव में मातम छाया हुआ है। लोगों ने बताया कि घर में अक्सर लड़ाई होती थी। पति द्वारा महिला को समझा-बुझाकर शांत करा दिया जाता था। लेकिन इस बार पति की गैर मौजूदगी में महिला ने हाहाकारी कदम उठा लिया। घटना पर मुखिया नजमा खातून, पूर्व मुखिया सैफुल्ला खान समेत समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

### झारखंड में ईडी के अधिकारियों को जान का खतरा!

## बढ़ाई गई अधिकारियों की सुरक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में घपले-घोटाले की जांच कर रहे ईडी अधिकारियों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आरोपियों के द्वारा ईडी अफसरों के खिलाफ साजिश रचने की सूचना पर यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार इस संबंध में पुलिस मुख्यालय को भी पत्र लिखा गया है। कहा जा रहा है कि अब ईडी कई अधिकारियों को समन भेज सकती है।

झारखंड में जमीन घोटाला, अवैध खनन घोटाला समेत कई महत्वपूर्ण मामलों की जांच से जुड़े ईडी के अधिकारियों को न सिर्फ फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रची गई थी, बल्कि ईडी के दो अफसरों को तो नुकसान पहुंचाने के लिए आरोपियों ने झारखंड के एक गैंगस्टर से भी संपर्क साध लिया था। रांची जेल में बंद गैंगस्टर के एक गुर्गे से इस बाबत आरोपियों ने बैठकर प्लानिंग भी की थी। मामले की जानकारी हासिल होने के बाद ईडी के द्वारा शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी की गई। इससे पहले ईडी को यह भी जानकारी मिली थी कि ईडी के एक अफसर को धुर्वा में एसटी-एससी केस में आरोपित करने के बाद नए सिरे से गंभीर किस्म के आरोप में फंसाने की साजिश जेल से ही रची गई थी। सूचना यह भी है कि आरोपियों ने ईडी अफसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए पहले नक्सलियों से संपर्क किया था, लेकिन नक्सलियों ने इस मामले में पड़ने से साफ इंकार कर दिया था।

**सुरक्षा बढ़ाई गई :** वहीं, दूसरी तरफ मामला सामने आने के बाद ईडी के अधिकारियों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ईडी अफसरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को दी गई है। सूचना यह भी है कि इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा एक पत्र भी राज्य पुलिस को भेजा गया है, जिसमे ईडी अफसरों की सुरक्षा को लेकर निर्देश दिया गया है।ईडी के रडार पर जेल प्रशासनः सूत्र बताते है कि जेल में बंद आरोपियों को जेल प्रशासन के द्वारा भी मदद पहुंचाई जा रही थी। जेल में बंद आरोपी एप्पल के फेस टाइम एप के जरिए बाहर के लोगों के संपर्क में आए थे। इसी सूचना पर ईडी की टीम रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में शुक्रवार की शाम छापेमारी के लिए पहुंची थी। ईडी ने जेल में बंद आरोपियों के वार्ड को भी खंगाला था, लेकिन उस दौरान किसी के पास से मोबाइल नहीं मिला। इस दौरान आरोपियों से जेल के भीतर पूछताछ भी की गई। इससे पहले ईडी ने जमीन घोटाले से जुड़े ईसीआईआर में कोर्ट से जेल में छापेमारी संबंधित वारंट हासिल किया था।

## पुलिस ने हथियार के साथ दो सप्लायरों को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने हथियार के साथ घूम रहे दो आरोपियों को तमाड़ थाना क्षेत्र के विजयगिरी से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने एक पिस्टल के अलावा 16 गोली बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियों में तमाड़ के एमन पूर्ति और मुरहू निवासी कृष्ण मुंडा उर्फ रवि शामिल है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि शुक्रवार की देर रात दो अपराधियों द्वारा हथियार लेकर घूमने की जानकारी मिली। तमाड़ थानेदार अमित कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने विजयगिरी गांव के समीप चेकिंग अभियान शुरू की। रात करीब ढाई बजे एक बाइक पर सवार दो अपराधी आइआरबी कैंप की ओर से आते देखा गया। पुलिस को देखते ही दोनों अपराधी बाइक से भागने लगे। खदेड़कर पुलिस ने दोनों को कुछ ही दूर में दबोच लिया। तलाशी के दौरान एक के पास से पिस्टल और दूसरे के पास से 16 गोली बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह हथियार बिक्री करने के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने हथियार खरीदने वाले की भी पुलिस को जानकारी दी है। पुलिस उसकी जांच पड़ताल कर रही है।



## झारखंड में हर घर नल जल योजना की रफ्तार धीमी 34 लाख से अधिक घरों में नहीं पहुंचा नल का पानी

**रांची।** झारखंड के लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना शुरू से ही एक बड़ी समस्या रही है। ऐसे में राज्य के लोगों के घरों तक पाइप से पानी पहुंचाने की योजना काफी कारगर साबित होती। भारत सरकार ने स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपने फंड का उपयोग कर 2019 में हर घर नल जल योजना भी शुरू की है। लेकिन झारखंड में इस योजना की गति बहुत धीमी है।

राज्य में 61 लाख 69 हजार 152 घरों में नल का जल पहुंचाने का लक्ष्य है, लेकिन अब तक 27 लाख 62 हजार 359 घरों में ही नल जल का कनेक्शन दिया जा सका है। इसका मतलब यह है कि राज्य में करीब 34 लाख से अधिक घरों में 'हर घर, नल जल' योजना का कनेक्शन ही नहीं पहुंचा है।



जलमीनार की कमीः राजधानी रांची में भी इस योजना की गति काफी धीमी है। जानकारों का कहना है कि एक तरफ जहां राजधानी के कई इलाकों में घरों तक पाइप जल योजना नहीं पहुंची है, वहीं दूसरी तरफ राजधानी की बढ़ती आबादी के अनुरूप पर्याप्त संख्या में जलमीनार नहीं बनाये गये हैं। जबकि राज्य के शहरी क्षेत्रों की आबादी के लिए कम से कम 45 जल मीनार की आवश्यकता है, वहां लगभग 25 जल मीनार ही बनाये गये हैं। साल भर बाद भी नहीं पहुंचा पानीः राजधानी में 'हर घर नल जल योजना' की स्थिति का जायजा लेने जब ईटीवी भारत की टीम शहरी क्षेत्र के चापू टोली पहुंची तो पाया कि 'हर घर नल जल योजना' के पाइप और नल एक साल पहले लगाए गए थे। लेकिन आज तक इसमें पानी ही नहीं आया। वहां रहने वाली महिलाओं ने पेयजल की समस्या का जिक्र करते हुए कहा कि पास के बोरिंग से पानी लाना पड़ता है। अधिकांश हैंडपंप खराब हैं, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता। 2024 के अंत तक पहुंचा दिया जाएगा सभी घरों में पानीः राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने राज्य में हर घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना की गति धीमी होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि कोरोना के कारण हम दो साल पिछड़ गये। उन्होंने कहा कि नल जल योजना की पहुंच 04 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 50 प्रतिशत घरों तक पहुंच जाना एक उपलब्धि है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वर्ष 2024 के अंत तक राज्य के सभी घरों में पाइप के जरिये पीने का पानी पहुंचा दिया जायेगा।

### वर्ष 2004 में अलग-अलग सीटों से क्षेत्र के चार राजनेता पहुंचे थे लोकसभा

## राजनीतिक रूप से उर्वरा धरती है पलामू

अखिलेश चौबे

**मेदिनीनगर।** आर्थिक रूप से पिछड़े पलामू की धरती राजनीतिक रूप से बहुत ही उर्वरा है। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में पलामू क्षेत्र के चार राजनेता अलग-अलग संसदीय क्षेत्रों से जीतकर संसद की शोभा बढ़ा चुके हैं। ऐसा सौभाग्य देश के विरले ही क्षेत्र को प्राप्त है। दुर्भाग्य ही है कि जल, जंगल सहित तमाम बहुमूल्य खनिज संपदाओं को अपनी गर्भ में समेटे पलामू क्षेत्र आर्थिक रूप से आज भी पिछड़े की श्रेणी में है। नीति आयोग के आंकड़े में पलामू सहित प्रमंडल के गढ़वा व






लातेहार जिले को भी आकांक्षी जिले की श्रेणी में रखा गया है। इसके बाद भी पलामू की धरती राजनीतिक तौर पर काफी आगे है। पिछले दो बार से भले ही मोदी रथ पर सवार बिहार के बक्सर में जन्मे पूर्व आईपीएस बीडी राम लोकसभा में पलामू का प्रतिनिधित्व कर रहे हों। विपक्षी दलों के साथ-साथ भाजपा के अंदर खाने में भी बाहरी होने के कारण उनका विरोध भी होता रहा है। किंतु वर्ष 2004 में पलामू की धरा से जुड़े चार माननीयों ने झारखंड के अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया। इनमें मनोज कुमार भुईयां राजद से पलामू लोकसभा से जीते। वहीं यहीं के चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे धनबाद, सुबोधकांत सहाय रांची व वर्तमान में प्रदेश कैबिनेट के वरिष्ठ सदस्य डा. रामेश्वर उरांव लोहरदगा से कांग्रेस के टिकट पर विजयी होकर संसद पहुंचे। इसमें सुबोधकांत सहाय केंद्र सरकार में मंत्री भी बने। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में भी रांची से सुबोधकांत सहाय व चतरा से निर्दलीय चुनाव जीतकर झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी संसद की शोभा बढ़ा चुके हैं।

### केंद्रीय मंत्री सहित राज्यपाल रह चुके हैं भीष्म नारायण



इससे पूर्व छतरपुर के उदयगढ़ निवासी भीष्म नारायण सिंह केंद्र में खेलकूद व युवा मामलों के मंत्री रह चुके हैं। उन्हीं के कार्यकाल में भारत की राजधानी नई दिल्ली में 1982 में पहली बार एशियन गेम्स का आयोजन किया गया। वे सात राज्यों के राज्यपाल पद पर दायित्व निर्वहन किया था। क्षेत्रवासियों में भीष्म बाबू के नाम से लोकप्रिय भीष्म नारायण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के काफी करीबी रहे थे।

## मुंबई के व्यवसायी से पुराने एंटिक नोट देकर नौ लाख की ठगी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुंबई के बालाका सोसाइटी स्वास्तिक पार्क चेंबुर के रहने वाले व्यवसायी अजित पांडुरंग बागादा से रांची में पुराने नकली एंटिक नोट देकर उनसे करीब नौ लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। इस घटना को ठग ने अपनी बहन के साथ मिलकर अंजाम दिया है। इस संबंध में अजित ने अरगोड़ा थाने में फिरोज अंसारी के खिलाफ एक नवंबर को प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि अब तक आरोपी का पुलिस को कुछ पता नहीं चल पाया है।

**इधर,** अजित की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनकी आरोपी फिरोज के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने उनसे कहा था कि उसके पास पुराने इंडियन करेंसी का संग्रह है। 22 जुलाई 2023 को वह रांची पहुंचे और एक होटल में ठहरे। उन्होंने इसकी जानकारी आरोपी को भी दी और करेंसी का कलेक्शन लेकर बुलाया। शाम में आरोपी उनके होटल के कमरे में पहुंचे। उन्हें पुराने एंटिक नोट दिखाया। जिसमें से दस नोट को अजित ने पसंद किया और किमत की जानकारी ली। 8.77 लाख रुपए में दस नोट का सौदा तय हुआ। अजित ने तुरंत आरोपी और उसकी बहन साजिदा खातून के खाते में 6.36 लाख रुपए ट्रांसफर भी कर दिया। इसके अलावा एक सोने का सिक्का और चेन भी उसे दिया। नोट देने के बाद आरोपी सभी चीजों को लेकर चला गया।

### जांच में पता चला सारे नोट थे नकली

अजित ने पुलिस को बताया कि वह 24 जुलाई को रांची से मुंबई लौट गए। इसके बाद जब वह नोटों की जांच कराया तो पता चला कि सारे एंटिक नोट नकली है। यह जानकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने आरोपी को उसके मोबाइल नंबर पर फोन किया। उससे बातचीत भी हुई। फिर उसने उनका नंबर को ब्लॉक कर दिया। अजित कुछ दिन बाद फिर से रांची पहुंचे और आरोपी के दिए हुए पते पर गए। मगर आरोपी का पता भी फर्जी था। इसके बाद अजित उसी होटल में पहुंचे, जहां पर वह ठहरे हुए थे। इसके बाद अजित ने होटल से 22 जुलाई का फुटेज निकाला। जिसे पुलिस को सौंप दिया।

## गागर में सागर

### फूड फेस्ट में बच्चों ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत जंगीपुर स्टेशन रोड स्थित एमके इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को फूड फेस्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 9 तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इसका शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन डॉ अभिमन्यु सिंह सोनू ने किया। कार्यक्रम में बच्चों ने शुद्ध एवं स्वादिष्ट परंपरागत और पंजाबी इटालियन मैक्स किंग व्यंजन बनाये, जिन्हें देख लोग दंग रह गए। कार्यक्रम में बच्चों तथा अभिभावकों में काफी उत्साह दिखा। बच्चों ने इटली, डोसा, समोसा, चाऊमीन, चार्ट, पानीपुरी, मोमोज, पनीर चिल्ली, पनीर पकोड़ा, आलू कट, पकौड़ी, लिट्टी चोखा सहित विभिन्न तरह के व्यंजन स्टॉल लगाए गए थे। चेयरमैन ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की उद्यमशीलता, सांस्कृतिक प्रतिभा और पाककला को एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने विद्यार्थियों के उद्यम कौशल की प्रशंसा की और कहा कि ये विद्यार्थी नौकरी की लाइन में खड़े होने वालों में नहीं बल्कि सैकड़ों को रोजगार देने वाले उद्यमी बनेंगे। मौके पर प्रधानाचार्य डॉक्टर राय रोज, कोऑर्डिनेटर कृषाणु परूआ, कार्यक्रम समन्वयक अमृता सिंह, विजय कुमार गुप्ता, राजेश कुमार द्विवेदी, हरेंद्र यादव, सुनील कुमार, जितेंद्र प्रताप, सौरभ कुमार यादव, अद्दश्या कुमारी, खुशबू सिंह, खुशबू प्रजापति, मंगला पाल, कुमारी कंचन गुप्ता, रेणुका कुमारी, शिल्पा माइति, पायल कुमारी आदि मौजूद थे।

### सूर्य मंदिर कमेटी की बैठक आयोजित

**केतार।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा और दो दिवसीय मेला के सफल आयोजन को लेकर सूर्य नारायण वन में मंदिर विकास समिति की बैठक हुई। उक्त बैठक में मंदिर विकास समिति के द्वारा नारायण वन छठ घाट पर लाइटिंग व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग, स्नान के लिए झरना, सुरक्षा व्यवस्था, मंदिर परिसर की साफ-सफाई कराने पर विशेष रूप से चर्चा की गई ताकि छठ व्रतियों को छठ घाट पर किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े। उल्लेखनीय है कि नारायण वन छठ घाट पर छठ पर्व करने झारखंड के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ से हजारों की संख्या में छठ व्रती पहुंचते हैं। छठ पुजा के अवसर पर दो दिवसीय मेला भी लगता है। उक्त बैठक में अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, रामेश्वर प्रसाद सिंह अजय वर्मा, अरूण सिंह, शिव भरोष सिंह, नगीना बियार, सुरेंद्र सिंह, प्रवीण चंद्रवंशी, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

### बीआरसी कार्यालय में हुई जनसुनवाई

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय भवन में शनिवार को प्रखंड स्तरीय सोशल ऑडिट प्रमुख चंद्रावती देवी की अध्यक्षता में संपन्न हे। इसमें उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिवान टोला, नव प्राथमिक विद्यालय चंदवा टोला, मध्य विद्यालय मुकुंदपुर, जो प्राथमिक विद्यालय बक्शीपुर, प्राथमिक विद्यालय गुरूड, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मेंरौनी, मध्य विद्यालय बांसडीह कला, नव प्राथमिक विद्यालय लतमरवा और प्राथमिक विद्यालय मायर का जनसुनवाई को लेकर सभी उपस्थित थे। जनसुनवाई में कुछ मामलों का प्रखंड स्तर पर निपटारा किया गया। वहीं कुछ विद्यालयों का कुछ मामलों का जिला स्तरीय जनसुनवाई की जाएगी। इसमें ज्युरी सदस्य अमित कुमार, नामित सदस्य नवीन प्रकाश, बीईओ विजय पांडे, उप प्रमुख शंभू सिंह खरवार, सुर्य माला देवी, आपरेटर विजय कुमार गुप्ता, एकाउंटेंट अरूणेश गुप्ता सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

### युवाओं ने शुरू की छठ घाट की सफाई



**हरिहरपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व को लेकर मझिगवां गांव के युवाओं ने शनिवार को छठ घाट की साफ-सफाई प्रारंभ कर दी है। गांव के घटही नदी व निकट के तालाब के छठ घाट पर भास्कर युवा क्लब मझिगावां के सदस्य बीते तीन दिनों से लगातार छठ घाट की सफाई कर रहे हैं। छठ घाट पहुंच पथ की सफाई के साथ रास्ते में पड़ने वाले कचरे को भी साफ किया जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष रामप्यारी ठाकुर ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दीपावली से पहले छठ घाट की सफाई कर दें। उसके बाद सभी युवा निश्चित होकर त्योहार में घर के कामों में भी हाथ बटा सके। फिलहाल रास्ते की सफाई कर उसके कचड़े को हटाया जा रहा है। झाड़ी ज्यादा हो जाने की वजह से युवाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अध्यक्ष ने बताया कि तालाब में ज्यादा शैवाल हो गया है, जिसे श्रम दान के सहयोग से बाहर किया जा रहा है और नदी तथा तालाब के पास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। मौके पर टिंकू चौबे, प्रिंस चौबे, मुन्ना साह, संजय पासवान, इंद्रजीत राम, मिथलेश राम, रंजीत रजवार, वीरेंद्र, धर्मेंद्र, संतोष कुमार, रोहित, ओमप्रकाश रजवार, रोहित ठाकुर व वीरेंद्र पासवान आदि शामिल हैं।

# बलीगढ़ देवी धाम को क्षतिग्रस्त किए जाने पर भड़के ग्रामीण, सड़क जाम

## थाना प्रभारी के एक सप्ताह में आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर माने ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

थाना क्षेत्र के बलीगढ़ देवी धाम को असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त किए के जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को गढ़वा-शाहपुर सड़क को तिलदाग मोड़ पर जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका कहना था कि जब तक देवी धाम को क्षतिग्रस्त करने वाले लोगों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक उनका आंदोलन इसी तरह से चलता रहेगा। आक्रोशित ग्रामीणों ने एक घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। इसके कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण लोग काफी परेशान दिखे।

जाम की सूचना मिलने पर दल बल के साथ थाना प्रभारी केके साहू, महिला थाना प्रभारी रीना दास जाम स्थल पर पहुंचे। दोनों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण इस बात पर अड़े हुए थे कि



क्षतिग्रस्त करने वाले लोगों की अविलंब गिरफ्तारी होनी चाहिए। थाना प्रभारी ने एक सप्ताह के अंदर मामले की जांच करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम हटाया गया। मालूम हो कि गुरुवार की रात बलीगढ़ देवी धाम को कुछ लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था। सुबह इसको देखकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस दलबल के साथ बालीगढ़ गांव पहुंची। पूरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था, लेकिन उसके बाद भी ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया।

# विधायक भानु के विरुद्ध बयान देने पर जिपस रंजनी को मिली धमकी

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

विधायक भानु प्रताप शाही के विरुद्ध समाचार पत्र में बयान छपने पर भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा को धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जिपस रंजनी ने थाना में आवेदन देकर पूरे परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने एवं आरोपी चमन सिंह के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

थाना में सौंपे गये आवेदन में शर्मा ने कहा है कि उनके प्रयास से भवनाथपुर स्वास्थ्य केंद्र में लगाई गई डिजिटल एक्स-रे मशीन तथा अन्य विकास योजनाओं का श्रेय विधायक भानु प्रताप शाही स्वयं ले रहे हैं। इससे संबंधित उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विधायक से कुछ सवाल पूछे। इसी बात को लेकर विधायक भानु के इशारे पर भवनाथपुर निवासी मनोज सिंह के पुत्र चमन सिंह ने 3 अक्टूबर की शाम मोबाइल नंबर 7091093999 से फोन कर धमकी देते हुए कहा कि तुम भानु



**जिपस रंजनी ने थाना में आवेदन देकर पूरे परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने एवं आरोपी चमन सिंह के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की**

प्रताप शाही के खिलाफ बयानबाजी करती हो, इसके लिए तुम्हारे साथ-साथ तुम्हारे पूरे परिवार को बहुत बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं। इस संबंध में पूछे जाने पर भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि इससे संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# 'बेरोजगार युवा निबंधन कराकर रोजगार पाएं'



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में जेएसएलपीएस के तत्वाधान में शनिवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अंचल पदाधिकारी सुनील कुमार, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख गणेश प्रताप देव, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शैलेश चौबे तथा जेएसएल पीएस के जिला प्रबंधक नवल किशोर राजू ने किया।

इस मौके पर कुमार ने कहा कि बेरोजगार युवक, युवतियों के लिये यह सुनहरा अवसर है। रोजगार पाने के लिये बेरोजगार युवा निबंधन कराकर रोजगार पाएं और इस अवसर का लाभ उठाएं। रोजगार मेले में नगर उंटारी के बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ओएसएस फेसिलिटी सर्विस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आईएसएस एसडीबी सिक्योरिटी, पीवीटी एलटीडी, रीडसोसाइटी रांची की कंपनियां शामिल हुईं। रोजगार मेले में 350 बेरोजगार युवक, युवतियों का निबंधन किया गया। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम धनंजय कुमार, सामुदायिक संवन्यक योगेंद्र सिंह, भरत कुमार, संजय राम, निधि भारती, नीरज मिश्रा, प्रमोद कुमार, जाबिर अंसारी, धर्मेंद्र सिंह, सखी मंडल के सदस्य आदि उपस्थित थे।

# सांसद व विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

## भाजपा को वोट देकर केंद्र में मजबूत सरकार बनाने का लें संकल्प : बीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

सिंघिताली पटनीदामर मुख्य पथ से लेकर बेलपहाड़ी, पंडरिया, अधौरा होते हुए सिंदुरिया मुख्य पथ तक करीब 10 किमी तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास शनिवार को पलामू सांसद बीडी राम एवं क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने संयुक्त रूप से किया। उक्त सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से कराई जायेगा।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आज के दौर में भाजपा के जो भी कार्यकर्ता हैं, वे सभी सौभाग्यशाली हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के आर्थिक और सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रों में नित्य नई योजनाओं के साथ नीतियों और सिद्धांत पर कार्य हो रहा है। आगामी चुनाव में देश हित में भाजपा को वोट देकर केंद्र में मजबूत सरकार बनाने का संकल्प लें। कहा कि तुलसीदामर खदान को सेल सरेंडर नहीं करना चाहता था, लेकिन राज्य की झामुमो सरकार ने उक्त खदान का लीज नवीनीकरण पांच वर्ष के बदले मात्र एक वर्ष तक ही देने पर आमादा था। इस




कारण सेल प्रबंधन को उक्त खदान को सरेंडर करने पर विवश होना पड़ा। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार बनी तो भवनाथपुर सेल के खाली पड़ी 4 हजार एकड़ जमीन में भवनाथपुर को इंडस्ट्रीयल हब बनाया जायेगा। वहीं विधायक ने कहा कि यहां के पूर्वजों का वोट देते देते अंगूठा का निशान मिट गया था, लेकिन यहां सड़क का नमो निशान नहीं था। आज केंद्र सरकार के सहयोग से चार पंचायतों के 12 टोला में चमचमाती हुई सड़क का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। कहा कि इससे पहले 14 सांसद हुए पलामू में, लेकिन पिछली सीट पर बैठने के चलते वे प्रमंडल के विकास के हित में आवाज उठाने में असमर्थ साबित हुए। बीडी राम ने सांसद बनने के बाद विकास के क्षेत्र में प्रमंडल का कायाकल्प ही कर डाला। उन्होंने रांची से मुडिसेमर तक फोर लेन सड़क निर्माण, पूरे प्रमंडल में पाइप लाइन द्वारा किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने का काम किया। कार्यक्रम में सोना किशोर यादव, जिला उपाध्यक्ष उमेंद्र यादव, मधुलता, लक्ष्मण राम, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, शारदा महेश प्रताप देव, भगत दयानंद यादव, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव प्रसाद यादव, अनिल चौबे, मनोज पहाड़िया, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह उपस्थित थे।

# स्कूलों से प्राप्त 2326 प्रपत्र 6 की ऑनलाइन इंट्री अपूर्ण

## अनुमंडल पदाधिकारी ने की निर्वाचन कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडल कार्यालय के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत किये जा रहे निर्वाचन कार्यों की समीक्षा की। बैठक में विद्यालयों में अध्ययनरत वैसे छात्र जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो गई है या पूर्ण होगी का विद्यालय से प्राप्त प्रपत्र 6 की वापसी व ऑनलाइन इंट्री की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि विभिन्न विद्यालयों से 2326 प्रपत्र 6 प्राप्त हुये हैं, जिनकी ऑनलाइन इंट्री पूर्ण नहीं हुई है। एसडीओ ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को दो दिनों के अंदर अन्य कम्प्यूटर ऑपरेटर के माध्यम से उक्त प्रपत्रों की ऑनलाइन इंट्री कराने का निर्देश दिया।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के अंतर्गत अब तक प्राप्त प्रपत्र 6,7 व 8 की समीक्षा की गई। इसमें पाया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अब तक काफी कम 1300 प्रपत्र प्राप्त हुये हैं। उन्होंने सभी बीडीओ व बीएलओ



सुपरवाइजरों को विशेष अभियान के लिए निर्धारित तिथि 4 व 5 नवंबर को विशेष रूप से सभी योग्य व्यक्तियों का नाम जोड़ने के लिये बीएलओ एप के माध्यम से प्राप्त 6 एंट्री कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आदिम जनजाति व मुसहर जाति के सभी पात्र सदस्यों का नाम मतदाता सूची में निबंधन कराने का निर्देश दिया तथा विवरणी उपलब्ध कराने को कहा। स्थानांतरित, अनुपस्थित व मृत मतदाताओं की संख्या व उसके विलोपन सबंधी कार्रवाई का प्रतिवेदन तथा मृत मतदाताओं के मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गत किये जाने सबंधी प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीडीओ को वैसे मतदान केंद्र जिनके नाम मे आंशिक संशोधन की आवश्यकता हो का प्रतिवेदन दो दिनों के अंदर विहित प्रपत्र में दो दिनों के अंदर सबंधित सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी अजय कुमार तिर्की, भवनाथपुर बीडीओ नंद जी राम, सगमा बीडीओ सत्यम कुमार, डंडई बीडीओ राहुल कुमार सानू, रमना बीडीओ बासुदेव राय, बीडीओ खरौंधी सुनील कुमार, धुरकी बीडीओ जुल्फीकार अंसारी, विशुनपुरा बीडीओ हीरक मन्ना केरकट्टा, सभी प्रखंडों के पंचायत राज पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर, निर्वाचन विभाग के कम्प्यूटर ऑपरेटर कमल किशोर, उपेंद्र कुमार, अरविंद चंद्रवंशी, रोहित कुमार, आलोक कुमार आदि उपस्थित थे।

# चार साल से फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रंका**

प्रखंड के गोदरमाना भंडारिया मुख्य पथ पर पैसा एवं मोबाइल फोन लूट के चार साल से फरार चल रहे आरोपियों को रंका पुलिस ने पकड़कर न्याय हिरासत में भेज दिया है। उक्त 2019 की है, जिसमें शामिल प्राथमिक वारंटी गोलू गुप्ता (21), पिता ओमप्रकाश गुप्ता, शाकिन गोदरमाना, थाना रंका, जिला गढ़वा का रहने वाला है। वहीं दूसरे आरोपी मनीष लाल (20), पिता नंदू पाल, साकिन कृष्णा नगर, धमनी थाना त्रिकुंड, जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी शंकर प्रसाद ने बताया कि दोनों को न्यायिक हिरासत गढ़वा भेज दिया गया है।



### दो वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

**खरौंधी।** थाना प्रभारी पंकज सिंदूरिया के नेतृत्व में वारंटी एवं फिरारी के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के क्रम में वारंटी देवनारायण साव (40), पिता सुरेश एवं गंधु साव, पिता अमेरिका साव उर्फ कइलू साव दोनों ग्राम सिसरी थाना खरौंधी जिला गढ़वा को विधिवत गिरफ्तार करशनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## बदइंतजामी: महिला शौचालय महीनों से बंद, जिम्मेदारों को चिंता नहीं

# प्रखंड कार्यालय के शौचालय से आती है दुर्गंध

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

सरकार की ओर से जहां पूरे देश में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है मगर जहां से ग्राम पंचायतों में विकास का खाका खींचा जाता है, उस परिसर में बने शौचालय में गंदगी का अंबार लगा है। प्रखंड कार्यालय का शौचालय गंदगी से भरा पड़ा है, जिसे सफाई करने वाला कोई नहीं है। इसके कारण दिनभर पूरे कार्यालय में दुर्गंध फैला रहता है। बावजूद कार्यालय के अनुसेवक दिन भर ठसक बाजी में लगे रहते हैं।





प्रखंड कार्यालय के शौचालय की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के कारण प्रखंड कर्मियों के अलावा सात पंचायतों के विभिन्न गांवों से अपनी समस्याओं और अन्य कार्यों को लेकर ग्रामीण पहुंचते हैं। उन ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बीडीओ, बीपीओ, प्रमुख कक्ष, विधायक प्रतिनिधि कक्ष में उनके कार्यालय के बेस में शौचालय अच्छी स्थिति में उपलब्ध हैं, परंतु आम लोगों और अन्य कर्मियों के लिए बने शौचालय की साफ-सफाई नहीं होती है। वहीं अंचल और प्रखंड भवन में महिलाओं के लिए बने शौचालय में महीनों से ताला लटक रहा है, लेकिन जिम्मेदारों को इसकी चिंता नहीं है। इस संबंध में जिप सदस्य सह विधायक ज्वाला प्रसाद ने कहा कि प्रखंड कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते हैं, शौचालय में गंदगी और ताला बंद रहने से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है। प्रखंड प्रशासन को नियमित रूप से शौचालय की साफ-सफाई करनी चाहिए।

# ग्रामीण बैंक ने मृतक के आश्रित को सौंपा 2 लाख रुपये का चेक

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड मुख्यालय स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक शाखा की ओर से शनिवार को मृतक के आश्रित साहिबा बीबी को 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। शाखा प्रबंधक संजीत कुमार ने कहा कि आश्रित के पति दस्तगीर अंसारी, पिता अकबर अंसारी ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख का बीमा कराया था। उनकी मृत्यु हो जाने पर बीमा के नॉमिनी को आज उक्त राशि का चेक देने का काम किया गया। साथ ही कहा कि आम अवाम के लिए भी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक कवच के समान है। शाखा प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक ऐसे 5 से 7 बीमा धारकों के नॉमिनियों को 2 लाख का चेक देने का काम किया गया है। मौके पर कैशियर मुकेश कुमार सिंह, बैंक सखी रंभा देवी के साथ-साथ बड़ी संख्या में बैंक के ग्राहक उपस्थित थे।



# परसोडीह पंचायत के पूर्व सरपंच का निधन

**केतार।** प्रखंड के परसोडीह पंचायत के पूर्व सरपंच व समाजसेवी अजय वर्मा के पिता वीरझन वर्मा (95) का निधन शुक्रवार की रात्रि में हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के ही पंडा नदी तट पर किया गया। वीरझन वर्मा 1970-95 तक परसोडीह के सरपंच रहे। वे डॉ. राम मनोहर लोहिया, पूर्व मंत्री लाल हेमेंद्र प्रताप, गिरवर पांडे के साथ राजनीति में सक्रिय थे। गरीबों को सरकारी भूमि पर कब्जा दिलवाने के क्रम में उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। विधायक भानु प्रताप शाही, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, मुक्तेश्वर पांडे, पंकज सिंह, जिपस ज्वाला प्रसाद, रंजनी शर्मा, धर्मराज पासवान मुखिया मूंगा साह ने आदि शोक व्यक्त किया।

## गागर में सागर

### भाकपा नेताओं ने किया तरहसी गांव का दौरा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, अभय कुमार भुइंया व मृत्युंजय तिवारी ने शनिवार को तरहसी अंचल का दौरा किया। इस दौरान आगामी 9 नवंबर को पलामू उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन एवं घेराव में अधिकाधिक शामिल होने के लिए लोगों का आह्वान किया गया। जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि तरहसी अंचल सहित पूरे पलामू जिले में भ्रष्टाचार व्याप्त है। पलामू की जनता विगत 2 वर्षों से अकाल का दंश झेल रही है। वहीं छात्र-नौजवानों के समक्ष बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या बन गई है। किसानों के खेत में ना पानी है ना ही मजदूरों के पास कोई काम। राशन की कालाबाजारी चरम पर है। वहीं एक साल से बंद पड़े बालू के उठान के चलते हजारों दिहाड़ी मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। जिले में फर्जी तरीकों से दर्जनों पत्थर लीज चल रहे हैं। लेकिन इस ओर किसी भी जनप्रतिनिधि का कोई ध्यान नहीं है। आम जनता दोहरी जीएसटी के मार के चलते महंगाई का बोझ झेल रही है। ऐसी स्थिति में आम जनता के पास संघर्ष के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया है। मौके पर वरिष्ठ नेता मनाजरूल हक, तरहसी के अंचल सचिव पुरनचंद साव, सोनू खान, विरेन्द्र सिंह, रामबदेश भुइंया, बुधन शर्मा उपस्थित थे।

### संत मरियम विद्यालय में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय में सीबीएसई नियमावली के तहत स्कूल के शिक्षकों का प्रशिक्षण शनिवार से प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव व प्राचार्य कुमार आदर्श की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। मौके पर प्रशिक्षिका (प्रवक्ता) के रूप में धनबाद से आई हिन्दी शिक्षिका विनिता विजय व स्थानीय ब्राइटलैंड स्कूल की अंग्रेजी शिक्षिका रबिना कुमारी ने अध्यापक-अध्यापिकाओं को उपयोगी जानकारी दी। प्राचार्य ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा की नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में बदलाव होना आवश्यक है ऐसा होने पर ही बच्चे वर्तमान तथा भविष्य की चुनौतियों का सामना सरल तरीके से कर पाएंगे।

### ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात व्यक्ति की मौत



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन स्थित जोगियाही पुल के समीप रेलवे पटरी पर ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी टीओपी 2 प्रभारी सुधीर सिंह को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। इस संबंध में सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्तगी की कवायद की जा रही है।

### कैंडल मार्च निकाल छात्र-छात्राओं ने दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** रांची रिम्स में डा. मदन कुमार की रहस्यमय स्थिति में मौत पर मेदिनीनगर मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं ने शनिवार की शाम को कैंडिल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। परिसर में निकले कैंडिल मार्च में 350 से ज्यादा छात्र -छात्राओं ने सहभागिता की। हम एक पेशे के हैं। हम एक हैं। हम जीवन बचाते हैं व हमारे जीवन को भी बचाया जाए आदि नारे लिखे तख्तियां लिये छात्र-छात्राओं ने पूरे परिसर का भ्रमण किया। उन्होंने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।

# नगर आयुक्त ने छठ घाट की साफ-सफाई का किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर आयुक्त सह प्रशासक नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में लोक आस्था के महापर्व छठ के मद्देनजर व्यापक तैयारी करने हेतु छठ घाट की सफाई, समतलीकरण, झाड़ियो की कटाई, रास्ते का समतलीकरण आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया। मातहतों को युद्ध स्तर पर अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि साफ-सफाई के साथ तालाब में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग, वस्त्र बदलने हेतु अस्थाई कक्ष, प्रकाश व्यवस्था आदि का भी मुकम्मल प्रबंध किया जाए। नगर आयुक्त द्वारा इस दौरान पम्पू कल घाट, निराला घाट, सार्वजनिक घाट, इंसानियत घाट, चित्रगुप्त घाट, कोयल नदी तटीय घाट का निरीक्षण किया गया।

### पुल से नीचे फेंके जाने की आशंका

# कोयल नदी में गिरे दो साल के बच्चे का किया गया रेस्क्यू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के ऊंटारी रोड बंजारी कोयल नदी से दो साल के बच्चे का पुलिस द्वारा रेस्क्यू किया गया है। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने बच्चे को पानी से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। बाल कल्याण समिति को इसकी जानकारी देकर पुलिस बच्चे की पहचान की कोशिश में जुट गई है। ऐसी आशंका है कि शुक्रवार रात को किसी ने बच्चे को पुल से नीचे नदी में फेंक दिया होगा। उंटारी रोड के इलाके में शुक्रवार की शाम कुछ लोग कोयल नदी पर बने पुल से गुजर रहे थे। इसी क्रम में उन्हें एक बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने देखा कि एक बच्चा पुल के नीचे पानी में लगातार रो रहा है। लोगों द्वारा शोर मचाए जाने के बाद वहां भारी भीड़ एकत्रित हो गई। तत्काल



इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व बच्चे के रेस्क्यू में जुट गई। बताया जाता है कि जिस जगह बच्चे को फेंका गया था। वहां पानी काफी छिछला है। इसलिए बच्चा पानी के तेज बहाव में आने से बच गया। पुलिस ने बच्चे को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों ने उसे स्वस्थ बताया है। रेस्क्यू किया गया बच्चा दो साल का लड़का है। समाचार लिखे जाने तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। उंटारी रोड थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र महतो ने बताया कि कोयल नदी से रेस्क्यू किये गये बच्चे की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। आसपास के ग्रामीणों से जानकारी हासिल की जा रही है। पदाधिकारी ने आशंका जताई है कि ऐसा लगता है किसी ने इसे पुल से नीचे नदी में फेंक दिया है। संयोग अच्छा रहा कि अंधेरा होने से पहले ही पुलिस को सूचना मिल गई। जिससे उसे बचा लिया गया। बच्चे को बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया जा रहा है। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

### बाल विवाह को लेकर मीडियाकर्मियों के लिये कार्यशाला

# बाल विवाह रोकने में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण: नीता चौहान

**बाल विवाह आज भी हमारे समाज में मौजूद है जो कि कहीं से सही नहीं है : जिला समाज कल्याण पदाधिकारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को समाहरणालय के ब्लॉक सी के सभागार में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत मीडियाकर्मियों के बीच उन्मुखीकरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने सभी मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। कहा कि



मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। इस नाते बाल विवाह को रोकने में मीडिया की भी उतनी ही जिम्मेवारी है, जितना प्रशासन का है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह आज भी हमारे समाज में मौजूद है जो कि कहीं से सही नहीं है। बाल विवाह को लेकर आमजनों के बीच व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से जुड़ी शिकायत के लिए चाइल्ड लाइन के नंबर 1098 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बाल विवाह के संबंध में मीडिया के दायित्वों व बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानूनों में मीडिया से संबंधित महत्वपूर्ण प्रावधानों के विषय पर चर्चा की। मौके पर संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश कुमार भी उपस्थित थे।

# मनिका विधायक ने न्यास को भेंट की पुस्तक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने अमीन रहबर द्वारा रचित पुस्तक पलामू किला व राजा मेदिनी राय नामक पुस्तक को राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास के अध्यक्ष अर्जुन सिंह को भेंट किया। विदित हो कि उपरोक्त पुस्तक में रहबर ने पलामू किला व राजा मेदिनी राय के बारे में विशेष रूप से उल्लेखित किया है। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने पोलपोल में अर्जुन सिंह समेत दर्जनों लोगों को पुस्तक की प्रति भेंट की। उन्होंने कहा कि आदिवासी राजा मेदिनी राय हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनकी जीवनी से हमसभी को सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही दुबियाखाड़ में राजा मेदिनीराय द्वार बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए काम चालू हो गया हैं। इस मौके पर भरदुल सिंह, विपिन सिंह, शम्भू प्रसाद, मंटू प्रसाद, डा. शमीम अंसारी, अब्दुल अजीज अंसारी, सोनू गुप्ता, इम्तेयाज अंसारी उपस्थित थे।

### सरकार से समाधान कराने का दिया आश्वासन

# अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य ने सुनीं ग्रामीणों की समस्यायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य व कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डा. एम तौशीफ के शनिवार को हैदरनगर पहुंचते ही प्रखंड के विभिन्न गांवों में फूल माला व बुके देकर उनका भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने प्रखंड की कई समस्याओं से भी उन्हे अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों और स्कूलों में शिक्षकों की कमी से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डा. तौशीफ ने गंभीरतापूर्वक उनकी समस्याओं को सुना व शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने महागठबंधन सरकार की कल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देते हुए इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को उठाने का आह्वान किया। उन्होंने आम लोगों को योजनाओं से जोड़ने के लिए महागठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं को आगे आने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि पलामू लोक सभा में महागठबंधन पूरे दमखम के साथ चुनाव में उम्मीदवार उतारेगी। उन्होंने कार्यकताओं को राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराने के साथ साथ केंद्र सरकार की विफलताओं की विफलताओं का उजागर करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय सांसद ने पलामू संसदीय क्षेत्र को छलने का काम किया है। अपने कार्यकाल में केंद्र की योजनाओं को लाने में रुचि नहीं ली। पलामू प्रमंडल से एक भी वंदे भारत ट्रेन की सुविधा नहीं दिलाई। पलामू में रेल सेवाओं का खस्ता हाल है। रेलवे ने अपनी विश्वसनीयता भी खो दी है। मौके पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष नदीम खान, महताब सिद्दीकी, अजीज, उपेंद्र पासवान, खुर्शीद खान, परवेज अहमद, नसीम खान आदि उपास्थित थे।

### डा. ईश्वर सागर ने परिजों को दी सांत्वाना

**उंटारी रोड।** प्रखंड के ग्राम सलखनी निवासी महेश विश्वकर्मा का निधन 3 नवंबर को ट्रैक्टर से धक्का लगने के वजह से हो गया था। वे परिवार के इकलौते कमाउ सदस्य थे। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी दिल्ली से वापस लौटते ही उनके घर पहुंचे। कार्यकर्ताओं के साथ मृतक के परिजनों से मिल उन्हें सांत्वना दी। परिजनों से मिलकर उन्होंने उनका कुशल क्षेम पूछते हुए ढांढस बंधाया। श्री चंद्रवंशी ने आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए कहा कि हम हर समय आप लोग के साथ है। किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर वे तत्काल संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर सहित मंडल के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### मंदिर निर्माण से सनातन पद्धति और होगी मजबूत

# परशुराम मंदिर निर्माण में सभी सनातनियों का मिल रहा सहयोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू की धरती पर झारखण्ड के पहले परशुराम मंदिर का निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव द्वारा कराया जा रहा है। इसमें झारखण्ड के साथ-साथ दूसरे राज्यों एवं सभी वर्गों से बढ़चढ़ कर सहयोग मिल रहा है। उसी का नतीजा है कि सात महीने के अंदर ही मंदिर की प्लींथ व छत की ढ़लाई होने के साथ बीते मंगलवार से गुम्बद निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंदिर में 5 गुम्बदों का निर्माण कराया जाना हैं जो कि 71, 21,15 व 11 फीट के होंगे। मंदिर निर्माण से पूरे झारखण्ड के सनातन धर्म के लोगों के बीच उत्साह एवं कौतूहल देखने को मिल रही है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक कमलेश शुक्ला ने कहा कि अब स्वयं सेवक घर-घर झोली फैलाएंगे, मंदिर भव्य बनाएंगे अभियान को लेकर धरातल पर उतर आये हैं। अजय तिवारी अकेला का कहना है कि अपनी सभ्यता और संस्कृति की रक्षा के लोगों को खुद से आगे आना चाहिए। झारखण्ड प्रदेश के संरक्षक मुकेश तिवारी ने कहा कि अभियान के तहत रोज एक टोली लोगों के घर पहुंच रही है। जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला, प्रदेश पर्यवेक्षक अभिषेक तिवारी, बसंत तिवारी, परमेश तिवारी, आशुतोष तिवारी, अंकित पांडे, धमाचार्य रमेश पांडे, अरविंद पांडे, चंदन शुक्ला, करन कांत तिवारी, रितिक चौबे, सुभाष दुबे, संजय दुबे, नवनीत शुक्ला अभिषेक पांडे, बिटू पांडे, पींकू उपाध्याय आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

# बहाली की मांग को लेकर धरना 9 को, झाक्रांमं ने किया ऐलान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह मजदूर नेता गिरिजा प्रसाद विश्वकर्मा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के केन्द्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता व जिलाध्यक्ष विजय राम ने कहा कि पूर्व में मिले आश्वासन के अनुसार एससी वर्ग की बहाली की मांग को लेकर 9 नवंबर को धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के गरीब महेश्वर मोची सहित अन्य दलितों की जमीन लेकर उस पर पीएचईडी के डब्ल्यूपीटीईएसआर के तहत जलापूर्ति संयंत्र स्थापित किया गया था। इससे प्रभावित महेश्वर मोची को वाल्व खोलने व बन्द करने के कार्य पर दो वर्ष सेवा भी लिया गया। किंतु अब उन्हें कार्य से मुक्त कर दिया गया है। इसके विरोध में मंच ने 9 नवम्बर को नवादा (पाटन) स्थित जलापूर्ति संयंत्र प्रांगण में एक दिवसीय धरना देगा। इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### जयपुर में मिला गुमशुदा किशोर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के दो नंबर टाउन निवासी स्व. नागेंद्र चंद्रवंशी का पुत्र प्रियांशु पिछले कुछ दिनों से अपने घर से लापता था। परिजनों की सूचना पर शहर थाना के मुंशी कालिंदी कुमार ने टाइगर मोबाइल के जवान इसरार खान व विनोद कुमार यादव को इसकी जानकारी दी। दोनों जवान तत्काल हरकत में आकर बच्चे की खोजबीन में जुट गये। इस दौरान पता चला कि गुमशुदा किशोर 2 महीना पहले अपने चाचा के पास जयपुर गया हुआ था। वहीं से वह लापता हुआ है। नये सिरे से खोजबीन करने पर किशोर के जयपुर रेलवे स्टेशन जीआरपी थाना में होना पाया गया। तब जाकर परिजनों ने राहत की सांस ली।

### आशंका | आईजी ने कहा सुरक्षा बल सावधानी पूर्वक कर रहे तलाशी

# बूढ़ा पहाड़: अभी भी हो सकते हैं माओवादियों के हथियार व गोला बारूद

**ज्यादा दिन नहीं बच सकता रविंद्र गंझू**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बूढ़ा पहाड़ अब स्वतंत्र है व सुरक्षा बलों के पूरी तरह से नियंत्रण में है। पर यह आशंका है कि यहां से भागे माओवादियों द्वारा छुपाया गया हथियार व गोला-बारूद अभी भी बूढ़ा पहाड़ में मौजूद हो सकता है। पलामू रेंज के आईजी आरके लकड़ा ने ने कहा कि सुरक्षा बलों को यह अंदेशा है कि अब भी बूढ़ा पहाड़ के दुर्गम इलाकों में माओवादियों द्वारा छुपाए गए हथियार और गोला, बारूद मौजूद है। उन्होंने कहा कि हम यह महसूस करते हैं कि जिस रफ्तार से माओवादी सुरक्षा बलों के बढ़ते दबाव के कारण बूढ़ा पहाड़ से भागे वे अपने



सभी हथियार और गोला बारूद को नहीं ले जा सके होंगे। तलाशी के दौरान सुरक्षा वालों ने 26 हथियार सहित ढेर सारा बारूद व लैंड माइंड्स बरामद किया था। लेकिन यह कहना मुश्किल होगा कि क्या अब बूढ़ा पहाड़ के दुर्गम क्षेत्र में हथियार या बारूद छुपा कर नहीं रखे गए होंगे। सुरक्षा बल निरंतर कोशिश कर रहे हैं कि यदि ऐसा कोई डम्प छुपा कर माओवादी भागे हैं उसे खोज निकाला जाए। आईजी ने कहा कि हम यह दावा नहीं करते कि उग्रवाद की समस्या इस क्षेत्र में पूरी तरह से समाप्त हो गई है। आज भी उनके बचे कुछ लोग लातेहार, नेतरहाट, लोहरदगा, गुमला के इर्द-गिर्द मौजूद है। जिनकी खोज जारी है। पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद अभी तक माओवादियों का सबसे बड़ा कैडर रविंद्र गंजू पकड़ से बाहर है। किंतु अब ज्यादा दिन तक वह नहीं बच सकता। समय आ चुका है कि वह आत्म समर्पण कर दे। अन्यथा पुलिस की पकड़ से बच नहीं पाएगा।

### कुशवाहा समाज के बयान की निंदा



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिन सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने हिंदू न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव तिवारी को कुशवाहा समाज द्वारा पांकी एवं पलामू सहित अन्य जगहों पर नहीं घुसने संबंधी बयान की तीखी निंदा की है। उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज आपसी भाईचारा एवं प्रेम बनाये रखने में अग्रणी भूमिका निभाता है। यदि कोई भी सामाजिक सौहार्द बिगड़ने का काम करता है तो इसके लिए कानून संगत कार्रवाई अवश्य होनी चाहिए। अनर्गल बयान बाजी कर समाज में जहर फैलाने का काम नहीं करना चाहिए।

# हिंदू जागरण मंच की बैठक में सनातनी हितों की रक्षा पर चर्चा




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय गीता भवन में शनिवार को हिंदू जागरण मंच की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डा. सुमन मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सनातनी हितों की रक्षा एवं जागरूकता से जुड़ी विषयों पर चर्चा की गई। हिंदू जागरण मंच के क्षेत्रीय संगठन मंत्री द्वारा शहर में आयोजित होने वाले देवकीनंदन जी महाराज के कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दिया गया। कहा गया कि अधिक अधिक लोग महायज्ञ में शामिल होकर श्रीमदभागवत गीता के बारे में जनकारी प्राप्त करें। बैठक में मुख्य रूप से संदीप कुमार दास, मनीष कुमार सिंह, विवेक चौबे अखण्ड राष्ट्रीय हिंदू सेना के विभाग अध्यक्ष शशिभूषण मिश्रा, उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, शशिकुमार, मातृ शक्ति किरण अग्रवाल, अभिषेक राज, आकाश कुमार, सन्तु चंद्रवंशी, संजय वर्मन, दिवाकर सिंह, मनीष वर्मन, सौरभ पांडे, मनीष भिमानिया, सौरव कुमार कर्ण, राजा सहाय, पंकज, राहुल सिंह, सुमन अग्रवाल शैलेन्द्र सिंह, चिंटू गुप्ता, ब्रजेश सिंह, रंजीत चंद्रवंशी, राजन सिंह उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### घाघरा में एकता दिवस के समापन पर 'रन फॉर यूनिटी' का हुआ आयोजन




**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस के समापन पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना परिषर में एसआई निर्मल महतो ने इसका उद्घाटन किया। दौड़ घाघरा थाना परिषर से प्रारंभ होकर चांदनी चौक घाघरा तक आयोजित की गई। विगत एक सप्ताह से राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्राएं एवं शिक्षक सद्भावना हेतु एकता का शपथ, एक नवंबर को विद्यालय में कक्षा छठवीं से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन, 2 नवंबर को छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, 3 नवंबर को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और शनिवार को समापन अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत पाठक, उपप्राचार्य शरद पांडे, संजू, विनीता सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

### लोहरदगा में आज आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे मंत्री-सांसद

**लोहरदगा।** विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू रविवार को लोहरदगा जिले के विभिन्न कार्यक्रम में शामिल होंगे। सबसे पहले विधायक निधि से निर्मित बीएस कॉलेज में पुस्तकालय भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत लोहरदगा जिले में जुरिया, तिगरा, लालपुर से अरकोसा पथ का शिलान्यास करेंगे। सेनहा प्रखंड के नंदगांव में फुटबॉल फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण गठबंधन दल के नेतागण उक्त तिथि को निर्धारित समय पर अवश्य पधारें।

### श्रम अधीक्षक ने सीजेएम की अदालत में हिंडाल्को पर दायर किया मुकदमा

**लोहरदगा।** मोटर परिवहन कामगार अधिनियम 1961 के तहत जितने भी लोहरदगा जिला में कमर्शियल गाड़ी संचालित है सभी गाड़ी का निबंधन इस एक्ट के तहत करने का प्रावधान है तथा ड्राइवर एवं हेल्पर को वर्षा एवं सर्दी के मौसम में उसी के अनुकूलित वस्त्र देने का प्रावधान है। ड्राइवर से 8 घंटे से अधिक कार्य कराया जाता है तो दुगुना राशि भुगतान करेंगे तथा सभी ड्राइवर हेल्पर को ड्रेस उपलब्ध कराएंगे एवं उसकी धुलाई भत्ता का खर्च वहन नियोजक के द्वारा किया जाएगा। वैसे नियोजक जो इस नियम के तहत अपने गाड़ी का निबंधन नहीं कराए हैं उनको निर्देश दिया जा रहा है की निबंधन कराएं। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, सुबोध प्रसाद, शालू ट्रांसपोर्ट एंड एसोसिएट एवं कृष्ण प्रसाद साहू नियोजक/ प्रतिष्ठानों को मोटर परिवहन कामगार अधिनियम 1961 के तहत निबंधन करने का लगातार निर्देश दिया जा रहा था लेकिन उनके द्वारा निबंधन नहीं कराये जाने के कारण श्रम अधीक्षक लोहरदगा के द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लोहरदगा के पास मुकदमा दायर कर दिया गया है। इसकी जानकारी श्रम अधीक्षक दिनेश भगत द्वारा दी गई है।



### लोहरदगा में कंस्ट्रक्शन कंपनी से 10 लाख की मांगी थी लेवी

# टीपीसी के नक्सली को पलामू से किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के नक्सली कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव को पलामू से गिरफ्तार कर लोहरदगा जेल भेज दिया है। इसके विरुद्ध पेशरार थाने में मामला दर्ज किया गया है। इस संदर्भ में एसपी हारिश बिन जमां ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पेशरार थाना क्षेत्र में हाई लेवल ब्रिज निर्माण कर रही प्राइवेट कंपनी राइट वे कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के संवेदक से दस लाख रुपये की लेवी मांगी गई थी। यह लेवी प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीपीसी के जोनल कमांडर प्रभात जी और विकास जी के कहने पर मांगी गई थी। कांड के वादी संतोष प्रसाद के आवेदन के मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बीते शुक्रवार की रात्रि में टीम ने पलामू जिला के पिपराटांड थाना पुलिस की सहायता से ग्राम बिदरा पहुंचकर सशस्त्र बल की सहायता से एक घर का घेराबंदी करते हुए विधिवत छापामारी की। इस क्रम घर पर एक व्यक्ति मिला, जिसने अपना नाम-पता कुलेश्वर कुमार यादव उर्फ डिटोल यादव बताया और अपना अपराध स्वीकार किया। व्यक्ति से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।




### तेज रफ्तार हाईवा की चपेट में आकर अधेड़ की मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना के गाड़ियाटोली निवासी लच्छू उरांव (50) की मौत शनिवार को तड़के हाईवा की चपेट में आने से हो गयी। मृतक लच्छू के पुत्र इंद्रनाथ उरांव ने बताया कि उसके पिता पांच बजे सुबह शौच के लिए जा रहे थे और सड़क पार करने के क्रम में तेज गति से आ रहे हाईवा ने लच्छू को चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना के बाद चालक करमचंद उरांव गाड़ी के साथ तुरियाडीह की ओर भाग निकला।

घटना के बाद ग्रामीण एकजुट हो हाईवा तक पहुंचे। बताया जा रहा है कि उक्त हाईवा तुरियाडीह में बन रही कालीकरण सड़क निर्माण कार्य में लगा था। इधर घटना की सूचना पर घाघरा पुलिस ने हाईवा एवं चालक के कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। सड़क दुर्घटना में लच्छू उरांव की असामयिक मौत होने से उनके परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोगों ने घर पर स्वजनों को ढांढस बंधाया

## वनकर्मियों ने आकाशी वन से नीलगाय को दूसरे वन में पहुंचाया



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड के कुम्हरिया गांव में कुछ दिनों से नीलगाय का आतंक व्याप्त था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत वन विभाग में की। इस पर संज्ञान लेते हुए वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार के निर्देश पर वनपाल जया उरांव के नेतृत्व में सभी वनरक्षी एवं कुछ ग्रामीणों के सहयोग से नीलगाय को आकाशी वन से निकाल कर बड़े वन की ओर ले जाने का प्रयास किया। वहीं वनकर्मियों ने ग्रामीणों को बताया कि किसी भी प्रकार से वन्य जीवों को नुकसान न पहुंचाएं। अगर फसल क्षति हुई है तो विभाग की ओर से उचित मुआवजा प्राप्त करें। बताते चलें कि विगत कुछ दिनों से आकाशी वन मे कुछ नीलगाय डेरा डाले हुए थे और रात को आसपास के खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे थे। मौके पर वनरक्षी पंकज सिंह, नवनीत, गौतम, पंकज, महावीर, रिशी सिंह, सुमित, अनूप शाहदेव, प्रवीण, प्रदीप, संदीप आदि मौजूद थे।

## बालिका शिक्षा व व्यक्तित्व विकास पर गोष्ठी आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को बालिका शिक्षा व्यक्तित्व विकास के विषय में बालिका शिक्षा व्यक्तित्व विकास वर्ग प्रमुख रीता यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा पांच से दशम तक के छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्राओं के सर्वांगीण विकास, चारित्रिक विकास, आध्यात्मिक विकास के साथ नारी के सातों गुणों को विस्तार पूर्वक बताते हुए सचिव सीता देवी ने कहा कि नारी जीवन के बिना संसार की कल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी यदि एक बेटी शिक्षित होती है तो मायके से ससुराल तक इसका प्रभाव पड़ता है। शारीरिक विकास प्रकृति की देन है। उतार चढ़ाव होता रहता है। इससे घबराना नहीं है। समय के साथ परिवर्तन होता है। इससे शर्माना नहीं है, बल्कि एक दूसरे से चर्चा करते हुए निष्पादन की ओर आगे बढ़ना चाहिए। सरकार द्वारा किशोरियों के लिए तरह-तरह की योजनाएं संचालित की गई हैं।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार 15 से

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक की गई। बैठक में निर्देश दिया गया कि सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर जनता की समस्याओं का निराकरण के लिए आवेदन प्राप्त किये जायेंगे।

ऑन स्पॉट समाधान होने वाले समस्याओ का निराकरण करते हुए उन्हें पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना, राजस्व से संबंधित कार्य किये जायेंगे। आयुष्मान कार्ड के छूटे सभी लाभुकों को चिन्हितकरण 10 नवंबर तक करने का निर्देश दिया गया। शिविर में सामुदायिक वन पट्टा और व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए संबंधित द्वारा आवेदन प्राप्त करना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, आधार कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुक होंगे। श्रमाधान-प्रवासी श्रमिकों को पोर्टल पर शत प्रतिशत रजिस्ट्रेशन हो। साइकिल की राशि का डीबीटी, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के बीच आई डी कॉर्ड वितरण, धोती साड़ी लूंगी वितरण, कंबल वितरण, ऑन द स्पॉट निष्पादित आवेदनों का निष्पादन करते ही पोर्टल पर अपलोड किए जायेंगे। ऑन -द-स्पोर्ट सर्विस जैसे आधार/राशन कार्ड में संशोधन किया जाना है। मुख्यमंत्री के आगमन पर जिले में विशेष शिविर लगेगा। छात्र/छात्राओं को साइकिल के लिए अनिवार्य रूप से उसी दिन डीबीटी के माध्यम से राशि प्राप्त होने का प्रावधान, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के कूप स्वीकृति पत्र, रोजगार सृजन योजना के लाभुकों में वितरण, पशुधन विकास योजना, वन पट्टों का वितरण सहित जिले के विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया जाएगा। विशेष शिविर की सफलता के लिए अपर समाहर्ता, जिला अनुमंडल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दायित्व निर्वहन का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता, जिला परिवहन पदाधिकारी,अनुमंडल पदाधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी,प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



## शत प्रतिशत उपस्थिति वाले स्कूली बच्चे पुरस्कृत

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय गाराडीह, प्रखंड कैरो में गत माह अक्टूबर को पूरे माह विद्यालय आने वाले कुल 26 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। समारोहपूर्वक आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय में गठित बाल सांसद के के प्रधान मंत्री सहित उनके मंत्रिमंडल के सभी मंत्री के हाथों वैसे बच्चे को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवनंदन नायक ने कहा कि प्रतिदिन विद्यालय आनेवाले बच्चे कभी असफल नहीं होते हैं। चूंकि वे काफी अनुशासित, मेहनती और विनम्रता प्रवृति के होते हैं। जो उज्जवल भविष्य के लिए आवश्यक होता है। विद्यालय के अधिकांश बच्चों में यदि ऐसी प्रवृति बढ़े तो निश्चित रूप से शैक्षणिक माहौल बनेगा जिससे सभी बच्चों में शिक्षा के प्रति प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। कहा कि विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने के लिए वैसे बच्चें को प्रोत्साहित स्वरूप पुरस्कृत किया जाता है। जो किसी भी माह बिना अनुपस्थिति के पूरे माह विद्यालय आते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक पवन खाखा, आशीष तिर्की, मो खालिद अख्तर, कृष्णा उरांव, महावीर भगत, सयूम अंसारी, रौशन गुलाब सहित माता समिति के सदस्यो ने सहयोगात्मक रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।



## 20 वर्षीय युवक ने पेड़ में फंदा लगा लटक कर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा जोगिया टोली में 20 वर्षीय युवक सुकेश तिर्की ने शनिवार को पेड़ में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने देखा कि घर के पीछे पेड़ पर सुकेश फांसी लगाया हुआ है। इसके बाद इसकी जानकारी परिजनों को दी। ग्रामीणों के द्वारा घटना की सूचना चैनपुर पुलिस को दी गई। चैनपुर पुलिस ने मौके पर पंहुच कर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के संबंध में मृतक के भाई लिबिन तिर्की ने जानकारी देते हुए बताया कि पिता की मृत्यु हो चुकी है। घर में वह अपनी मां के साथ रहता है। मेरा भाई लगभग एक साल से मानसिक रूप से बीमार था। इसी क्रम में वह आज सुबह बिना किसी को बताए घर में पीछे बारी में जाकर पेड़ के सहारे रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद ग्रामीणों की नजर पड़ने पर चैनपुर थाना को सूचित किया गया। इधर पुलिस ने मौके पर पंहुच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया है।

**मृतक के भाई लिबिन तिर्की के अनुसार, पिता की मृत्यु हो चुकी है। घर में वह अपनी मां के साथ रहता था। वह लगभग एक साल से मानसिक रूप से बीमार था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।**

**पहल** स्थापना दिवस पर लगेगा मेला, विभागीय स्टॉल, होगा ऋण परिसंपत्तियों का वितरण

# राज्य स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में राज्य स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर बैठक की गई। 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला/ प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम किया जाएगा। जिला स्तर पर विकास मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए प्रतिमाओं की साफ सफाई कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद लोहरदगा द्वारा किया जाएगा। समाहरणालय परिसर मैदान में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने परिसंपत्ति वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



इस कार्यक्रम का समन्वय अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम स्थल पर अन्य व्यवस्थाओं के प्रभार में पदाधिकारी रहेंगे। जिला योजना पदाधिकारी विभिन्न पदाधिकारियों से समन्वय करते हुए विकास योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए विकास मेला की आयोजन हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारी से संबंधित विभागीय स्टॉल की स्थापना की प्रभार में रहेंगे। विभिन्न लाभूको को परिसंपत्ति वितरण/ प्रमाण पत्र वितरण, स्वीकृति पत्र के वितरण, पीएमएवाई (ग्रा) के लाभुकों को गृहप्रवेश, जेएसएलपीएस की महिलाओं को लाभान्वित करना एवं अन्य योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सुधीर मुर्मू, परियोजना पदाधिकारी, मनरेगा, कृष्ण कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक, पी एम ए वाई एवं हेमलता बजाज, पीपीआईए फेलो रहेंगे। वे संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करेंगे। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी लोहरदगा उक्त अवसर पर माइक की व्यवस्था, एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था एवं अन्य विभागीय व्यवस्था प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करेंगे। मंच एवं स्टॉल की व्यवस्था महाप्रबंधक, हिंडालको द्वारा की जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी लोहरदगा हिंडालको प्रबंधन से समन्वय करते हुए उक्त कार्रवाई समय करना सुनिश्चित करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था से संबंधित आवश्यक कार्य योजना कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। इनके सहयोग जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लोहरदगा, जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा, जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रहेंगे। मंच संचालन गणेश लाल एवं मंच में सभी आवश्यक व्यवस्था नारायण राम कार्यपालक दंडाधिकारी द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर पेय जलापूर्ति की व्यवस्था कार्यपालक पदाधिकारी नगर पालिका लोहरदगा द्वारा की जाएगी।

जिला नियोजन पदाधिकारी लोहरदगा एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी लोगों के बैठने, अतिथियों के बैठने एवं परिसंपत्ति वितरण के प्रभारी से समन्वय्या करते हुए आवश्यक व्यवस्था में सहयोग करेंगे। उक्त अवसर पर सभी पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालय भवन में विद्युत सज्जा की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। उप विकास आयुक्त, लोहरदगा सभी व्यवस्थाओं के पर्यवेक्षक के वरीय प्रभार में रहेंगे।

## महिलाओं के बीच कृषि उपकरणों का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र के अरेया पंचायत के तेतरटॉड़ गांव में लोक महिला मंडल महिलाओं के बीच भूमि संरक्षण विभाग लोहरदगा के द्वारा कृषि के कार्य क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि कार्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार, मुखिया जसोदा उरांव मौजूद रहे। संदीप कुमार की उपस्थिति में ट्रैक्टर, रोटावेटर, कैजुअल, मिनी राईस मिल, सिंचाई मशीन, पंपसेट जैसे कई सामग्रियों का वितरण किया गया। मौके पर पंचायत के मुखिया जसोदा उरांव, राजकुमार उरांव, सीताराम महतो, जगदीश उरांव, पुष्पा उरांव, सीमा देवी, गुलनाज खातून आदि मौजूद थे।

### लगातार गिरावट के बाद क्रिप्टो करेंसी में 300 फीसदी आई तेजी

# बिटकॉइन की भी हुई शानदार वापसी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

क्रिप्टोकरेंसी के संसार के लिए साल 2023 शानदार साबित हुआ है। लगातार गिरावट का शिकार होने के बाद 2023 में कई क्रिप्टोकरेंसी ने शानदार वापसी की है, भले ही साल के दौरान क्रिप्टो की दुनिया में कई कंपनियां बंद हो गईं। इस साल प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमतें डबल से ज्यादा हो गई हैं, जबकि कुछ क्रिप्टोकरेंसी के भाव में 300 फीसदी से भी ज्यादा की तेजी आई है। साल 2023 की बात करें तो क्रिप्टोकरेंसी की दुनिया की सबसे बड़ी घटना सैम बैंकमैन फ्रायड के साम्राज्य का पतन है। साल के दौरान फ्रायड की एफटीएक्स पूरी तरह बर्बाद हो गई। अलमेडा रिसर्च को दिवालिया होना पड़ गया। सैम बैंकमैन फ्रायड पर तो कई मुकदमे चल रहे हैं। एक समय उनकी गिनती टॉप अमीरों में की जा रही थी। वहीं दुनिया भर में क्रिप्टो एक्सचेंज समेत क्रिप्टो जगत की कई कंपनियां 2023 के दौरान बंद हुईं। हालांकि हैरानी की बात है कि सैम बैंकमैन फ्रायड से जुड़ी एक क्रिप्टोकरेंसी ने 2023 में कमाल किया है। फ्रायड से जुड़ी क्रिप्टोकरेंसी सोलाना एसओएल टोकन की कीमत 2023 में अब तक करीब 340 फीसदी बढ़ी है। अभी सोलाना एसओएल टोकन की कीमत 41 डॉलर पर पहुंच गई है। वहीं मार्केट वैल्यू के हिसाब से सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमतों में इस साल करीब 115 फीसदी की तेजी आई है। इस साल सबसे ज्यादा रैली दिखाने वाली क्रिप्टोकरेंसी सोलाना एसओएल ही है। पिछले 30 दिनों में ही इस टोकन का भाव लगभग डबल हो गया है।

## सीमेंट की कीमतों में आई बढ़ोत्तरी, कंस्ट्रक्शन बाधित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सीमेंट की कीमतों में तेज उछाल से कंस्ट्रक्शन कॉस्ट में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सीमेंट की कीमतों में उछाल को लेकर लगातार कार्टलाइजेशन की बात सामने आती रही है। अब भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग सीमेंट सेक्टर को लेकर हरकत में आ गया है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने पूरे देश में सीमेंट सेक्टर को लेकर पैन-इंडिया मार्केट स्टडी करने का फैसला किया है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने अपने बयान में बताया कि देश की अर्थव्यवस्था के लिए बेहद अहम माने जाने वाले हाउसिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर्स के लिए सीमेंट को सबसे अहम इनपुट माना जाता है। इन सेक्टरों के साथ कई प्रकार की दूसरी इंडस्ट्रीज भी जुड़ी है। जिससे इस सेक्टर पर अर्थव्यवस्था के विकास की राह को प्रभावित करने की क्षमता है। प्रतिस्पर्धा आयोग ने कहा कि कई महत्वपूर्ण सेक्टर्स के लिए सीमेंट के महत्व को देखते हुए, बेहतर तरीके काम करने वाला और कॉम्पिटिटिव सीमेंट मार्केट का होना बेहद जरुरी है। सीमेंट सेक्टर में मिलीभगत की अपार संभावनाएं हैं जो इसे सवेंददनशील बनाती है इसी को ध्यान में रखते हुए सीमेंट बाजार की संरचनात्मक विशेषताओं को देखते हुए देश के सभी क्षेत्रों में सीमेंट बाजार के कामकाज और प्रतिस्पर्धा की स्थिति को समझने की कोशिश की जाएगी। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने सीमेंट सेक्टर को लेकर किए जाने वाले अध्ययन से कमीशन के सामने चल रही किसी मामले की सुनवाई से कोई लेना-देना नहीं होगा।

आयोग सीमेंट प्राइस, उसके ट्रेंड, उत्पादन लागत, कैपेसिटी, कैपेसिटी यूटिलाइजेशन और मुनाफे का अध्ययन करेगा।

### पाकिस्तान में तेजी से फैल रहा पोलियो वायरस

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खतरा बढ़ा



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में पोलियो वायरस फिर तेजी से पैर पसार रहा है। एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य मंत्रालय गुरुवार को पुष्टि की कि वहां के पर्यावरण के नमूने में पोलियो वायरस मिलने के बाद सिंध के अधिकारी चिंतित हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक स्वास्थ्य मंत्री डॉ. नदीम जान ने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए आपातकालीन आधार पर कार्रवाई की जा रही है। नदीम जान ने पोलियो अभियान में माता-पिता से अपने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिला कर उनको स्थायी रूप से विकलांग होने से बचाने का आग्रह किया। 30 अक्टूबर को सीवेज सिस्टम में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप-1 पाए जाने के बाद सोमवार (आज) से पाकिस्तान में पांच दिवसीय विशेष पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान शुरू हुआ। एआरवाई न्यूज ने बताया कि सीवेज नमूनों की पर्यावरणीय निगरानी के बाद जंगली पोलियोवायरस टाइप -1 की उपस्थिति का पता चलने के बाद सभी चार प्रांतों के 31 जिलों में पांच दिवसीय विशेष पोलियो रोधी टीकाकरण अभियान चलाया गया। सूत्रों के अनुसार, प्रकोप प्रतिक्रिया अभियान चार प्रांतों में छह प्रकोप क्षेत्रों में तीन चरणों में चलाया जाएगा।

# इटली के राष्ट्रपति से जयशंकर ने सुरक्षा व आतंकवाद पर की बात



**एजेंसी। रोम**

रोम पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यहां इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैतरेला और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की और रक्षा, साइबर सुरक्षा तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इटली के अपने समकक्ष एंतोनियो ताजानी के निमंत्रण पर रोम पहुंचे जयशंकर ने शुक्रवार को पुर्तगाल और इटली की अपनी चार दिवसीय यात्रा संपन्न की। नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि बैठक के दौरान इटली के राष्ट्रपति ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और भारत-इटली तथा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों को गहरा बनाने के लिए अपने मजबूत समर्थन को दोहराया। जयशंकर ने विगत शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स' पर लिखा, हमारी रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उनके (मैतरेला) मागदर्शन को अहमियत देता हूं। एक अस्थिर और अनिश्चित दुनिया में भारत-इटली का संबंध स्थिरता का कारक है।" विदेश मंत्री ने इटली के रक्षा मंत्री गुइदो क्रोसेतो के साथ भी बैठक की और इस दौरान रक्षा विनिर्माण और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री क्षेत्रों में औद्योगिक सहयोग समेत कूटनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर बातचीत की।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जयशंकर की इटली यात्रा ने दोनों देशों के बीच लंबे समय से कायम ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ किया है और समकालीन वैश्विक मुद्दों तथा चुनौतियों समेत रणनीति साझेदारी के विविध क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढाया है। उन्होंने इटली के उद्यम मंत्री एडॉल्फो उर्सो से भी मुलाकात की और कृषि-प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, डिजिटल बुनियादी ढांचे, नवोन्मेष और अंतरिक्ष के क्षेत्रों पर जोर देते हुए द्विपक्षीय व्यापार तथा निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यउद्यम मंत्री एडॉल्फो उर्सो के साथ आज सुबह सार्थक बातचीत हुई। ह्यमेड इन इटली' और ह्यमेड इन इंडिया' के अनुभवों को साझा किया। मुझे विश्वास है कि आज हमारी बातचीत से आर्थिक साझेदारी का दायरा बढ़ेगा। इससे पहले, विदेश मंत्री जयशंकर ने इटली में अपने समकक्ष ताजानी के साथ एक व्यापक व सार्थक बैठक की जिसके बाद दोनों देशों ने श्रमिकों, छात्रों तथा पेशेवरों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए आवाजाही व प्रवासन साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने सीनेट के विदेश मामलों और रक्षा आयोग के संयुक्त सत्र को भी संबोधित किया जिसमें दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति, यूक्रेन संघर्ष और हिंद-प्रशांत परिदृश्य पर विस्तारपूर्वक बात की।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला।
### (जिला ग्रामीण विकास अभिकरण)

**E-Mail – drdagumla2013@gmail.com**
Phone No. 06524-222209Fax No. 06524-222209

### –: अति अल्पकालीन निविदा :–

गुमला परिसदन भवन को सुचारू रूप से कार्य संचालन आतंरिक–वाहय् भाग की साफ–सफाई, भुगतान के आधार पर भोजनादि की व्यवस्था एवं बगीचा/लॉन के सुसज्जीकरण कार्य के निमित निविदा द्वारा आउटसोर्सिंग एजेंसी का चयन किया जाना है। परिसदन भवन का रख–रखाव एवं संचालन आउटसोर्सिंग के माध्यम से करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों/एजेंसियों के द्वारा निविदा तकनीकी एवं वित्तीय एक मुहर में बंद लिफाफे में डाल कर निविदा दिनांक 17/11/2023 को 12:00 पूर्वा0/अप0 तक देना होगा। तकनीकी निविदा में पात्रता सुनिश्चित करने के बाद ही वित्तीय निविदा खोला जाएगा। निविदा निविदा दिनांक 17/11/2023 को 03:30 पूर्वा0/अप0 में नया समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त, गुमला की अध्यक्षता में खोली जाएगी जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं, जिले के बेबसाईट www.gumla.nic.in पर एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

PR 310646 Rural Development(23-24)D

उपायुक्त,गुमला।



## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा
### (जिला आपूर्ति शाखा)

### सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा द्वारा राज्यसात वाद सं0–32/2022–23 में पारित अंतरिम आदेश के आलोक में आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 की धारा–07 के तहत जब्त–250 बोरा गेंहूँ वजन लगभग –12500 कि0ग्रा0 एवं 250 बोरा चावल वजन लगभग–12500 कि0ग्रा0 को Auction Sale (निलामी बिकी) द्वारा बिकी किया जाना है। उक्त सामग्री के कय हेतु ईच्छुक केता दिनांक –09.11.2023 के अपराह्न 12:30 बजे जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय प्रकोष्ठ में उपस्थित होकर नीलामी बिकी मे भाग ले सकते हैं। ईच्छुक क्रेता को अपने साथ पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 से संबंधित काजगात लाना अनिवार्य होगा।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा।

PR.NO.310663 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24):D



## सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, संयुक्त श्रम भवन, रेड़मा, मेदिनीनगर, पलामू।
Email-ID-bocpalamau@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

ई–श्रम पोर्टल में निबंधित वैसे श्रमिक जिनकी दुर्घटना मृत्यु 31.03.2022 को अथवा इसके पूर्व एवं 26.08.2021 के बाद हुई हो, के संबंध में अनुदान राशि के भुगतान हेतु ई–श्रम पोर्टल के अंतर्गत एक ऑनलाईन मॉडयुल तैयार किया गया है जिस पर अर्हता प्राप्त आवेदन को अपलोड किया जा सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया अर्थात जिला स्तर पर ई–श्रम के तहत अनुदान राशि के भुगतान का अनुश्रवण करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है जिसके अध्यक्ष उपायुक्त, पलामू है एवं पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन अपर समाहर्त्ता एवं श्रम अधीक्षक समिति के अन्य सदस्य हैं। सहायता राशि के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु एवं पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 200000/– रू0 एवं आंशिक विकलांगता की स्थिति में 100000/–रू0 का भुगतान किया जाएगा।

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना है :–

1. आवेदक का आधार
2. मृतक का ई–श्रम कार्ड
3. मृत्यु प्रमाण–पत्र/विकलांगता प्रमाण–पत्र
4. मृत्यु का चिकित्सा प्रमाण–पत्र
5. FIR रिपोर्ट
6. पोस्टमार्टम रिपोर्ट
7. जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण–पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में)

अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को मार्च 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।
अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, पलामू में सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
पलामू।

PR 310662 District(23-24)D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## RURAL DEVELOPMENT SPECIAL DIVISION, CHATRA

**Expression of Interest**
**EOI No.:-RDD/SD/CHATRA/EOI-23/2023-24**

The **Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a rate contracts for the supply and installation of Medical Equipment Appliances/Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT ITKHORI, G.P ITKHORI OF BLOCK ITKHORI IN CHATRA.district as per details hereunder.

| SI. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contracts for the S upply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT ITKHORI, G.P ITKHORI OF BLOCK ITKHORI IN CHATRA. |
| 2. | Estimated BOQ Amount | Rs.23750117.00 |
| 3. | Completion Period of work | 06 Months |
| 4. | Tender fee-(to be deposited with the bid through DD issued in favour of the Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra, payable at Chatra)-non refundable. | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Earnest Money Deposit (EMD)/Performance Guarantee - The successful bidder will have to execute & submit EMD, before finalization of the tender, through Bank Guarantee/FDR in the favour of Executive Engineer, R.D.Spl.Division,Chatra for the amount equivalent to approx. 2% of the estimated value of work before issue of the work order and the work order will be issued after submission of the EMD | Rs. 475003.00 |
| 6. | Date of publication of Tender on Website | 11.11.2023 Time: 11:00AM |
| 7. | Start Date/time for Online Submission of bid | 11.11.2023 Time: 11:00AM |
| 8. | Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | 18.11.2023 Time: 17:00PM |
| 9. | Last date and time of submission of hard copy of cost of Tender, EMD and Other documents. | 21.11.2023 Time: 03:00PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date and Time | 22.11.2023 Time: 02:00PM |
| 11. | Place of Opening Bid | O/o the E.E, R.D.Spl.Division, Chatra. |
| 12. | Name & Address of inviting EOI Officer | Suresh Ram, Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra. |
| 13. | Contact No. of Inviting EOI Officer | 87091-84201 |

Note:- 1. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other un fore seen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
2. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website https:/ /jharkhand tenders.gov.in & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from.

Executive Engineer,
R.D.Spl.Division, Chatra.

PR.NO.310670 Rural Development(23-24):D



## कार्यालय:– अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी लातेहार।

पत्रांक............../दिनांक............................/

### सूचना

लातेहार जिला अन्तर्गत में ऑख संबंधित बिमारियों के ईलाज हेतु अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी लातेहार जिला अंधापन नियंत्रण समिति, लातेहार में निजि संस्थान/गैर सरकारी संस्थान जिनके पास कुशल सर्जन एवं शल्य कक्ष की सूविधा उपलब्ध है वे निम्नांकित कागजातों के साथ कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

1- Clinical Establishment Act. Registration Certificate
2- Doctor Consultaion
3- Doctor Degree & Human Resource Details
4- Health Department esa 3 years Experience.Certificate
5- Ophthalmic Assistant Paper
6- Niti aayog NGO Darpan Unique ID
7- Fire Safety
8- Ambulance
9- Bio – waste
10- Account No.
11- Pan No.

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी लातेहार जिला अंधापन नियंत्रण समिति, लातेहार में M.O.U होने के उपरांत उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के लिये सरकारी नियमानुसार राशि देय होगा।

विश्वासभाजन
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी लातेहार

PR 310609 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## RURAL DEVELOPMENT SPECIAL DIVISION, CHATRA

**Expression of Interest**
**EOI No.:-RDD/SD/CHATRA/EOI-20/2023-24**

The **Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a rate contracts for the supply and installation of Medical Equipment Appliances/Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT NAWADIH, G.P NAWADIH OF BLOCK HUNTERGANJ IN CHATRA.district as per details hereunder.

| SI. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT NAWADIH, G.P NAWADIH OF BLOCK HUNTERGANJ IN CHATRA. |
| 2. | Estimated BOQ Amount | Rs.23750117.00 |
| 3. | Completion Period of work | 06 Months |
| 4. | Tender fee -(to be deposited with the bid through DD issued in favour of the Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra, payable at Chatra) - non refundable. | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Earnest Money Deposit (EMD)/Performance Guarantee - The successful bidder will have to execute & submit EMD, before finalization of the tender, through Bank Guarantee/FDR in the favour of Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra for the amount equivalent to approx. 2% of the estimated value of work before issue of the work order and the work order will be issued after submission of the EMD | Rs. 475003.00 |
| 6. | Date of publication of Tender on Website | 11.11.2023 Time: 11:00AM |
| 7. | Start Date/time for Online Submission of bid | 11.11.2023 Time: 11:00AM |
| 8. | Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | 18.11.2023 Time: 17:00PM |
| 9. | Last date and time of submission of hard copy of cost of Tender, EMD and Other documents. | 21.11.2023 Time: 03:00PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date and Time | 22.11.2023 Time: 02:00PM |
| 11. | Place of Opening Bid | O/o the E.E, R.D.Spl.Division, Chatra. |
| 12. | Name & Address of inviting EOI Officer | Suresh Ram, Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra. |
| 13. | Contact No. of Inviting EOI Officer | 87091-84201 |

Note:
1. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
2. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website https://jharkhandtenders.gov.in & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from.

Executive Engineer,
R.D.Spl.Division, Chatra.

PR 310674Rural Development(23-24)#D



## -: कार्यालय :-
## प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी,लातेहार वन प्रमण्डल

### –: आवश्यक सूचना :–

**भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई हेतु अगली तिथि 09.11.2023 निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 18/2023 | 10.05.2023 | लालदेव यादव | मोटरसाईकल रजि0 नं0 JH-19C-1648 | कोयला 200 KG |
| 02 | 33/2023 | 14.07.2023 | आरिफ अंसारी | मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-03AE-9347 | कोयला 0.20 टन |
| 03 | 16/2023 | 03.05.2023 | आमीर | मोटरसाईकल रजि0 नं0– HR-27H-4276 | कोयला लगभग 03 टन |
| 04 | 16/2019 | 16.07.2019 | कृष्णा प्रसाद | टेम्पू रजि नं0 JH-19A-1880 | कोयला सात बोरा |
| 05 | 16/2022 | 09.04.2022 | अनिल कुमार<br>बब्लू कुमार यादव<br>ललन कुमार यादव | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-13A-2758 ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-4051 ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08E-8879 | कोयला लगभग 09 टन |
| 06 | 14/2023 | 28.04.2023 | रियाजुल उर्फ अजूल | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-5973 | कोयला लगभग 02 टन |
| 07 | 35/2022 | 01.11.2022 | इनोद तुरी | ट्रक रजि नं0 JH-02AF-1522 | कोयला 25.20 मि0 टन |
| 08 | 19/2022 | 04.06.2022 | क्यूम अंसारी<br>उमा देवी | टेम्पू रजि नं0 JH-03AB-6914<br>टेम्पू रजि नं0 JH-01BB-2445 | जलावन लकड़ी |
| 09 | 32/2023 | 12.07.2023 | राकेश कुमार सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19C-3824 | केन्दु पता 19 बोरा |
| 10 | 19/2023 | 10.05.2023 | रूपेश कुमार<br>धरमेन्द्र कुमार<br>उपेन्द्र कुमार | पिकअप भैन रजि नं0 JH-01P-1314 | कोयला लगभग 100 सी0एफ0टी0 |
| 11 | 20/2023 | 15.05.2023 | सुबोध गंझू | मोटरसाईकल रजि0 नं0– JH-01BG-1282 | कोयला 80 KG |
| 12 | 21/2023 | 15.05.2023 | संतोष यादव<br>हंसराज प्रसाद | पिकअप रजि नं0 JH-01T-0899 | साल चौखठ 12 पीस |
| 13 | 22/2023 | 18.05.2023 | कमला गंझू | ट्रैक्टर चेचीस नं0 MBNAG48ACMTF73025 | कोयला 1.5 टन |
| 14 | 27/2023 | 05.06.2023 | बिपिन किशोर यादव | पिकअप भैन रजि नं0 JH-03G-6419 | सखुआ चौखठ 51 पीस |
| 15 | 28/2023 | 17.06.2023 | रामचन्द्र साव<br>विजय साहू<br>उमेश यादव<br>कविता देवी | मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-19D-0346, मोटरसाईकल रजि0 नं0–JH-01CD-8675, मोटरसाईकल रजि0 नं0– JH-13A-1353 | कोयला 800 KG |
| 16 | 24/2023 | 31.05.2023 | मनोज प्रसाद गुप्ता पवन कुमार | मोटरसाईकल रजि0 नं0– JH-01N-6823 | गम्हार पटरा 04 पीस |
| 17 | 29/2023 | 16.06.2023 | सुमन्त कुमार | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-9761 | बल्ली साल– 31 पीस |
| 18 | 30/2023 | 20.06.2023 | संजय सिंह<br>भोला सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-13E-1915 ट्रैक्टर रजि नं0 JH-08D-0696 | पत्थर लगभग छः टन |
| 19 | 07/2022 | 11.03.2022 | जीबलाल साव | जे0सी0बी0 रजि नं0 JH-02AL-3491 | अतिक्रमण |
| 20 | 04/2021 | 26.02.2021 | अमरजीत सिंह महेश साव | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19B-7496 | कच्चा जलावन |
| 21 | 23/2022 | 11.06.2022 | मिथलेश प्रसाद साहू | पिकअप रजि नं0 JH-01CT-5143 | साल पटरा 25 पीस |
| 22 | 29/2023 | 16.06.2023 | सुमन्त कुमार | ट्रैक्टर इंजन नं0 RYNB00729 | साल बल्ली 31 पीस |
| 23 | 32/2023 | 12.07.2023 | राकेश कुमार सिंह | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19C-3824 | केन्दू पता 19 बोरा |
| 24 | 35/2023 | 11.10.2023 | रविन्द साव | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-19C-9160 | सेमल पटरा 25 पीस |
| 25 | 34/2023 | 23.09.2023 | सुरेन्द्र प्रसाद | पियागो टेम्पू रजि नं0 JH-08F-0615 | साल चौकठ 10 पीस |
| 26 | 37/2023 | 30.10.2023 | लक्ष्मण यादव | ट्रैक्टर रजि नं0 JH-19A-4416 | बालू 80 CFT |
| 27 | 36/2023 | 16.10.2023 | चन्द्रशेखर पाण्डेय, अरविन्द कुमार पाण्डेय | चार ट्रक रजि0 नं0<br>1. JH-02AW-6892<br>2. Jh-02AN-7603<br>3. JH-02AW-3990<br>4. Jh-02A1-0459 | कोयला लगभग 100 MT |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त सभी अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 09.11.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR 310616 Forest, Environment and Climate Changes(23-24).D

## एक नजर इधर भी

# भारत दुनियां की फुड बास्केट बनेगा, अर्थव्यवस्था बुलंदी छूऐगी

**भारत** में आदि अनादि काल से खाद्य प्रसंस्करण घरेलू उद्योगों का बोलबाला रहा है। हम दशकों से देखते आ रहे हैं कि महिलाएं अपने घर में अनेक प्रकार के खाद्यों को प्रसंस्करण कर किसी बिचौलिए व्यक्ति, दुकानदार, एजेंसी धारक या किसी मॉल में कम दाम पर हस्तांतरित कर देती है फिर इस प्रकार के बिचौलिए उनकी कीमत पहचान कर मनमाने मूल्य पर अपने व्यापार स्थल में बेचते हैं जैसे पापड़ अचार कपड़े थैले दियाबाती पत्तल डोना खाद्य वस्तुएं इत्यादि अनेक प्रकार की चीजों का हस्तगत बनाकर, उत्पादन करते हैं। इस वर्ल्ड फूड इंडिया के माध्यम से भारत व पूरे विश्व के को इकट्ठा कर भारतीय पारंपरिक व्यंजनों का अंतरराष्ट्रीय स्तरपर प्रस्तुतीकरण कर विदेशी मेहमानों को भारतीय व्यंजनों का स्वास्थ्य चखाकर निवेश आमंत्रित करना है, जिसमें महिलाएं इस पारंपरिक क्षेत्र उद्योगों में आगे जाकर स्टार्टअप्स प्रौद्योगिकी के सहारे अंतरराष्ट्रीय ब्रांडिंग कर अर्थव्यवस्था की नींव नये आयामों पर पहुंचे। इस मंच के माध्यम से देश के सरकारी संस्था, उद्योग के पेशेवरों, उद्यमियों, किसानों और अन्य कई हितधारकों को चर्चा में शामिल होने के साथ उनके समक्ष साझेदारी स्थापित करना है। इसके अलावा कृषि-खाद्य के क्षेत्रों में निवेश के अवसरों को एक मंच प्रदान करना है, इस महोत्सव का समापन 5 नवंबर 2023 को भारत की महामहाम राष्ट्रपति करेंगी। चूंकि इस उत्सव के माध्यम से महिलाएं उद्यमी का दर्जा हासिल करके अपार सफलताएं अर्जित करने की संभावना है, इसलिए आज हम मीडिय में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में महिलाओं का अभूतपूर्व योगदान को रेखांकित करना वर्तमान समय की मांग है। साथियों बात अगर हम वर्ल्ड फूड इंडिया महोत्सव 3-5 नवंबर 2023 के दूसरे संस्करण की करें तो, वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 मेगा फूड इवेंट के दूसरे संस्करण का उद्घाटन आज नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारत मंडपम में हुआ। इसकी अध्यक्षता पीएम ने की। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान, पीएम ने एक लाख से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सदस्यों को प्रारंभिक पूंजी सहायता प्रदान की, जिससे इन समूहों के लिए समर्थन मजबूत हुआ। पीएम ने इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।इस आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य भारत को दुनिया की फूड बास्केट के रूप में प्रस्तुत करना और 2023 को अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में मनाना है। पीएम ने प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप मंडप के साथ-साथ कार्यक्रम में प्रदर्शित फूड स्ट्रीट की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि प्रौद्योगिकी व पाक उत्कृष्टता का तालमेल भविष्य की अर्थव्यवस्था को आकार देगा। उन्होंने आज की बदलती दुनिया में खाद्य सुरक्षा की गंभीर चुनौती पर प्रकाश डाला और इस संदर्भ में वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के महत्व को रेखांकित किया। साथियों बात अगर हम वर्ल्ड फूड महोत्सव 3-5 नवंबर 2023 के उद्घाटन अवसर पर माननीय पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने वर्ल्ड फूड इंडिया के परिणामों के कारण भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को प्राप्त महत्वपूर्ण मान्यता पर जोर दिया, जिसे अक्सर सनराइज सेक्टर कहा जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार की उद्योग-अनुकूल और किसान केंद्रित नीतियों की बदौलत इस क्षेत्र ने 50, हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ है। पीएम ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत हुई प्रगति का भी उल्लेख किया, जिससे नये प्रवेशकों को काफी सहायता मिली है। उन्होंने 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ फसल कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए एग्री-इंफ्रा फंड के तहत चल रही परियोजनाओं पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्र में प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे में हजारों करोड़ रुपये के निवेश को प्रोत्साहित किया गया।

■ किशन भावनानी गोंदिया

# अहोई अष्टमी संतान की मंगलकामना का पर्व

**हिन्दू** समुदाय में करवा चौथ के चार दिन पश्चात और दीपावली से ठीक एक सप्ताह पहले 'अहोई अष्टमी' का पर्व मनाया जाता है। प्रायः वही स्त्रियां यह त्योहार मनाती हैं जिनके संतान होती है। किन्तु अब यह व्रत निसंतान महिलाएं भी संतान की कामना के लिए करती हैं। 'अहोई अष्टमी' व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 05 नवंबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती हैं। उसी के पास सेह और उसके बच्चों के चित्र भी बनाये जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध-भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है। आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के लिए बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विघ्न-बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गये धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी-अपनी पारिवारिक परम्परानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं। अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में कुछ कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी एक कथानुसार प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा-पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई, जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था? वह पश्चाताप करती हुई शोकाकुल अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गये। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जानबूझकर कभी कोई पाप नहीं किया। हां, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अनजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई। यह सुनकर पास-पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है, उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी

'अहोई अष्टमी' व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 05 नवंबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती हैं। उसी के पास सेह और उसके बच्चों के चित्र भी बनाये जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है।

आराधना करो और क्षमा-याचना करो। ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जायेगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा-याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्रों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई। अहोई व्रत के संबंध में एक और कथा प्रचलित है। बहुत समय पहले झांसी के निकट एक नगर में चन्द्रभान नामक साहूकार रहता था। उसकी पत्नी चन्द्रिका बहुत सुंदर, सर्वगुण सम्पन्न, सती साध्वी, शीलवन्त, चरित्रवान तथा बुद्धिमान थी। उसके कई पुत्र-पुत्रियां थे परन्तु वे सभी बाल अवस्था में ही परलोक सिधार चुके थे। दोनों पति-पत्नी संतान न रह जाने से बहुत व्यथित रहते थे। वे दोनों प्रतिदिन मन ही मन सोचते कि हमारे मर जाने के बाद इस अपार धन-सम्पदा को कौन संभालेगा? एक बार उन दोनों ने निश्चय किया कि वनवास लेकर शेष जीवन प्रभु-भक्ति में व्यतीत करें। यही विचार कर दोनों अपना घर-वार त्यागकर वन की ओर चल दिये। रास्ते में जब थक जाते तो रुककर थोड़ा विश्राम कर लेते और फिर चल पड़ते। इस प्रकार धीरे-धीरे वे बद्रिका आश्रम के निकट शीतल कुण्ड जा पहुंचे। वहां पहुंचकर दोनों ने निराहार रहकर प्राण त्यागने का निश्चय कर लिया। निराहार व निर्जल रहते हुए जब उन्हें सात दिन हो गये तो आकाशवाणी हुई कि तुम दोनों प्राणी अपने प्राण मत त्यागो। यह सब दुख तुम्हें तुम्हारे पूर्व पापों से भोगना पड़ा है। यदि तुम्हारी पत्नी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजन करे तो अहोई देवी प्रसन्न होकर साक्षात दर्शन देंगी। तुम उनसे दीघार्यु पुत्रों का वरदान मांग लेना। व्रत के दिन तुम राधाकुण्ड में स्नान करना। चन्द्रिका ने आकाशवाणी के बताये अनुसार विधि-विधान से अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजा-अर्चना की और तत्पश्चात राधाकुण्ड में स्नान किया। जब वे स्नान इत्यादि के बाद घर पहुंचे तो उस दंपति को अहोई माता ने साक्षात दर्शन देकर वर मांगने को कहा। साहूकार दंपति ने हाथ जोड़कर कहा, ''हमारे बच्चे कम आयु में ही परलोक सिधार जाते हैं। आप हमें बच्चों की दीघार्यु का वरदान दें।'' ''तथास्तु!'' कहकर अहोई माता अंतर्ध्यान हो गईं। कुछ समय के बाद साहूकार दंपति को दीघार्यु पुत्रों की प्राप्ति हुई और वे सुखपूर्वक अपना गृहस्थ जीवन व्यतीत करने लगे। देवी पार्वती को अनहोनी को होनी बनाने वाली देवी माना गया है, इसलिए अहोई अष्टमी पर माता पार्वती की पूजा की जाती है और संतान की दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की कामना की जाती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

इन दिनों



योगेश कुमार गोयल

# भारत ने दिलाई मोटे अनाज को अंतराष्ट्रीय पहचान

**मोटा** अनाज यानी की श्रीअन्न आज दुनिया की पसंद बनता जा रहा है। दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि आज समूची दुनिया 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट ईयर के रूप में मना रही है। मोटे अनाज के महत्व और पोषकता को देखते हुए ही इसे श्रीअन्न कहकर पुकारा गया। 2018 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाज को पोषक अनाज घोषित करने के लिए विश्वव्यापी अभियान शुरू किया था। यह उनके प्रयासों का नतीजा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने मोटे अनाज के महत्व को समझते हुए 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया। आज देश-दुनिया के देश मोटे अनाज के प्रति जागरूक हो रहे हैं। दरअसल खान-पान के चलते एक के बाद एक बीमारियों से लोग दो-चार होने लगे हैं। ऐसे में मोटा अनाज एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है। देश-विदेश में मोटे अनाज का गुणगान होने लगा है। मोटापा, डायबिटीज, विटामिन की डेफिसिएंसी, बढ़ती हार्ट डिजिजेज, एनिमिया, डाइजेशन प्रॉब्लम, कैल्शियम की कमी या यूं कहें कि अच्छा खाने के बाद भी खोखले होते शरीर के कारण केमिकल्स पर आधारित दवाओं से अलग हटकर अब लोग मोटे अनाज में विकल्प खोजने लगे हैं। खरीफ की प्रमुख फसल बाजरा का तो इस साल और अधिक उत्पादन होने जा रहा है। किसान इससे उत्साहित है तो स्टार्टअप और खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां बेहद उत्साहित हैं। दरअसल गुजरी शताब्दी के छठे-सातवें दशक तक हमारे यहां खासतौर से गांवों का मुख्य भोजन मोटा अनाज ही रहा है। 1960 के दशक में खाद्यान्न संकट के विकल्प के रूप में हरित क्रांति का दौर आरंभ हुआ और ऐसे में खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना पहली प्राथमिकता बनी और इसके लिए गेहूं को प्रमुख विकल्प माना गया। इसके बाद एक ओर गेहूं के आयात, गेहूं के उत्पादन बढ़ाने और उत्पादन बढ़ाने के नाम पर रासायनिक उर्वरकों का दौर शुरू हुआ। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रचार तंत्र को एग्रेसिव किया गया और आज हमारे कृषि वैज्ञानिकों, नीति नियंताओं और अन्नदाता की मेहनत से देश खाद्यान्न को लेकर आत्मनिर्भर बन गया है। कोरोना त्रासदी से लेकर अब तक जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क खाद्यान्न की उपलब्धता बड़ा सहारा बनी है। हरित क्रांति समय की मांग थी और

2018 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाज को पोषक अनाज घोषित करने के लिए विश्वव्यापी अभियान शुरू किया था। यह उनके प्रयासों का नतीजा है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने मोटे अनाज के महत्व को समझते हुए 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया। आज देश-दुनिया के देश मोटे अनाज के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

आज भी है। पर अब समूची दुनिया में रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों और नित नई बीमारियों से त्रस्त होने के कारण विकल्प तलाशा जाने लगा है और मोटे अनाज को दुनिया के देश बेहतर विकल्प और आशा के रूप में देख रहे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि एक समय था जब मोटा अनाज प्रमुख भोजन होता था। आज भी दुनिया में कुल उत्पादित मोटे अनाज में हमारे देश की भागीदारी 41 प्रतिशत है। राजस्थान, महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश आदि प्रमुख राज्य हैं। आज मोटे अनाज के निर्यात में भी भारत प्रमुख देश है। हमारे देश से गुजरे साल 2.69 करोड़ डॉलर का मोटा अनाज अमेरिका को निर्यात किया गया है। 13 प्रकार के अनाज को मोटे अनाज के रूप में माना जाता है। यह हैं बाजरा, रागी, कुटकी, संवा, ज्वार, कंगनी, चेना और कोदों को माना जाता है। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के वर्ष 2023-24 के पहले अनुमान के अनुसार खरीफ पोषक मोटे अनाजों का उत्पादन 351.37 लाख टन अनुमानित है जोकि 350.91 लाख टन औसत मोटे अनाजों की तुलना में थोड़ा सा अधिक है। वर्ष 2023-24 के दौरान श्रीअन्न का उत्पादन 126.55 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। मोटे अनाज को प्रमोट करने के विश्वव्यापी प्रयास आरंभ हो गये हैं। युवा एंटरप्रोन्योर स्टार्टअप्स के माध्यम से आगे आ रहे हैं। लोगों को मिलेट रेसिपी भाने भी लगी है। लोग इनके महत्व को समझने लगे हैं। पुरानी पीढ़ी के लोगों को याद होगा कि राजस्थान में तो खासतौर से एक समय था जब घर पर मेहमान आने पर ही गेहूं की चपाती बनती थी। धीरे-धीरे मोटे अनाज का उत्पादन और उपयोग दोनों ही प्रभावित हुए। यह सब तो तब रहा जब कि बाजरा आदि मोटे अनाज के खेती में कम पानी और कम लागत आती है तो दूसरी और मोटा अनाज प्राकृतिक स्वास्थ्यवर्द्धक तत्वों से भरपूर रहा है और इनकी उपयोगिता को आज वैज्ञानिक सिद्ध कर रहे हैं। सर्दी में बाजरा कितना स्वास्थ्यवर्द्धक होता है इसको बताने की आवश्यकता नहीं है तो गरमी में बाजरे की राबड़ी की अपनी पहचान हैं। समय का बदलाव देखिए कि गांव-गरीब का भोजन आज पांच सितारा होटलों का प्रमुख व्यंजन बन चुका है।

■ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

## है न विचित्र बात !

# 82 वर्ष का बूढ़ा अंग्रेजों से लोहा

**सल्तनत** के अंतिम बादशाह बहादुर शाह जफर को स्वतंत्रता संग्राम के उस नायक के रूप में याद किया जाता है जिसने उम्र के आखिरी पड़ाव में अंग्रेजों से युद्ध का नेतृत्व किया था। बदले में इस मुगल बादशाह को अंग्रेजों के जुल्म का इस हद तक शिकार होना पड़ा कि इन्हें न केवल पीड़ा युक्त मौत नसीब हुई इनकी कब्र से भी दुनिया सैकड़ों वर्ष तक अनजान रही। कहना न होगा कि अंग्रेज हुकूमत से लड़ने के लिए इन्होंने टुकड़ों टुकड़ों में बंटे हिंदू और मुसलमानों को इस तरह एक जुट किया कि इस ताकत से अंग्रेज खौफजदा है ओ उठे और उन्हें अंदाजा हो चला था कि भारत में उनके दिन अब गिने चुने ही हैं। बहादुर शाह जफर के नेतृत्व में अंग्रेजों से लड़ी गई 1857 के उस युद्ध में यद्यपि कि हार मिली थी लेकिन यह युद्ध अंग्रेज हुकूमत के ताबूत में आखिरी कील सिद्ध हुआ। जब हम बहादुर शाह जफर को याद कर रहे होते हैं तब एक और शख्शियत का जिक्र लाजिमी हो जाता है जो पिछले दो तीन सालों से बहादुर शाह जफर की याद में दिल्ली से लेकर लखनऊ तक तमाम कार्यक्रम आयोजित करता है, उनके संघर्ष और जीवंतता से लैश किताबों को लोगों में बांट रहा होता है ताकि भारत के प्रति उनके विचार और असल सोच से लोग वाकिफ हों। जी हां! इस शख्स का नाम है बदरे आलम। बदरे आलम पूर्वी उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा पर स्थित सिद्धार्थनगर जिले के ग्राम दुधवनिया के निवासी हैं। यह गांव पं जवाहरलाल नेहरू की स्मृतियों में अंत तक रचा बसा रहा क्योंकि इसी गांव के निवासी मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी नेहरू के स्वतंत्रता संग्राम के सहभागी थे। देश आजाद होने के बाद नेहरू के ऊंची पदों के तमाम पेशकश को विनम्रता पूर्वक अस्वीकार करते हुए मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी नेहरू से कहते रहे कि मैं आपको एक युगद्रष्टा के रूप में देखना चाहता हूं। जिस रोज मेरी यह ख्वाहिश पूरी हो गई,समझिये कि मुझे दुनिया की सारी दौलत मिल गई। पंडित नेहरू स्वतंत्रता संग्राम के अपने इस साथी के समक्ष खामोश हो जाते। पंडित नेहरू आगे चलकर युगद्रष्टा के रूप में ही जाने गये। माना जाना चाहिए कि पंडित नेहरू को मिली इस पहचान में मौलाना अब्दुल कयूम रहमानी की भी दुआ जरूर रही होगी। बदरे आलम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के इसी सपूत के पुत्र हैं। बहादुर शाह जफर का जन्म सन् 24 अक्टूबर 1775 को हुआ था। 1837 में अकबर शाह द्वितीय की मृत्यु के बाद वे बादशाहत की गद्दी पर बैठे। बहादुर शाह जफर की एक खासियत यह भी थी कि उनके पूर्वज भले ही युद्ध करके भारत पर कब्जा कर शासन कर रहे थे, बहादुर शाह जफर हिंदुस्तान से बेहद मोहब्बत करते थे। वे एक नामचीन शायर भी थे। यदा कदा अपने शायरी में वे भारत के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार करते रहते थे। मुगलिया शासन के इतिहास में यह भी है कि उनके शायराना मिजाज और भारत के प्रति मोहब्बत के चलते अकबर शाह द्वितीय उन्हें मुगलिया शासन की सत्ता नहीं सौंपना चाहते थे। यह ऐसा वक्त था जब भारत से मुगलों के शासन काल अंत हो रहा था और अंग्रेजों का प्रभाव बढ़ता जा रहा था। शासन करने के लिए मुगलों के पास सिर्फ दिल्ली ही बचा था। दिल्ली को तब शाहजहां बाद भी कहा जाता था। मेरठ से 1857 में जब अंग्रेजों सैनिकों और शासकों के खिलाफ आवाज बुलंद करने के लिए राजे रजवाड़े एक हुए और उन्हें इसके लिए मजबूत नेतृत्व की जरूरत पड़ी तब उन्होंने बहादुर शाह जफर से संपर्क किया। 82 साल के बूढ़े बहादुर शाह जफर ने हिम्मत नहीं हारी और न ही बूढ़ा होने का रोना रोया। उन्होंने नेतृत्व करना स्वीकार किया और एक सफलतम क्रांतिकारी नेतृत्व किया भी यह अलग बात है कि उम्र के आखिरी पड़ाव में उन्हें इसकी बेहद पीड़ा दायक कीमत चुकानी पड़ी।

■ यशोदा श्रीवास्तव

# भारत को छद्म सेकुलरवाद से मुक्ति चाहिए

**अपने** विवेक और विश्वास के आधार पर जीना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। भारतीय संविधान (अनु. 19) में विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, संगठन बनाने व देश में अबाध संचरण के मौलिक अधिकार हैं। लेकिन छद्म सेकुलरवादी राष्ट्र राष्ट्रीयता व संवैधानिक मूल्यों पर आक्रामक रहते हैं। हाल में तमिलनाडु की स्टालिन सरकार ने सेकुलरिज्म के नाम पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचरण कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। सरकार ने प्रस्तावित कार्यक्रम के मार्ग में मस्जिद और चर्च होने के अमान्य तर्क दिये और कार्यक्रम की अनुमति देने से इनकार किया। मद्रास उच्च न्यायालय ने इस कृत्य पर कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि, 'संघ को अनुमति देने से इनकार करने का निर्णय संविधान की पंथनिरपेक्ष नीति के विरुद्ध है और लोकतान्त्रिक सिद्धान्तों के भी असंगत है।' सरकार का निर्णय मौलिक अधिकारों के भी विरुद्ध है। स्टालिन सरकार ने सेकुलरवादवाद की आड़ में पिछले वर्ष भी ऐसा ही किया था। तब संघ ने गांधी जयंती और भारतीय स्वतंत्रता के 75 साल पूरे होने के अवसर पर कार्यक्रम करने की अनुमति मांगी थी। सरकार ने अनुमति नहीं दी। संघ ने तब भी न्यायालय की शरण ली थी। वस्तुतः स्टालिन सरकार भारतीय सांस्कृतिक विचार का विरोध करती है। बेशक अपनी विचारधारा का प्रसार करना सबका अधिकार है। लेकिन स्टालिन सरकार सनातन परम्परा को मलेरिया, डेंगू, कोरोना आदि बताती है। सनातन परम्परा व संवैधानिक आर्दशों का अपमान करती है और इस सब के लिए छद्म सेकुलरवाद का सहारा लेती है। भारत के अधिकांश दल सेकुलरवाद के बहाने बहुसंख्यकों की भावना पर आक्रामक रहते हैं। सेकुलरवाद भारतीय विचार नहीं है। यह विचार यूरोप से आया है। इस शब्द का अर्थ प्रत्यक्ष भौतिक या सांसारिक होता है। इस विचार में आस्था के सभी केन्द्र गैरसेकुलर हैं। सेकुलरवाद की परिभाषा में सभी आस्थाएं और विश्वास गैरसेकुलर हैं। ईश्वर भी प्रत्यक्ष भौतिक संरचना नहीं है। ईश्वर प्रत्यय है और विश्वास है। इसलिए सेकुलर नहीं है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने हिन्दुत्व को भारत की जीवन पद्धति बताया था कि, 'हिन्दुत्व किस रिलीजन' या उपासना-पद्धति का नाम नहीं है। भारत की सुदीर्घ काल से चली आ रही संस्कृति और उस पर आधारित जीवन पद्धति का नाम है। हिन्दुत्व भारतीयता का पर्यायवाची है।' लेकिन सेकुलरवाद में हिन्दू और हिन्दुत्व साम्प्रदायिक हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक संगठन है। सेकुलर चश्मे में वह साम्प्रदायिक है लेकिन घोर साम्प्रदायिक मुस्लिम लीग, एआईएमआईएम सेकुलर हैं। इस विचार में ईसाईयत और इस्लामी विश्वास सेकुलर हैं। सार्वजनिक कार्यक्रमों में दीप प्रज्जवलन और संस्कृत के सुभाषित पढ़ना साम्प्रदायिक है। वन्दे मातरम भी सेकुलरवादियों के निशाने पर रहा है। इस्लामी परम्परा के रोजा कार्यक्रमों में राजनेताओं का जाना सेकुलर है। रामनवमी और जन्माष्टमी उत्सवों में हिस्सा लेना साम्प्रदायिक है। सेकुलरवादियों ने योग को भी साम्प्रदायिक बताया था। वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राज्य अमीरात गये थे। वे वहां की विशाल मस्जिद भी गये। प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा सफल रही। उनकी प्रशंसा हुई लेकिन सेकुलर दलतंत्र में दिलचस्प प्रतिक्रियाएं हुईं। प्रधानमंत्री की सहजता को सेकुलर दिखाई देने की कोशिश कहा गया था। मंदिर, मस्जिद या चर्च आदि उपासना केन्द्रों में जाने के प्रायः दो कारण हो सकते हैं। पहला अपनी आस्था विश्वास के अनुसार मंदिर, गुरुद्वारा, मस्जिद या चर्च जाना। यह स्वाभाविक है। दूसरा अपनी आस्था से भिन्न समुदायों के प्रति आदर भाव व्यक्त करने के लिए भी लोग उपासना स्थलों पर जाते हैं। लेकिन छद्म सेकुलरवाद ने मस्जिद जाने का तीसरा कारण बताया कि, मस्जिद जाने से सेकुलर होने की गारंटी है। एक सीनियर मुफ्ती कादरी ने दयनीय टिप्पणी की थी कि, 'प्रधानमंत्री होने के बाद मोदी ने अपने पद की जिम्मेदारियां ठीक से समझ लीं।' मुफ्ती की मानें तो मोदी जी मस्जिद न जाते तो गैर जिम्मेदार थे। मुफ्ती के अनुसार मस्जिद जाना संवैधानिक फर्ज निभाने के लिए जरूरी है। ऐसी ही हास्यास्पद टिप्पणी मुस्लिम विकास परिषद के चेयरमैन ने भी की, 'मस्जिद जाने की यह घटना स्टंट है। मोदी वाकई भारत को सेकुलर सिद्ध करना चाहते थे तो उन्हें अबुधाबी से पहले भारत की किसी मस्जिद में जाना चाहिए था।' टिप्पणी का भाव है कि, 'भारत को सेकुलर सिद्ध करना हो तो मस्जिद जाइये और स्वयं भी सेकुलर हो जाइये। नहीं जाते तो साम्प्रदायिक बने रहिये। छद्म सेकुलरवाद में सभी राष्ट्रीय प्रतीक साम्प्रदायिक हैं और अलगाववाद के प्रतीक सेकुलर हैं। मजेदार बात यह है कि इस्लामी राजनीतिक विचारधारा सेकुलरवाद नहीं मानती। ऐसी राजनीति राष्ट्रवाद को भी बुरा मानती है। इस्लामी विचार के विद्वान डॉ. मुशीरुल हक ने लिखा है, 'मुसलमान का यकीन है कि यह ईश्वरीय ज्ञान (इस्लामी मजहब) सारी दुनिया में फैलाना है। इसलिए वह उन लोगों को सम्मान की दृष्टि नहीं देख सकता जो कहते हैं कि सभी धर्म सच्चे हैं।' मौलाना मौदूदी इस्लाम और नेशनलिज्म को परस्पर विरोधी मानते। व्यावहारिक सेकुलर राजनीति में सेकुलरवाद का अर्थ अल्पसंख्यकवाद है और अल्पसंख्यकवाद का अर्थ मजहबी तुष्टीकरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में तुष्टीकरण को विकास विरोधी बताया है। छद्म सेकुलरवादी भारत को सांस्कृतिक राष्ट्र नहीं मानते। संघ इस देश को सांस्कृतिक राष्ट्र मानता है। राष्ट्र का परम वैभव संघ का ध्येय है। संघ पाकिस्तानी हमले (1965) में सरकार के साथ था। तत्कालीन संघ प्रमुख माधव सदाशिव गोलवलकर ने सितम्बर 1965 में वक्तव्य दिया कि, 'युद्ध थोपा गया है। परिस्थिति गंभीर है। हम सब को नई जिम्मेदारियों का वहन करना होगा। शासन उन्हें निभायेगा। लेकिन उस पर काफी भार होगा। मैं देशवासियों और संघ के स्वयंसेवकों का आह्वान करता हूं कि सरकार का समर्थन करें।' हिन्दू सभी पंथों का सम्मान करते हैं। भारत में सभी आस्था विश्वासी मजे से रहते हैं। हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध और पारसी सहअस्तित्व में हैं। राष्ट्रीय संकट की प्रत्येक घड़ी में संघ सरकार के साथ रहा है। लेखक खुशवंत सिंह ने 1972 में गोलवलकर से भेंट की थी। उन्होंने जेक क्यूरेन द्वारा लिखी गई पुस्तक 'आरएसएस एंड हिन्दू मिलिटरिज्म' के हवाले से प्रश्न पूछे थे। गोलवलकर ने ईसाईयों के सम्बंध में कहा, 'धर्मान्तरित करने के तरीकों के अलावा हमारा उनसे कोई विरोध नहीं।' मुसलमानों के बारे में कहा, 'उन्हें भारतीयता के प्रवाह में मिल जाना चाहिए।' संघ ने भारतीय राष्ट्रवाद को नई ऊंचाइयां दी हैं। न्यायालयों द्वारा हिन्दुत्व और संघ के सम्बंध में दिये गये निर्णयों पर छद्म सेकुलर ध्यान नहीं देते।

भारत के अधिकांश दल सेकुलरवाद के बहाने बहुसंख्यकों की भावना पर आक्रामक रहते हैं। सेकुलरवाद भारतीय विचार नहीं है। यह विचार यूरोप से आया है। इस शब्द का अर्थ प्रत्यक्ष भौतिक या सांसारिक होता है। इस विचार में आस्था के सभी केन्द्र गैरसेकुलर हैं। सेकुलरवाद की परिभाषा में सभी आस्थाएं और विश्वास गैरसेकुलर हैं। ईश्वर भी प्रत्यक्ष भौतिक संरचना नहीं है। ईश्वर प्रत्यय है और विश्वास है। इसलिए सेकुलर नहीं है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने हिन्दुत्व को भारत की जीवन पद्धति बताया था कि, 'हिन्दुत्व किस रिलीजन' या उपासना-पद्धति का नाम नहीं है।

■ हृदयनारायण दीक्षित

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट। - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## गागर में सागर

### विधायक ने किया पुल का शिलान्यास स्कूल की चहारदीवारी का भूमि पूजन



**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास शनिवार को सिमरिया प्रखंड के सलगी गांव के निकट लेमसा पुल का शिलान्यास एवं उच्च विद्यालय सलगी के चहारदिवारी निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। इस दौरान विधायक का स्थानीय ग्रामीणों ने स्वागत किया। विधायक ने कहा कि पुल के निर्माण से ग्रामीणों को काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता सुभाष सिंह ने किया।

### बच्चों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी



**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक उच्च विद्यालय पिंडारकोन के छात्र-छात्राओं को शनिवार को प्रभारी बीडीओ हरिनाथ महतो व थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने विज्ञान का पाठ पढ़ाया। इस दौरान बीडीओ ने श्वसन प्रकाशन व संश्लेषण पर छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी देने के साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारी दी, जबकि थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाने के साथ सड़क सुरक्षा मानकों के साथ नियमों से सभी को अवगत करया। मौके पर शिक्षक के साथ अन्य उपस्थित थे।

### काली पूजा कमेटी का किया गया गठन साहिल अध्यक्ष व दीपू बनाए गए सचिव



**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी काली पूजा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर युवा जागृति क्लब ने कमेटी का गठन कर तैयारी शुरू कर दी है। क्लब के सदस्यों ने सर्वसम्मति से साहिल कुमार सिंह को अध्यक्ष चुना, जबकि वरीय अनुभाग अभियंता आसिफ इकबाल राजू, सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, महिला समिति अध्यक्ष रेखा पाठक, सुनीता पाल को संरक्षक बनाया गया। दीपक राज दीपू को सचिव, पवन शर्मा, डब्लू ठाकुर को कोषाध्यक्ष, अभिषेक कुमार बिक्की, सागर कुमार, बिबेक कुमार, उज्जवल कुमार चंद्रा उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार चौहान, रितेश कुमार, सुमन कुमार, अनूप कुमार पूजा प्रभारी, पंडाल ववस्था प्रभारी पुटुन सिंह, अभय नाथ, मुन्ना, संदीप कुमार, अनीश कुमार, सुनील कुमार पंडाल व्यवस्था प्रभारी बनाए गए। कार्यकारणी सदस्य में यश पासवान, रितेश कुमार, आशीष कुमार, लालू राय, विकास पाल सिंह बनाए गए हैं।

### 2000 बॉयलर कुक्कुट चूजा का वितरण

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सा केंद्र में शनिवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 2000 बॉयलर कुक्कुट चूजा चार लाभुकों के बीच जिला परिषद सदस्य रमेश राम, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशिला वागे ने संयुक्त रूप से वितरण किया। मौके पर टोंटी उप मुखिया जितेंद्र प्रसाद, बिनोद बैठा, सप्लायर अजय कुमार, मो. शाहिद सिराज आदि उपस्थित थे।

### राजद जिला उपाध्यक्ष बने रसीद खान

**चंदवा।** राष्ट्रीय जनता दल लातेहार जिला कमेटी ने चंदवा निवासी अब्दुल रसीद खान को लातेहार जिला



उपाध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी से इस पद की गरिमा का ख्याल रखूंगा और पार्टी हित में उचित कदम उठाऊंगा। खान को जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, बब्लू गिरी, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अजित श्रीवास्तव, महासचिव तपवन कुमार यादव, हारून रशीद, संजीवन भोगता, जमील आलम ने बधाई दी है।

### दो महीने से मजदूरी नहीं मिलने से मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति

# मनरेगा मजदूरों का नहीं हो रहा भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा**

एक तरफ जहां सरकार दीपावली उत्सव पर सरकारी कर्मियों को बोनस पर बोनस दे रही है, वहीं दूसरी तरफ अंतिम पायदान पर गुजर बसर करने वाले मनरेगा मजदूर भुखमरी के कगार पर हैं। पिछले दो महीने से मनरेगा मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं होने से मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।



कई मजदूरों ने समय से मजदूरी भुगतान नहीं होने के कारण मनरेगा के कार्य करने में असंतोष जता रहे हैं। अब जाहिर सी बात है की मजदूरी का भुगतान नहीं होने से दीपो का त्योहार दीपावली भी फीका पड़ने वाला है। मजदूरों ने बताया कि हमलोग गरीब वर्ग से हैं। प्रतिदिन कार्य कर उसी पैसे से अपना घर चलाते हैं। ऐसे में यदि डेढ़ माह तक पैसा नहीं मिलेगा तो दैनिक स्थिति काफी विषम हो जाती है। मजदूरों ने दीपावली से पहले सरकार से मजदूरी भुगतान करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार सीर्फ कुंदा प्रखंड में 96 लाख 34 हजार 146 रुपये मजदूरी का भुगतान नहीं हो पाया है।

## स्कूल क्रिकेट लीग : आरसीसी की जीत में राम प्रजापति का 'छक्का'

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिला क्रिकेट संघ की ओर से आयोजित स्कूल क्रिकेट लीग ए ग्रुप का अंतिम मैच एसवीएम व आरसीसी के बीच खेला गया। आरसीसी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 151 रन बनाए। राम प्रजापति ने 36, रोहित तथा अमित ने 26-26 रनों का योगदान दिया। एसवीएम की ओर से विद्यांशू 3, अभिषेक 2 सकेंद्र 2 तथा किशन ने 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसवीएम की पूरी टीम 84 रन पर ढेर हो गई। सूरज ने 20, हर्ष ने 14 तथा किशन ने 11 रनों का योगदान दिया। आरसीसी की ओर से राम प्रजापति ने 6, प्रणव 2 तथा विकास ने 2 विकेट चटकाए। मैच के अंपायर श्रवण महली तथा कुमार शानू थे, जबकि स्कोरिंग समरेश



बादल ने किया। वहीं मैच के पर्यवेक्षक श्रवण महलि थे। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आरसीसी के राम प्रजापति को मैच पर्यवेक्षक सह कोच श्रवण महली के द्वारा दिया गया। मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# डीसी से हर घर नल जल में अनियमितता की शिकायत

### भुषाढ़ के ग्रामीणों ने उपायुक्त कार्यालय को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

प्रखंड की कामता पंचायत अंतर्गत भुषाढ़ गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपायुक्त के नाम कार्यालय को ज्ञापन सौंपा, जिसमें हर घर नल जल में घोर अनियमितता बरतने की शिकायत की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम भुषाढ़ में हर घर नल जल योजना के तहत बोरिंग कर टावर खड़ा किया गया है, लेकिन गांव के प्रेम उरांव के घर के समीप लगी पानी टंकी में एक बूंद पानी नहीं चढ़ रहा है। नरेश उरांव के घर के सामने लगी टंकी में भी पानी नहीं चढ़ रहा है। इसके कारण इन दो टावरों के कनेक्शनधारियों को एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। वहीं करीब एक दर्जन घरों में पानी का कनेक्शन ही नहीं दिया गया है। अन्य घरों में नल तो लगा दिया गया है लेकिन नल के नीचे प्लेटफॉर्म अबतक नहीं बनाई गई है। वहीं नरेश उरांव के घर के सामने लगे टावर की सीढ़ी को रस्सी के सहारे बांधकर छोड़ दिया गया है। इससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। कनेक्शन के पाइप

#### पंसस ने कहा- संवेदक जैसे-तैसे कर रहा है कार्य




में जगह-जगह लिकेज हो रहा है। इसे दुरुस्त करने के लिए कई बार मिस्त्री से कहा गया लेकिन अबतक इसे ठीक नहीं कराया गया है। भुषाढ़ गांव में कार्य की शुरुआत हुए करीब दो महीने से अधिक समय हो गया, लेकिन अबतक योजना के ठेकेदार का कोई अता पता नहीं है।

वहीं कामता पंसस अयुब खान ने कहा कि कामता पंचायत में ठेकेदार द्वारा नल जल योजना में लगातार अनियमितता बरती जा रही है। इसको लेकर कई बार आवाज उठाई गई, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने भुषाढ़ में हर घर नल जल योजना के अधूरे कार्यों को पूरा कराने की मांग की है। ज्ञापन में वार्ड सदस्य सुमंत उरांव, तेज कुमार पन्ना, बैजनाथ ठाकुर, सीमा देवी, जतरी देवी, द्वारिका ठाकुर, पीटर एक्का, सूरज देव उरांव, सुनील गंझू, दिनेश कुमार, बनारसी साव, अनिल गंझू, पुनम देवी, संजय उरांव, नंदलाल ठाकुर, प्रेम उरांव, मजरी देवी, मांती देवी, प्रकाश उरांव, बिराजो देवी, गोवर्धन उरांव, नूतन किस्पोट्टा, सुनील मिंज, सुकंती देवी, उर्मिला देवी, सुकरी देवी, दिपा देवी आदि के हस्ताक्षर हैं। खान ने कहा है कि हर घर नल जल योजना का संवेदक बेलगाम हो गया है। संवेदक का काम धरातल पर जैसे-तैसे हो रहा है। उसका अता पता नहीं चलता है। घटिया काम हो रहा है।

### अंशकालिक शिक्षक संघ ने सेवाअवधि विस्तार मिलने पर जताया आभार

**बरवाडीह।** लातेहार जिले के कल्याण विभाग की ओर से संचालित घंटी आधारित अंशकालिक शिक्षकों ने राज्य मंत्री परिषद द्वारा सेवाअवधि विस्तार मिलने पर स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह का आभार प्रकट किया है। घंटी आधारित अंशकालिक शिक्षकों ने जिला अध्यक्ष राजदीप कुमार एवं अमृता कुमारी के नेतृत्व में विधायक रामचंद्र सिंह को मांग पत्र देकर सेवा अवधि विस्तार करने की मांग की थी, जिसको विधायक ने मुख्य मंत्री के समक्ष प्रमुखता से रखा था। विधायक की मांग पर 3 अक्टूबर को मंत्री परिषद में लिए गए अहम निर्णय में इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। घंटी आधारित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं अभिषेक भारती, देवराज सिंह, सुनीता कुमारी, संगीता कुमारी, सरसोदर महतो, प्रदीप नाग, अरुंजय पाठक, जीतन, रवींद्र कुमार, उषा कुजूर, अनुपमा मरांडी, शेखर राज, सिलवश मरांडी, साना, अभिषेक आदि ने मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन, विभागीय मंत्री चंपई सोरेन, प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, विधायक सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## बालूमाथ बीडीओ को सौंपा गया सीडीपीओ का प्रभार



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव को प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

शनिवार को प्रखंड विकास कार्यालय में बालूमाथ के पूर्व प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आफताब आलम की उपस्थिति में जिला के उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने ग्रहण कर लिया है। इस दौरान उरांव ने अपनी प्राथमिकता गिनाते हुए बताया कि जिस विश्वास के साथ उपायुक्त ने मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है, उसपर पूर्णता खरा उतरने का प्रयास करूंगा। विभाग के कार्य को आगे भी सुचारु रूप से चलाया जाएगा। इस दौरान मौजूद बालूमाथ के पूर्व सीओ सह पूर्व प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आफताब आलम को अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विभाग के पर्यवेक्षिका सेविका एवं सहायिका के साथ कई कर्मी उपस्थित रहे।

## तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

थाना परिसर में डीएसपी दिल्लु लोहार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि रांची से एंबुलेंस में शराब भरकर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, मनिका सब इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार राय एवं पुलिस बल के जवान थाना क्षेत्र के नामुदाग इमली के पास वाहनों की जांच की गई। इस दौरान एंबुलेंस से शराब ले जाते वाहन को जब्त कर लिया गया। एंबुलेंस को एक्सकोट कर रहे इको स्पॉट कार को भी जब्त कर लिया गया। तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिन्हें शनिवार को लातेहार जेल भेज दिया गया। जब्त शराब में नाइट गर्ल की फुल बोतल 1020 पीस हैं। शराब तस्करी में जुड़े और लोगों को मनिका पुलिस चिन्हित कर रही है।

## मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में मुख्य निर्वाचन कार्यालय रांची के सिस्टम एनालिस्ट एसएन जमील ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित जिले के पदाधिकारियों, बीएलओ, सुपरवाइजर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ शनिवार को बैठक की। सर्वप्रथम प्री फील्ड फॉर्म की समीक्षा की गई, जिसमें सिमरिया एवं चतरा विधानसभा की स्थिति बेहतर पाई गई। 27 नवंबर से 9 दिसंबर तक चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में पंजीकरण, न्यून गुणवत्ता फोटो एवं ब्लैक एंड वाइट व ब्लर फोटो रिप्लेस, ईआरओ नेट पर इंट्री कार्य, 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को चिन्हित कार्य, दिव्यांग मतदाता, इंपॉटेंट मतदाता, मार्किंग कार्य, फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करने से संबंधित कार्य की बिंदुवार समीक्षा कर सभी बीएलओ को प्रशिक्षण देने की बात कही। साथ ही शेड और फुटपाथ पर बेघर व्यक्ति को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु कई जानकारियां भी संबंधितों के साथ साझा किया गया। वहीं जिले के जेंडर रिशियों की भी समीक्षा की गई। उन्होने सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को



अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण करने और बीपीओ व सुरपरवाइजर द्वारा किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करने की बात कही। मतदाता कार्ड वितरण कार्य को लेकर कहा कि सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने नजदीकी पोस्ट ऑफिस में जाकर देखेंगे कि पोस्ट ऑफिस में मतदाता कार्ड डंप तो नहीं पड़ा हुआ है और डाकिया के माध्यम से पोस्ट में पड़े मतदाता कार्ड का शत प्रतिशत वितरण करायेंगे। उक्त बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सह नदेशक डीआरडीए अरूण कुमार एक्का, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुंमडल पदाधिकारी सुधीर कुमार दास, सभी सहायक निर्वाचक निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीआरओ एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

#### निर्वाचन पदाधिकारी ने सिस्टम एनालिस्ट के साथ की बैठक

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने अपने गोपनीय कार्यालय कक्ष में मुख्य निर्वाचन कार्यालय झारखण्ड रांची के सिस्टम एनालिस्ट एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक की। बैठक में 1 जनवरी 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए 27 नवंबर से 9 दिसंबर तक चलाये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत बिरहोर परिवारों का मतदाता सूची में पंजीकरण, न्यून गुणवत्ता फोटो एवं ब्लैक एण्ड वाईट व ब्लर फोटो रिप्लेस, ईआरओ नेट पर इंट्री कार्य, 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को चिन्हित कार्य, दिव्यांग मतदाता, इंपॉटेंट मतदाता, मार्किंग कार्य, फार्म 6, 7 एवं 8 प्राप्त करने से संबंधित कार्य मतदान केन्द्र पर चलाए जा रहे विशेष अभियान से संबंधित जानकारी साझा की गई।

### पहल चुनावी राजनीति, प्रशासनिक व्यवस्था पर हुआ सेमिनार

# बच्चों ने विभिन्न विषयों पर पूछे सवाल

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

प्रखंड अंतर्गत द विजन पब्लिक स्कूल पिपराही में शनिवार को चुनावी राजनीति, पत्रकारिता व प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का यायोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम, जिप सदस्या सरिता देवी, कोनी मुखिया ने संयुक्त रूप से किया। मंच का संचालन शिक्षक दीपक कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक ज्ञान रंजन कुमार ने किया। सेमिनार में वर्ग छह से दस तक के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



बच्चों द्वारा बारी-बारी से सभी अतिथियों से प्रश्न पूछा गया। वर्ग दस की छात्रा मानसी कुमारी ने डीएसपी से प्रशासन पर आधारित प्रश्न पूछा, तो कक्षा 10 की आरती कुमारी ने मुखिया रनंजय भारती से संविधान से संबंधित प्रश्न पूछा। सेमिनार में मुख्य रूप से वरिष्ट पत्रकार विजय शर्मा, अनुज कुमार पांडेय, संतोष केसरी, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे, रवि कुमार दांगी, भरत साव, रामाशंकर पासवान, मलकपुर के राजकुमार रजक, शिक्षक अवधेस कुमार दास, सिंधु सिंह, मानशी कुमारी, राशि कुमारी, आरती कुमारी, जानवी कुमारी, दीप राज व आरुषि आदि उपस्थित थे।

### ओवर ग्राम में जतरा मेले का किया जाएगा आयोजन

**लातेहार।** दीपावली व छठ पूजा के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी बड़े उत्साह व उमंग के साथ लातेहार सदर प्रखंड की नेवाड़ी पंचायत के समीप ओवर ग्राम में जतरा मेला का आयोजन किया जाएगा। इस मेले के आयोजन को लेकर आयोजकों की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। बता दें कि आदिवासी समाज के लिए जतरा एक पारंपरिक त्योहार है, जिसमें समाज के हर वर्ग के लोग शामिल होते हैं और खुशी मनाते हैं। इस मेले का आदिवासी समाज के लोगों के बीच काफी आकर्षण देखने को मिलता है। लोग पारंपरिक तरीके से इस त्योहार को वर्षों से मनाते आए हैं। मौके पर अनिल नायक, प्रदीप नायक, रामानंद नायक, संतोष नायक, विनय नायक, प्रदीप नायक आदि मौजूद थे।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में शनिवार को कक्षा तृतीय से अष्टम तक के छात्र-छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा तृतीय से पंचम तक राष्ट्रीय पक्षी मोर बनाओ प्रतियोगिता एंव कक्षा षष्ठ से अष्टम तक दीप बनाओ प्रतियोगिता कराई गई। प्रधानाचार्य जितेंद्र राम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कला के महत्व पर प्रकाश डाला।




कक्षा तृतीय में प्रथम स्थान श्रेयांश कुमार, द्वितीय स्थान सुनीता कुमारी, तृतीय स्थान प्रिंस कुमार, कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान परिधि कुमारी, द्वितीय स्थान नितिन कुमार, तृतीय स्थान सुधा कुमारी, कक्षा पंचम में प्रथम स्थान बुबुन कुमारी, द्वितीय स्थान रिया कुमारी, बी तृतीय स्थान रिया कुमारी ए, कक्षा षष्ठ में प्रथम स्थान आकाश कुमार, द्वितीय स्थान अनुराग कुमार, तृतीय स्थान सपना कुमारी, कक्षा सप्तम प्रथम स्थान कशिश कुमारी, द्वितीय स्थान प्रियांशी कुमारी, तृतीय स्थान श्वेता कुमारी, कक्षा अष्टम में प्रथम स्थान रानी कुमारी, द्वितीय स्थान यश कुमार, तृतीय स्थान सुजाता कुमारी एवं चांदनी कुमारी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य राजकिशोर मिश्र, शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, नीतीश कुमार, बसंत कुमार आचार्या वीणा देवी, किरण देवी, खुशबू कुमारी बिनीता कुमारी, मधुबाला कुमारी का अहम योगदान रहा।




## गागर में सागर

### पीएम ने भाजपा विधायक गोवर्धन शर्मा के निधन पर जताया दुख



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के अकोला पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक गोवर्धन शर्मा के निधन पर शनिवार को दुख व्यक्त किया। कैंसर से जूझ रहे विधायक शर्मा का 74 वर्ष की आयु में शुक्रवार को अकोला में निधन हो गया था। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र विधानसभा में विधायक गोवर्धन शर्मा जी के निधन से दुख हुआ। उन्हें समाज की सेवा के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने एक प्रभावी विधायक के रूप में अपनी पहचान बनाई, जिन्होंने हमेशा जन कल्याण के मुद्दों को उजागर किया। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना। ओम शांतिः।

### अमित शाह आज मुजफ्फरपुर में रैली को करेंगे संबोधित

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिवसीय दौरे पर रविवार को बिहार आएंगे। पिछले 10 महीने में यह उनका पांचवां दौरा है। वे मुजफ्फरपुर के पताही हवाई अड्डे पर रैली को संबोधित करेंगे। तय कार्यक्रम के मुताबिक वे यहां सवा दो घंटे तक रहेंगे। शाह हवाई जहाज से दिल्ली से सीधे पटना पहुंचेंगे और हेलीकॉप्टर से पताही हवाई अड्डे पर पौने एक बजे पहुंचेंगे। तीन बजे वे फिर पटना के लिए रवाना हो जाएंगे।

### मुकेश अंबानी धमकी मामले में 2 युवक गिरफ्तार



**मुंबई।** उद्योगपति मुकेश अंबानी को धमकी भरा ई-मेल भेजने के मामले में शनिवार को मुंबई पुलिस ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक तेलंगाना और दूसरा गुजरात का रहने वाला है। पिछले हफ्ते अंबानी को फिरौती कि धमकी देने वाले 5 ई-मेल मिले थे। आरोपितों ने अंबानी को जान से मारने की धमकी देकर फिरौती मांगी थी। इस मामले में मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच के अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुकेश अंबानी को धमकी देने के मामले में 19 साल के गणेश रमेश वनपर्थी नाम के युवक को तेलंगाना के वारंगल से गिरफ्तार किया गया है। गणेश ने 01 नवंबर को सुबह करीब 10.32 बजे अंबानी को धमकी भरा ईमेल भेजकर 500 करोड़ रुपये की मांग की थी। पुलिस ने उसका मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त कर लिया। साथ ही पुलिस ने उसके द्वारा भेजा गया धमकी भरा ई-मेल भी रिकवर कर लिया है। आरोपित गणेश वनपर्थी ने इस ई-मेल को डिलीट कर दिया था। गिरफ्तारी के बाद गणेश को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 08 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### प्रवीण मधुकर पवार सीबीआई में संयुक्त निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी प्रवीण मधुकर पवार को पांच साल के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) में संयुक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश से यह जानकारी मिली। प्रवीण मधुकर पवार 2003 बैच के कर्नाटक कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पांच साल के लिए सीबीआई के संयुक्त निदेशक पद पर उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

# अगले 5 साल तक मिलता रहेगा देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन : मोदी

**एजेंसी। रतलाम**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां कहा कि भाजपा के प्रति मध्य प्रदेश में अटूट विश्वास रहा है। आज यह विश्वास और अधिक हो गया है जब भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। भाजपा ने भारत को विश्व का पांचवां आर्थिक दृष्टि से शक्तिशाली देश बना दिया है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा समाप्त हो रही है। इसे पुनः पांच वर्ष के लिए बढ़ाया जाएगा ताकि गरीब तबके के लोग अपनी जरूरतें पूरी कर सकें। गरीबों को जो गारंटी मोदी देता है उसे वह पूरा भी करता है। इसलिए डबल इंजन की सरकार देश व समाज की आवश्यकता है। मध्य प्रदेश में फिर से दो तिहाई बहुमत से भाजपा की सरकार बनाएं, यही सभी से आग्रह है।

मोदी ने भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि तीन दिसंबर को हमें विजय दिवस मनाना है। मिठाई के साथ ही रतलामी सेव भी खाई जाएगी, क्योंकि बिना रतलामी सेव के मिठाई का भी कोई स्वाद नहीं है। मध्य प्रदेश में भाजपा की आंधी चल रही है। जनता भाजपा के समर्थन में है। दिल्ली में बैठकर लोग हिसाब-किताब कर रहे हैं। वह गणित गड़बड़ा जाएगा। भाजपा को दो तिहाई बहुमत से भी अधिक सीटें मध्य प्रदेश में मिलेंगी। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा कि हर क्षेत्र में भाजपा सरकार ने विकास के द्वार खोले हैं। चंद्रमा पर झंडा गाड़ा है। विश्व में भारत की नई पहचान बनाई है जिसमें मध्य प्रदेश का भी बड़ा योगदान है। एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी एक बार फिर यह नारा सिद्ध करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा आप के परिवार के वर्तमान एवं बच्चों के भविष्य के लिए काम कर रही है। मध्य प्रदेश के मेरे भाई-बहनों मेरी गारंटी है आप का सपना ही मोदी का संकल्प है। इसलिए गरीब से गरीब परिवार को समर्थ बनाना भाजपा सरकार का मिशन है। भाजपा सरकार गरीब की हर चिंता समाधान करेगी, उनकी छोटी-छोटी जरूरत को पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस ही है जिसने आदिवासी राष्ट्रपति का विरोध किया था। भाजपा सरकार ने आदिवासी समुदाय को सम्मान दिलवाया। बिरसा मुंडा, टंट्या मामा, रानी कमलापति के नाम पर अनेक संस्थानों के नाम हैं। आदिवासी सशक्तीकरण के लिए भाजपा ने काम किया। देश में आदिवासी महिला राष्ट्रपति दी और भी अनेक कार्य किए। पूरे देश का आदिवासी समाज कांग्रेस से नाराज है उसे सजा देने के मूड में है।

उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस का मतलब हजारों करोड़ का घोटाला, कांग्रेस का मतलब राज्य को बीमार बनाने की गारंटी। आप जानते हैं कांग्रेस के दो नेता आपस में क्यो लड़ रहे हैं? वे सीएम की कुर्सी के लिए नहीं लड़ रहे उन्हें पता है कि उनकी दाल यहा गलने वाले नहीं इसलिए वे कुर्सी के लिए नहीं लड़ रहे हैं। यह जो अंदर कपड़ा फाड़ चल रहा है वे नेता अपने-अपने बेटों के लिए लड़ रहे हैं ताकि कांग्रेस पर कब्जा कर सकें। कांग्रेस सिर्फ परिवारवाद का परचम लहरा सकती है, मध्य प्रदेश का परचम लहराना कांग्रेस के बस की बात नहीं है। कांग्रेस की आपस की लड़ाई में हमें एक बात भूलनी नहीं है जहां कांग्रेस को मौका मिला उन्होंने जनता के कपड़े फाड़ दिए। इसलिए इनको अवसर देना बहुत बड़ा संकट होगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता फिल्मी है, कांग्रेसियों के डायलग भी फिल्मी है, कांग्रेस की घोषणाएं भी फिल्मी है और जब किरदार फिल्मी है तब सीन भी फिल्मी होगा। दो नेता एक-दूसरे के कपड़े फाड़ रहे हैं। अभी तो फिल्म का ट्रेलर है। ये अपने-अपने चेलों को बताते हैं एक बार अगर मौका मिल गया तो उसके बाद वो खुद के तो कपड़े फाड़ेंगे आपके भी फाड़ेंगे।

प्रारंभ में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि मोदीजी ने प्रदेश के विकास में और जनकल्याण में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोदी के नेतृत्व में प्रदेश में हुए विकास का उन्होंने जिक्र किया तथा कहा कि वे हम सबको आशीर्वाद दें ताकि प्रदेश में कमल का फूल पुनः खिले और प्रदेश में भाजपा की सरकार बने।

## कांग्रेस की प्राथमिकता भ्रष्टाचार में लिप्त : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के दुर्ग में एक चुनावी जनसभा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता भ्रष्टाचार में लिप्त होकर अपना खजाना भरना है। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक दल गरीबों को बांटने की नई-नई साजिशें रच रहे हैं। वह जातिवाद का जहर फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के लिए देश में सबसे बड़ी जाति गरीब है और मोदी उनके सेवक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब को धोखे के सिवाय कभी कुछ नहीं दिया। कांग्रेस गरीब की कभी कद्र नहीं करती। उसे गरीब का दुख-दर्द कभी समझ नहीं आता। इसलिए जब तक कांग्रेस केंद्र सरकार में रही, वो गरीबों के हक का पैसा लूटकर खाती रही, अपने नेताओं की तिजोरी में भरती रही। उन्होंने कहा, कांग्रेस नहीं चाहती कि गरीबों का कल्याण हो, वह नहीं चाहती कि उनकी स्थिति सुधरे।

कथित महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने तो महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा है। दो दिन पहले ही रायपुर में बहुत बड़ी कार्रवाई हुई है, रुपयों का बहुत बड़ा ढेर मिला है। लोग कह रहे हैं कि ये पैसा सट्टेबाजों का है, जुए का खेल खेलने वालों का है, जो उन्होंने छत्तीसगढ़ के गरीबों और नौजवानों को लूट कर जमा किया है। लूट के इसी पैसे से कांग्रेस के नेता अपना घर भर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि यहां की सरकार और मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ की जनता से बताना चाहिए कि दुबई में बैठे इस घोटाले के आरोपितों के साथ उनके क्या संबंध हैं। आखिर ये पैसा पकड़े जाने के बाद यहां के मुख्यमंत्री क्यों बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी को तो ये कांग्रेसी दिन-रात गालियां देते हैं, लेकिन यहां के मुख्यमंत्री अब देश के सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों को भी गाली देने लगे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद ऐसे घोटालों की सख्ती से जांच की जाएगी, आपका पैसा लूटने वालो को जेल भेजा जाएगा। इस सरकार से छत्तीसगढ़ छुटकारा चाहता है। छत्तीसगढ़ भाजपा के चुनाव घोषणापत्र का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ चुनाव संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं और किसानों को सबसे बड़ी प्राथमिकता दी गई है। भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है कि हम जो कहते हैं, वो करके रहते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ने बनाया और मैं गारंटी देता हूं कि छत्तीसगढ़ को भाजपा ही संवारेगी, लेकिन भाजपा के संकल्प पत्र के आगे कांग्रेस का झूठ का पुलिंदा भी है। कांग्रेस की प्राथमिकता है अपने नेताओं के चहेतों को नौकरियां बांटना, आपके बच्चों को नौकरियों से बाहर करना। पीएससी घोटाले में कांग्रेस ने यही तो किया।

छग विस चुनाव

## आदिवासी का मतलब इस देश के पहले हकदार : राहुल गांधी




**एजेंसी। जगदलपुर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी शनिवार को जगदलपुर के लालबाग मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि पांच साल के अंदर किसी उद्योगपति ने अपना काम चालू नहीं किया तो उसकी जमीन वापस करने का वादा कांग्रेस ने पूरा किया। अडानी के प्रोजेक्ट को कांग्रेस ने निरस्त करके दिखाया। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेता आदिवासी को वनवासी कहते हैं, यह आदिवासियों का अपमान है। आदिवासी का मतलब इस देश के पहले हकदार हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी मांग बैंक की है, क्योंकि हमने किसानों की जेब में पैसे डाले। हमने वादा किया था कर्ज माफ करके दिखाएंगे, 23 हजार करोड़ रुपये किसानों के अकाउंट में डाल कर दिखाया। हम आदिवासियों के साथ खड़े हैं।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने 96 साल के स्वतंत्रता सेनानी को पेंशन जारी न करने पर केंद्र पर जुर्माना लगाया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने देश की आजादी की लड़ाई में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले 96 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी को 'स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन' प्रदान करने में उसके 'असुविधाजनक दृष्टिकोण' और 'विफलता' के लिए केंद्र सरकार पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्र सरकार की 'निष्क्रियता' पर कड़ी अस्वीकृति व्यक्त की, जिसे उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी उत्तम लाल सिंह का अपमान माना। गुलाम भारत में सिंह को भगोड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया था, और तत्कालीन ब्रिटिश सरकार द्वारा शुरू की गई कार्यवाही के दौरान उनकी जमीन कुर्क की जा सकती थी। अदालत ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह 12 सप्ताह के भीतर स्वतंत्रता सेनानी को 1 अगस्त 1980 से भुगतान की तारीख तक 6 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज के साथ पेंशन जारी करे। न्यायमूर्ति प्रसाद ने अपने आदेश में कहाः भारत संघ के उदासीन दृष्टिकोण के लिए, यह न्यायालय भारत संघ पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाना उचित समझता है। याचिकाकर्ता को आज से छह सप्ताह के भीतर लागत का भुगतान किया जाए।

बिहार सरकार ने सिंह के मामले की सिफारिश की थी, लेकिन राज्य द्वारा भेजे गए मूल दस्तावेज कथित तौर पर केंद्र सरकार के पास से गुम हो गये थे। पिछले साल बिहार सरकार ने एक बार फिर सिंह के दस्तावेजों का सत्यापन किया।

## महाराष्ट्र : केमिकल कंपनी हादसे में अब तक 8 लोगों की मौत, 3 अब भी लापता

### मृतकों के परिजनों को कंपनी की ओर से 30 लाख रुपये और मुख्यमंत्री कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद घोषित

**एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के महाड एमआईडीसी में ब्लू जेट हेल्थकेयर कंपनी में हुए विस्फोट में अब तक 8 कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। इस घटना में अभी तीन लोग लापता हैं। एनडीआरएफ की टीम, पुलिस टीम और हेल्थ फाउंडेशन के कार्यकर्ता मौके पर शनिवार को भी लापता लोगों का शव ढूढ रहे हैं। इस घटना में मृतकों के आश्रितों को कंपनी की ओर से 30 लाख रुपये और मुख्यमंत्री राहत कोष से 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री शिंदे समूह के विधायक भरत गोगावले ने बताया कि बीमा कंपनियों की ओर मृतकों के परिजनों को और भी आर्थिक मदद दिलाने का प्रयास जारी है। इस घटना में 7 मजदूर घायल हो गए हैं, इन सभी का इलाज महाड के ग्रामीण अस्पताल में जारी है। महाड एमआईडीसी में स्थित ब्लू जेट हेल्थकेयर कंपनी में शुक्रवार को सुबह 10 बजे विस्फोट हुआ था। इसके बाद कंपनी में आग लग गई थी। बताया जा रहा है कि यहां धमाकों का सिलसिला शाम तक जारी था और करीब 20-25 धमाके हुए। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया था। भारी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने शुक्रवार को देर रात तक आग पर काबू पा लिया था।

## पुंछ में एसआईए ने कई स्थानों पर की छापेमारी

**पुंछ।** विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकवाद से जुड़े एक मामले में शनिवार को पुंछ जिले में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की। टीम ने सबसे पहले कनुइयन निवासी मोहम्मद हाफिज के घर पर छापेमारी की। अधिकारियों के मुताबिक छापेमारी के समय हाफिज घर पर मौजूद नहीं था। एसआईए टीम ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर पुंछ जिले के कोपरा टॉप, बचियान वाली, शिएनदारा, थांडी कस्सी और मोहल्ला सैदान में भी संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है।




## मेगास्टार अमिताभ बच्चन के लिए अभिनेता सुमीत राघवन ने गाया गाना



**'कौन** बनेगा करोड़पति' सीजन 15 के मंच पर पहुंचे अभिनेता सुमीत राघवन ने मेगास्टार अमिताभ बच्चन को उनकी तीन हिट धुनें गाकर सुनाई। क्विज आधारित रियलिटी शो के पारिवारिक विशेष सप्ताह के 60वें एपिसोड में, बिग बी ने सिटकॉम 'वागले की दुनिया - नई पीढ़ी, नए किस्से' की 'द वागले फैमिली' का हॉट सीट पर स्वागत किया। परिवा प्रणति और भारती आचरेकर के साथ सुमीत हॉट सीट पर आए। सुमीत ने शो में राजेश वागले का मुख्य किरदार निभाया है, परिवा ने वंदना वागले की भूमिका निभाई है, जबकि भारती को राधिका वागले के रूप में देखा जाता है। बातचीत के दौरान अमिताभ ने कहा, राजेश (सुमीत का जिक्र करते हुए), आप जानते हैं कि मिस्टर कंप्यूटर कहते हैं कि आप एक अद्भुत गायक हैं। मैं चाहता हूं कि आप हमारे स्टूडियो दर्शकों के लिए प्रदर्शन करें। 'शोले' फेम अभिनेता ने कहा," हम आपका प्रदर्शन देखने के लिए उत्सुक हैं।" राजेश उर्फ सुमीत ने कहा, सर, मैंने आपके गानों का मिश्रण तैयार किया है। तीन गाने हैं, गानों का स्तर अलग-अलग होता है लेकिन मैंने उन्हें किसी तरह से फिट किया है।"

## 'डंकी' के पोस्टर में शाहरुख अपने 'उल्लू के पट्ठों' के साथ मीलों चले

**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान और 'डंकी' निमार्ताओं ने फिल्म के दो नए पोस्टर जारी किए हैं, जहां शाहरुख अपने 'उल्लू के पठठों' के साथ मीलों पैदल चलते दिख रहे हैं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर पोस्टर का अनावरण किया, जिसमें सबसे पहले उनके चरित्र हार्डी के साथ तापसी पन्नू के चरित्र मनु, विक्की कौशल के चरित्र सुखी, विक्रम कोचर के गुड्डु और अनिल ग्रोवर के बल्ली को दशार्या गया है। फिल्म के हास्य पक्ष को दशार्ते हुए पांचों पात्र बस हंसते-मुस्कुराते हुए आगे बढ़ रहे हैं। अगली तस्वीर में पांचों को रेगिस्तान में कुछ दूरी पर चलते हुए दिखाया गया है और उनके पीछे बोमन ईरानी का किरदार गुलाटी भी है। शाहरुख ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हम बिल्कुल उसी तरह दिख रहे हैं, जैसे राजू सर ने अपने 'उल्लू के पट्ठों' को इमेजिन किया था, इनके बारे में बहुत कुछ शेयर करना अभी बाकी है।"

## उर्फी जावेद की गिरफ्तारी के पीछे का सच आया सामने, अब एक्ट्रेस के खिलाफ होगी कार्रवाई



**सोशल** मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद अपने अजीबोगरीब कपड़ों को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। उनकी कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। शुक्रवार को उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें दो महिला पुलिसकर्मी उन्हें पकड़ कर जीप में ले जाती दिख रही हैं। वीडियो वायरल होने के बाद दावा किया गया कि उर्फी को अजीब कपड़े पहन कर अश्लीलता फैलाने के आरोप में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि, यह खुलासा हो चुका है कि उनका यह वीडियो फर्जी है। मुंबई पुलिस ने खुद इस मामले का संज्ञान लिया है और इस रिपोर्ट की पुष्टि की है कि यह वीडियो फर्जी है। यह बात सामने आई है कि उर्फी ने यह वीडियो सिर्फ प्रसिद्धि पाने के लिए बनाया है। अब उनके इस फर्जी वीडियो पर एफआईआर दर्ज की गई है। मुंबई पुलिस ने उर्फी जावेद और वीडियो में दिख रही महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मुंबई पुलिस ने ट्वीट किया कि, 'कोई भी सस्ती पब्लिसिटी के लिए देश के कानून का उल्लंघन नहीं कर सकता!

## दहला

## आधी रात को आए भूकंप से सहमे लोग

# नेपाल में 250 से अधिक लोग हताहत

**एजेंसी। काठमांडू**

पश्चिमी नेपाल में शुक्रवार देर रात आए 6.4 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप के बाद 250 से ज्यादा लोगों के हताहत होने की पुष्टि हुई है। काठमांडू पोस्ट ने जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के अनुसार नेपाल में भूकंप के तेज झटके कल रात 11 बजकर 47 मिनट पर महसूस किए गए। जिसका केंद्र जजरकोट जिला था। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गयी। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने सुरक्षा निकायों को तत्काल बचाव और राहत के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ने तीनों सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत बचाव और राहत कार्यों में शामिल



होने का निर्देश दिया है और आपदा पर दुख व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री कार्यालय से एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा,, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने शुक्रवार रात आए विनाशकारी भूकंप में जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है और तत्काल बचाव और राहत के लिए सभी तीन सुरक्षा निकायों को तैनात किया है। जाजरकोट जिला पुलिस उपाधीक्षक संतोष रोका ने कहा शनिवार तड़के तीन बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जाजरकोट और पश्चिमी रुकुम में भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, अकेले जाजरकोट में 92 लोगों की मौत हुई है और 55 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। उनमें से पांच को सुरखेत के कर्णाली प्रांत अस्पताल ले जाया गया है, जबकि अन्य का जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में इलाज चल रहा है।

रोका ने बताया कि मृतकों में नलगढ़ नगर पालिका की उपमहापौर सरिता सिंह भी शामिल हैं। इसके अलावा बरेकोट ग्रामीण नगर पालिका के जिले के रमीडांडा में 44 लोगों की मौत हो गयी और अन्य 70 घायल हुए हैं। इसी तरह प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक पश्चिमी रुकुम में मरने वालों की संख्या 36 तक पहुंच गई है। पश्चिमी रुकुम जिले के पुलिस उपाधीक्षक नमराज भट्टराई ने मृतकों की संख्या में जानकारी दी है। आथबिस्कोट नगर पालिका में 36 लोगों के मरने की सूचना है और सानीभेरी ग्रामीण नगर पालिका में आठ और लोगों की मौत हुई है।

मुख्य जिला अधिकारी सुरेश सुनार ने कहा कि भूकंप से जाजरकोट जिले के भेरी, नलगढ़, कुशे, बरेकोट और चेदागाड बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिले के सभी सुरक्षा बलों को खोज और बचाव कार्य में लगाया गया है। इससे पहले 22 अक्टूबर को सुबह सात बजकर 39 मिनट पर काठमांडू घाटी और आसपास के जिलों में भूकंप के तेज झटके लगे थे। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.1 तीव्रता मापी गयी थी, लेकिन क्षति या हताहत की कोई रिपोर्ट नहीं थी। आपदा के बाद के आकलन (पीडीएनए) रिपोर्ट में कहा गया है कि नेपाल दुनिया का 11वां सबसे अधिक भूकंप-प्रवण देश है।

## गागर में सागर

### डोरंडा के नए थाना प्रभारी ने पदभार संभाला

**रांची।** रांची के डोरंडा के नए थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र में लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने, अपराधी घटनाओं पर लगाम लगाने और लोगों से बेहतर संबंध स्थापित करना उनकी प्राथमिकता होगी।

### डोरंडा में 30 लाख से बनेगा हिमाचल के शिव मंदिर का मॉडल



**रांची।** रांची में काली पूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडाल बनाए जा रहे हैं। इस लेकर पूजा समिति अपने अपने पंडाल के निर्माण काम में जुट गए है। इसी क्रम में डोरंडा बाजार, श्री काली पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने शनिवार को बताया कि इस बार हिमाचल प्रदेश के शिव मंदिर की तर्ज पर पूजा पंडाल बनेगा। कोलकाता के 75 कारीगरों की ओर से पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण की लागत 30 लाख रुपए है। पंडाल की ऊंचाई 100 फीट और चौड़ाई 50 फीट होगी। हर साल की तरह इस साल भी माता रानी की मूर्ति बीणापानी क्लब की ओर से बनाई जा रही है। 18 फीट की मां की मूर्ति बन रही है। चंदन नगर से लाइटिंग की व्यवस्था की गई है, जो पंडाल से एक किमी तक लगाई जाएगी। पांडेय ने बताया कि 12 नवम्बर की शाम 7 बजे पंडाल का पट खोला जाएगा। चार दिन माता रानी को खिचड़ी और सब्जी का महाभोग लगाया जाएगा। विसर्जन के दिन खीर का भोग लगाया जाएगा।

### भारतीय मजदूर संघ की आम सभा में कमेटी का गठन

**रांची।** भारतीय मजदूर संघ की शनिवार को सीसीएल दरभंगा हाउस रांची में एक आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में सीसीएल के 70 रिटायर्ड कर्मचारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने किया। आमसभा के दौरान सर्वसम्मति से सीसीएल स्तर के एक कमेटी का गठन किया गया। यह कमेटी रिटायर कर्मचारियों के समस्या का समाधान करने के लिए बनाई गई है। मंच का संचालन सीसीएल से रिटायर्ड कर्मचारी सत्येंद्र नारायण शर्मा ने किया। मौके पर विशेष रूप से अखिल भारतीय उपाध्यक्ष बिहारी शर्मा, क्षेत्र संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला, प्रदेश संगठन मंत्री बृजेश कुमार सहित अन्य शामिल थे।

### गंभीर हालत में पारस अस्पताल लाए गये नवजात को मिला जीवनदान

**रांची।** पारस एचईसी अस्पताल में गंभीर अवस्था में नवजात को प्रसव पूर्व हाइड्रोनफ्रोसिस (द्विपक्षीय किडनी) की शिकायत के साथ बिना मूत्र उत्पादन के भर्ती कराया गया था। बच्चा आईवीएफ द्वारा पैदा हुआ था। चिंता का विषय था कि वह बच्चा समय से 32 सप्ताह पहले परिपक्व हो गया था और उसका वजन केवल 1.6 किलोग्राम था। शहर के किसी भी डेडिकेटेड चिल्ड्रेन हॉस्पिटल सहित रांची में कोई भी अस्पताल (मूत्रविज्ञान या बाल चिकित्सा) उनका प्रबंधन करने में सक्षम नहीं था, क्योंकि उनके पास एक ही छत के नीचे एनआईसीयू देखभाल के साथ-साथ नवजात शिशु विशेषज्ञता उपकरण नहीं थे। शिशु को डॉ. सौमिक चटर्जी और डॉ. विकास आनंद की संयुक्त देखभाल में भर्ती कराया गया था। सिस्टोस्कोपी और राइट डीजे स्टेंटिंग दूसरे दिन की गई और इसके लिए विशेष नवजात मूत्रविज्ञान उपकरण की आवश्यकता होती है। अगले दिन एक यूएसजी निर्देशित पीसीएन और एंटेग्रेड स्टेंटिंग की गई। बच्चे को पेशाब आना शुरू हो गया और उसकी हालत में सुधार हुआ। उनकी किडनी, जो पहले खराब चल रही थी, ठीक होने लगी। 10 दिनों के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

### कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी और सनातन की विरोधी : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में धमतरी जिलांतर्गत सिहुवा विधानसभा क्षेत्र में नगरी और घुड़ावाल की जनसभा को संबोधित किया। मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी, पोषक और संरक्षक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार तुष्टिकरण में डूबती जा रही। कांग्रेस के नेता सोनिया गांधी,,राहुल गांधी कभी भी भारत माता की जय नही बोल सकते। कांग्रेस पार्टी तुष्टिकरण में सनातन के विरोध पर उतर चुकी है। ये राम के अस्तित्व को नकारने वाले लोग हैं। जनता इनके चरित्र को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास को समर्पित है। विकास की पर्याय है। जब-जब प्रदेश में भाजपा की सरकार रही विकास योजनाएं तेजी से धरातल पर उतरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गांव, गरीब, किसान, दलित, पिछड़ा, महिला सभी के विकास के लिए समर्पित है।

## श्रीश्याम मंदिर में 85वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का हुआ आयोजन

# खाटू नरेश की जय जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा था

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शनिवार को हरमू रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर में 85 वें श्री श्याम भंडारे के प्रसाद का आयोजन किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रीश्याम का प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान कैलाश सिंघानिया, आशा सिंघानिया सुभाष सिंघानिया परिवार के ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। सिंघानिया परिवार ने खाटूनरेश को प्राकृतिक पंखा डोलाकर भोग स्वीकार करने की मनुहार की। भोग लगे अमृतमय प्रसाद को सिंघानिया परिवार ने वृहद भंडारे में मिलाकर महाप्रसाद बनाकर मंदिर के आचार्यों को भंडारे का प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।




ज्ञातव्य है कि प्रत्येक शनिवार को हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया जाता है। 85वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में वेजीटेबल पुलाओ, आलू परवल चना की सब्जी, केसरिया जलेबी का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों की भीड़ लग गयी। खाटू नरेश की जय जयकारों जय घोष से संपूर्ण क्षेत्र गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच सिंघानिया परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3000 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री, विश्वनाथ नारसरिया, कैलाश सिंघानिया, आशा सिंघानिया, सुभाष सिंघानिया, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, राहुल मारू, श्याम सुंदर जोशी, कौशल चौधरी, कमलेश सावा, अंकित, राजेश कटारुका, मनोज खेतावत, स्नेहा पोद्दार, अन्नपूर्णा सरावगी, कविता मित्तल, रमा सरावगी, सरिता अग्रवाल, अभिषेक सरावगी साहित्य पवन, मनीष वर्मा,अरविंद सोमानी, रौनक पोद्दार, संजय सर्राफ सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

**मंगलवार को 75 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ**

मंगलवार को सांय 4:30 बजे से 75 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया है। सुनील मोदी आशा मोदी परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित करेगें।

**गुरूवार को रम्भा एकादशी** : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार 09/11 को रंभा एकादशी संकीर्तन का आयोजन किया गया है। श्रवण जालान नेहा जालान अपने परिवार के साथ बाबा श्री श्याम की अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे तत्पश्चात भजनों का कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से निरंतर चलेगा।

## कांग्रेस प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

# भाजपा लोकतंत्र की हत्या करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर जो आरोप भाजपा लगा रही है। इससे यह साफ पता चलता है कि चुनाव पूर्व ही भाजपा ने यह मान लिया है कि हम छत्तीसगढ़ में चुनाव हार रहे हैं। सिन्हा ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में कहा कि भाजपा जिस प्रकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है, यह देश की जनता को पता है। कांग्रेस लोकतंत्र का निर्माण कर्ता है, लेकिन भाजपा उस लोकतंत्र की हत्या करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि ईडी के जरिए भाजपा गैर भाजपा शासित राज्यों को किस प्रकार परेशान कर रही है और कैसे बिना साक्ष्य ईडी काम कर रही है यह किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ संवाददाता सम्मेलन कर कांग्रेस के उपर आरोप लगाने वाली पार्टी बनकर रह गयी है।



भाजपा को छत्तीसगढ़ में पूरी तरह चुनाव हारने का डर सता रहा है और यही कारण है कि छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ झारखंड में भाजपा नेता संवाददाता सम्मेलन कर रहे हैं और सत्य से परे बिना सबूत के इल्जाम लगा रहे हैं।

# महाराजा अग्रसेन अंतर विद्यालय प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अग्रवाल सभा के तत्वावधान में शनिवार को जमनालाल बजाज जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन भवन में रांची के लगभग 70 सरकारी एवं निजी पब्लिक स्कूलों के 95 बच्चों को चित्रकला प्रतियोगिता एवं जस्ट मिनट भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रस्तुत किया गया। अग्रवाल सभा के द्वारा महाराजा अग्रसेन अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया था जिसमें 70 स्कूलों के छात्राएं शामिल हुए आज अग्रसेन भवन में आयोजित भव्य समारोह के उद्घाटनकर्ता अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया,एवं मुख्य अतिथि राणेंद्र कुमार (कअर)निदेशक डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान ने बच्चों और अभिभावकों को संबोधित किया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों की सूची इस प्रकार है। 1.बाल वर्ग - तृषा राय, अंश जैन, निष्ठा शैली, सौमिता दत्ता तेजस पांडे। सब जूनियर वर्ग- हसमत अली, हर्षिता महतो, रिशु



कुमारी, सान्वी प्रिया, आलिया परवीन। जूनियर वर्ग- ईपशीता सिन्हा, कीर्ति कुमारी, जैन लोहरा, सृष्टि रंजन, आशिया नाज। सीनियर वर्ग प्रथम राज, रत्न प्रिया, कृष्णा बडाईक, अनुष्का रानी, अमन मुंडा। 5. जस्ट ए मिनट भाषण प्रतियोगिता- आनवी महानंदी बडाईक, रिशिता शर्मा, राशि राज, हिमांशु कुमार, पल्लवी गुप्ता। इन सभी पुरस्कारों की सूची वीरता क्रम में है इसके अतिरिक्त सभी वर्गों में टॉप 10 एवं टॉप 20 के पुरस्कार भी प्रोत्साहन के रूप में दिए गए बच्चों की उपस्थिति एवं उन्हें प्राप्त पुरस्कारों के आधार पर बुंडू के साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को बेस्ट परफॉर्मिंग स्कूल घोषित किया गया।

# भर्ती मरीज को हर बार देखने का विजिटिंग चार्ज लेते हैं डॉक्टर, बनता है हजारों का बिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के निजी और कॉरपोरेट अस्पताल (जो सुपरस्पेशियलिटी का तमगा लगाये हुए हैं) मरीजों की जेब खाली कराने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाते हैं। इसमें मरीज से डॉक्टर के विजिटिंग चार्ज के नाम पर वसूली जानेवाली मोटी रकम भी शामिल है। शुरूआत में मरीज के परिजन को इस मद में वसूली गयी रकम की हवा तक नहीं लगती। जब वे बारीकी से इलाज के बिल आकलन करते हैं, तो पता चलता है कि भर्ती मरीज का हाल जानने आ रहे जिस डॉक्टर ने रोजाना केवल दो से पांच मिनट दिये, उसके लिए परिजन को हजारों रुपये भरने पड़ गये। मरीज के अस्पताल में भर्ती होने के बाद उसके बिल में हर छोटी से छोटी सेवा के लिए पैसा जोड़ा जाता है। डॉक्टर का विजिटिंग चार्ज भी इसी सेवा में शामिल है। विजिटिंग चार्ज की रकम डॉक्टर के पद और वार्ड के हिसाब से तय की जाती है। अगर मरीज आइसीयू में हैं, तो एक विजिट का 1,400 से 1,500 रुपये लिये जाते हैं। वहीं, सामान्य वार्ड में 1,000 से 1,200 रुपये लिये जाते हैं। यह फीस सीनियर डॉक्टर की है। वहीं, ड्यूटी डॉक्टर का विजिटिंग चार्ज 400 से 500 रुपये निर्धारित है। सूत्रों के अनसुार, एक दिन में एक सीनियर डॉक्टर दो बार भर्ती मरीज को देखने जाते हैं। यानी सीनियर डॉक्टर के आइसीयू में एक दिन के विजिटिंग पर 2,800 से 3,000 रुपये अस्पताल चार्ज कर लेते हैं। वहीं, सामान्य वार्ड में परामर्श देने पर 2,000 से 2,400 रुपये लिये जाते हैं। इधर, ड्यूटी डॉक्टर के नाम पर भी अस्पताल दो बार विजिटिंग चार्ज का पैसा जोड़ते हैं। एक दिन में ड्यूटी डॉक्टर का 800 से 1,000 रुपये लिये जाते हैं।


**श्रम अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**
Email-ID-bocgarhwa@gmail.com

**प्रेस विज्ञप्ति**

ई–श्रम पोर्टल में निबंधित वैसे श्रमिक जिनकी दुर्घटना मृत्यु 31.03.2022 को अथवा इसके पूर्व एवं 26.08.2021 के बाद हुई हो, के संबंध में अनुदान राशि के भुगतान हेतु ई–श्रम पोर्टल के अंतर्गत एक ऑनलाईन मॉडयुल तैयार किया गया है जिस पर अर्हता प्राप्त आवेदन को अपलोड किया जा सकेगा। इस पूरी प्रक्रिया अर्थात जिला स्तर पर ई–श्रम के तहत अनुदान राशि के भुगतान का अनुश्रवण करने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया जा चुका है जिसके अध्यक्ष उपायुक्त, गढ़वा है एवं पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन अपर समाहर्त्ता एवं श्रम अधीक्षक समिति के अन्य सदस्य हैं। सहायता राशि के अंतर्गत दुर्घटना मृत्यु एवं पूर्ण विकलांगता की स्थिति में 200000/– रू0 एवं आंशिक विकलांगता की स्थिति में 100000/–रू0 का भुगतान किया जाएगा।

उक्त अनुदान की राशि के भुगतान हेतु निम्न दस्तावेजों को ऑनलाईन मॉडयुल पर अपलोड किया जाना है :–

1. आवेदक का आधार
2. मृतक का ई–श्रम कार्ड
3. मृत्यु प्रमाण–पत्र/विकलांगता प्रमाण–पत्र
4. मृत्यु का चिकित्सा प्रमाण–पत्र

5- FIR रिपोर्ट

6. पोस्टमार्टम रिपोर्ट
7. जिला न्यायालय द्वारा निर्गत अभिभावक प्रमाण–पत्र (आवेदक के अल्पवयस्क होने की स्थिति में) अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए आवेदक को मार्च 2024 के पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा। अनुदान राशि के लिए आवेदन हेतु श्रम अधीक्षक कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
गढ़वा

PR 310614Labour Employment and Traning(23-24)#D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**RURAL DEVELOPMENT SPECIAL DIVISION, CHATRA**

**Expression of Interest**

**EOI No.:-RDD/SD/CHATRA/EOI-22/2023-24**

The **Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra** invites proposals thereinafter referred as bid(s) from eligible bidders for entering Into a rate contracts for the supply and installation of Medical Equipment Appliances/Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT PRATAPPUR, G.P PRATAPPUR OF PRATAPPUR BLOCK IN CHATRA.district as per details hereunder.

| SI. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Rate Contracts for the Supply and installation of Medical Equipment/Appliances Accessories etc. OF CHILD CARE WARD AT PRATAPPUR, G.P PRATAPPUR OF PRATAPPUR BLOCK IN CHATRA . |
| 2. | Estimated BOQ Amount | Rs.23750117.00 |
| 3. | Completion Period of work | 06 Months |
| 4. | Tender fee-(to be deposited with the bid through DD issued in favour of the Executive Engineer, Rural Development Special Division, Chatra, payable at Chatra)-non refundable. | Rs. 10,000.00 |
| 5. | Earnest Money Deposit (EMD)/Performance Guarantee - The successful bidder will have to execute & submit EMD, before finalization of the tender, through Bank Guarantee/FDR in the favour of Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra for the amount equivalent to approx. 2% of the estimated value of work before issue of the work order and the work order will be issued after submission of the EMD | Rs. 475003.00 |
| 6. | Date of publication of Tender on Website | **11.11.2023 Time: 11:00AM** |
| 7. | Start Date/time for Online Submission of bid | **11.11.2023 Time: 11:00AM** |
| 8. | Last date of submission of Bid online/Time for receipt of bids | **18.11.2023 Time: 17:00PM** |
| 9. | Last date and time of submission of hard copy of cost of Tender, EMD and Other documents. | **21.11.2023 Time: 03:00PM** |
| 10. | Technical Bid Opening Date and Time | **22.11.2023 Time: 02:00PM** |
| 11. | Place of Opening Bid | **O/o the E.E, R.D.Spl.Division, Chatra.** |
| 12. | Name & Address of inviting EOI Officer | Suresh Ram, Executive Engineer, R.D.Spl.Division, Chatra. |
| 13. | Contact No. of Inviting EOI Officer | 87091-84201 |

**Note:** 1. The specified dates and time may change due to declaration of holidays or any other unforeseen circumstances. The same shall be informed through web portal and when required.
2. The detailed tender notice terms and conditions can be obtained from the website **https://jharkhandtenders.gov.in** & copies of technical bid and financial bid can be downloaded there from.

**Executive Engineer,**
**R.D.Spl.Division, Chatra.**

PR 310672 (Rural Development) 23-24 (D)



श्रम एवं रोजगार मंत्रालय GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला**

National Career Service — सही अवसर, सही समय — Right Opportunities, Right Time

**रोजगार मेला– 07 नवम्बर 2023 रिक्ति सूचना**

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेन्टर गुमला के तत्वाधान में नगर भवन गुमला परिसर में दिनांक–07.11.2023 (मंगलवार) के पूर्वाह्न 10:00 बजे से 4:00 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

सीन :– नगर भवन गुमला परिसर में।

| Sl NO | Name of the Employer & Address | Name of the post | No. of Vacancy | Qualification Required | Experience | Age (Min. / Max) | (Pay/ Scale) | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | RANCHI SECURITY PVT LTD | MIS.EXCULINE | 05 | BA Pass & Above | 1 Year | Min 18 Years. | 10,000-20,000/- Per Month | GUMLA AND RANCHI |
| | | MOBILIZERS | 20 | INTER Pass & Above | 1 Year | Min 18 Years. | 15,000+ Incentive Per Month | GUMLA AND RANCHI |
| | | CENTER MANAGER | 05 | BA Pass | 2 Year | Min 18 Years. | 24,000-30,000/- Per Month | GUMLA AND RANCHI |
| | | DRIVER | 04 | $10^{TH}$ PASS | 2 Year | Min 18 Years. | 10,000-15,000/- Per Month | GUMLA AND RANCHI |
| | | COOK | 04 | Non MATRIC | 1 Year | Min 18 Years. | 7,000-9,000/- Per Month | GUMLA AND RANCHI |
| | | GUARD | 50 | $10^{TH}$ Pass | - | Min 18 Years. | 9,000-12,000/- Per Month | |
| 2 | VOCATIONAL TRAINING INSTITUTE LTD, GUMLA | SEWING MACHINE OPERATOR | 4 | $10^{TH}$,$12^{TH}$ Pass | 1 Year | 18-35 Years. | 13,000-15,000/- Per Month | BHARNO, GUMLA |
| | | SELF EMPLOYED TAILOR | 4 | $8^{TH}$,$10^{TH}$ Pass | 1 Year | 18-35 Years. | 13,000-15,000/- Per Month | BHARNO, GUMLA |
| | | GENERAL DUTY ASSISTANT | 2 | B.SC, ANM/ GNM | 2 Year | 18-35 Years. | 13,000-15,000/- Per Month | BHARNO, GUMLA |
| | | DATA ENTRY OPERATOR | 2 | $12^{TH}$/ ADCA/DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION. | 2 Year | 18-35 Years. | 13,000-16,000/- Per Month | BHARNO, GUMLA |
| | | ASSISTAT ELECTRICIAN | 2 | $12^{TH,}$ ITI, DIPLOMA (ELECTRICAL) | 2 Year | 18-35 Years. | 13,000-15,000/- Per Month | BHARNO, GUMLA |
| 3 | AG. CHURCH H/S E/M BARKADHIH GHAGHRA, GUMLA | P.G.T TEACHER ( PHYSICS) | 1 | M.SC , B.ED Pass ( MALE& FEMALE BOTH) | FRESHER (ENLISH SPEAKING MANDATORY) | 21-30 Years. | 13,200/- Per Month | GHAGHRA, GUMLA |
| | | P.G.T TEACHER ( ZOOLOGY) | 1 | M.SC, B.ED Pass ( MALE& FEMALE BOTH) | | 21-30 Years. | 13,200/- Per Month | GHAGHRA, GUMLA |
| 4 | LIC GUMLA | AGENCY & LICENSE OF LIC ( GOVT OF INDIA | 100 | $10^{TH}$ ,$12^{TH}$, GRADUATION Pass | - | 21-65 Years. | 35% COMMISSION | GUMLA |
| 5 | NATIONAL PUBLIC SCHOOL THANA ROAD SISAI | COMPUTER OPERATOR | 01 | ADCA, C++, TALLY Pass | 1 Year | 20-35 Years. | 8,000-10,000/- Per Month | SISAI, GUMLA |
| | | COMPUTER OPERATOR | 02 | BCA C++ TALLY Pass | 1 Year | 20-35 Years. | 9,000-12,000/- Per Month | SISAI, GUMLA |
| | | SCIENCE TEACHER | 01 | B.SC, B.ED Pass (GENERAL SCIENCE) | 1 Year (ENLISH SPEAKING MANDATORY) | 18-25 Years. | 13,500-15,500/- Per Month | SISAI, GUMLA |
| | | ENGLISH TECHER | 02 | BA, B.ED Pass (ENGLISH HONS) | 1 Year (ENLISH SPEAKING MANDATORY) | 18-25 Years. | 13,500-15,500/- Per Month | SISAI, GUMLA |
| 6 | BHARAT FINANCIAL IND.LIMITED GUMLA | SANGAM MANIAGER | 10 | $12^{TH}$ Pass | DRIVING MOTORCYCLE | 18-37 Years. | 8,500/- Per Month | ALL DISTRICT OF JHARKHAND |
| 7 | NIPUN MULTI SERVICES | APPRENTICESHIP Trainee | 300 | ITI (MECH),$10^{th}$ ,$12^{th}$ Pass | Fresher | 18-28 Years. | 13,000-18,000/- Per Month | AURANGABAD, MAHARASTRA |
| | | Apprenticeship Trainee | 300 | DIPLOMA, DIGREE | Fresher | 18-23 Years. | 16,000/- Per Month | AURANGABAD, MAHARASTRA |
| | | Apprenticeship Trainee | 300 | ITI , (MECH) Pass | Fresher | 18-26 Years. | 12,000/- Per Month | AURANGABAD, MAHARASTRA |
| 8 | UPTO SKILLS | CUSTOMER SUPPORT ASSOCIATE | 100 | $12^{TH,}$ GRADUATED Pass | - | 18-35 Years. | 15,000-20,000/- Per Month | NOIDA, DELHI |
| | | APPRENTICSHIP TRAINEE | 100 | ITI, DIPLOMA Pass | - | 18-26 Years. | 10,483-11,743/- Per Month | NOIDA UTTAR PARDESH |
| | | INSTALLER | 100 | $12^{TH,}$ ITI, DIPLOMA Pass | - | 18-35 Years. | 12,000-15,000/- Per Month | JHARKHAND , BIHAR, UTTRAKHAND, UTTAR PRADESH |
| | | WIREMAN | 100 | $12^{TH,}$ ITI, DIPLOMA Pass | - | 18-35 Years. | 12,000-15,000/- Per Month | JHARKHAND , BIHAR, UTTRAKHAND, UTTAR PRADESH |
| | | NMT ENGINEER | 100 | BE/BTECH Pass | - | 18-35 Years. | 22,000-24,000/- Per Month | JHARKHAND , BIHAR, UTTRAKHAND, UTTAR PRADESH |
| | | ISP ENGINEER | 100 | BE/BTECH Pass | - | 18-35 Years. | 22,000-24,000/- Per Month | JHARKHAND , BIHAR, UTTRAKHAND, UTTAR PRADESH |
| | | NAPS APPRENTICSHIP TRAINEE | 100 | DIPLOMA, MECHANICAL , AUTOMOBLIE | - | 18-35 Years. | 11,000/- Per Month | BAWAL HARYANA |
| | | NATS/NAPS/GS | 100 | ITI DIPLOMA B.TECH | - | 18-35 Years. | 12,000-14,000/- Per Month | BAWAL HARYANA |
| 9 | G4S SECURITY | SECURITY GUARD Height Male 5'3", Female 5'2". | 500 | $10^{TH}$ Pass (MALE and FEMALE Both) | - | 18-40 Years | 14,000- 20,500/- Per Month (Immediate Joining) | HYDERABAD ,DELHI, CHENNAI KOLKATA, GUJARAT, BHUNESHWAR , BANGULURU. |
| 10 | GRAMIN SIKSHA AVAM PRASIKSHAN FOUNDATION | QUALITY INSPECTOR | 100 | Diploma (MECH). | 1 Years | 18-32 Years | 16,000/- /- Per Month | M.P, Ahmedabad, Gujrat. |
| | | M/C OPERATOR | 200 | $10^{th}$ $12^{th}$ ITI, Diploma | 1 Years | 18-35 Years | 15,000/- /- Per Month | M.P, Ahmedabad, Gujrat. |
| | | ASSEMLY LINE | 200 | $10^{th}$ $12^{th}$ ITI Pass | 1 Years | 18-35Years | 15,000/-/- Per Month | M.P, Ahmedabad, Gujrat. |
| 11 | IPS GROUP | QUATLITY INSPECTOR | 25 | DIPLOMA / MECHANICAL | 2 YERS | 18-35 | 20,000/-/- Per Month | JAMSEDPUR |
| | | ASSI. TECHNICIAN | 30 | ITI $12^{TH}$ PASS/ All TRADE | - | 18-35 | 20,000/-/- Per Month | HYDERABAD |
| | | TRAINING | 45 | ITI $12^{TH}$ PASS/ WELDER, FITTER | - | 18-30 | 13,000/- Per Month | CHENNAI |
| 12 | SHIVA PROTECTION FORCE PVT.LTD | CENTER HEAD | 03 | BA, MBA | 2-5 YEARS | 18-40 Years | 15,000-30000/- Per Month | RANCHI RAMGARH , HAZBARIBAGH |
| | | MOBILIZERS | 06 | $10^{+2}$ MBA | 1-3YEARS | 18-40 Years | 15,000-20,000/- Per Month | RANCHI RAMGARH , HAZBARIBAGH |
| | | WARDEN | 06 | $10^{TH}$ BA PASS | 0-3YER | 18-40 Years | 10,000-20,000/- Per Month | RANCHI RAMGARH , HAZBARIBAGH |
| | | COOCK | 06 | $8^{TH}$ PASS | NA | 18-40 Years | 10,000-20,000/- Per Month | RANCHI RAMGARH , HAZBARIBAGH |
| 13 | NEHA ASSOCIATES | APPRENTICSHIP TRAINEE | 400 | $10^{th}$ $12^{th}$ ITI, Diploma, Graduation. | - | 18-30 Years | 15,210/- Per Month | KARNATAKA. |
| 14 | SGRS GUMLA | SET TRAINER | 2 | EST, TOT | 3YRS | 16-22 Years. | 12,000-15,000/- Per Month | GUMLA |

नोट:– योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा नजदीकी नियोजनालय पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों **Residential, Resume (Self Attested), Aadhar Card (Self Attested), Pan Card (Self Attested), Voter Id (Self Attested), Own Bike/ Scooty RC (Self Attested), Educational Mark sheet and Certificate, Bank Account Details** एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं अनिवार्य रूप के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं। चूँकी रिक्ति निजी क्षेत्र की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय, गुमला

PR 310642 (Labour Employment and Traning)23-24*D

# पाक को मिली संजीवनी, न्यूजीलैंड को हराया, सफा की रेस हुई रोचक

**एजेंसी। बेंगलुरु**

बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए न्यूजीलैंड को 21 रन (डकवर्थ लुईस प्रणाली) से हरा दिया। पाकिस्तान के लिए जाहिर तौर पर फखर जमां की तेजतर्रार शतकीय पारी काम आई जिसके चलते दो बार मैच रुकने पर भी पाकिस्तान की टीम डीएसएल के हिसाब से आगे ही थी। बहरहाल, पाकिस्तान की जीत के बाद सेमीफाइनल की रेस रोचक हो गई है। पाकिस्तान का अब अगला मुकाबला इंगलैंड से हैं जबकि न्यूजीलैंड का श्रीलंका से। अगर दोनों टीमें यह मुकाबला जीतती है तो नेट रन रेट पर सबकी नजरें थम जाएंगी। इसी बीच अफगानिस्तान ऑस्ट्रेलिया और साऊथ अफ्रीका के खिलाफ मैचों में क्या करता है इस पर भी सबकी नजरें रहेंगी। इससे पहले न्यूजीलैंड ने रचिन रविंद्र (108 रन) के शतक और कप्तान केन विलियमसन (95 रन) के अर्धशतक की बदौलत वनडे विश्व कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ छह विकेट पर 401 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच पर पाकिस्तान के तेज गेंदबाज स्तरीय प्रदर्शन नहीं कर पाए। रविंद्र ने 94 गेंद में 15 चौके और एक छक्के से टूनामेंट में अपना तीसरा शतक जड़ा जबकि विलियमसन ने 79 गेंद में 10 चौके और दो छक्के जड़े। यह टूनामेंट में दूसरी बार है जब स्कोर 400 रन के पार पहुंचा। नई दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका के खिलाफ 400 रन से ज्यादा का स्कोर



खड़ा किया था। रविंद्र ने इससे पहले डेवोन कॉनवे के साथ पहले विकेट के लिये 68 रन जोड़े। रविंद्र ने तेज गेंदबाज मोहम्मद वसीम पर एक रन लेकर शतक पूरा किया जिसके बाद दर्शक ह्यरचिन रचिन' पुकारने लगे। लेकिन दूसरे विकेट की साझेदारी का अंत विलियमसन के आउट होने से हुआ जो अपने 14वें वनडे शतक के करीब पहुंच गए थे। इफ्तिखार अहमद की गेंद को सीमारेखा के पार कराने के प्रयास में विलियमसन लांग ऑन पर खड़े फखर जमां को आसान कैच थमा बैठे। फिर रविंद्र भी ज्यादा देर तक नहीं खेल सके और वसीम की गेंद पर स्क्वायर लेग में सऊद शकीक को कैच देकर पवेलियन लोटे।

पाकिस्तान वापसी के बारे में सोच रहा था जैसे उसने कुछ दिन पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ की थी। लेकिन मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल ने चौथे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन जोड़कर उसकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। ग्लेन फिलिप्स ने अंत में 26 गेंद में 41 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने अंतिम 10 ओवर में 94 रन बनाकर पाकिस्तान को जीत के लिए पहाड़ सा लक्ष्य दिया। लक्ष्य प्राप्ति का पीछा करते हुए पाकिस्तान की शुरूआत खराब रही। अब्दुला शफीक जल्दी ही आऊट हो गए। लेकिन इसके बाद फखर जमां और बाबर आजम ने धुआंधार बल्लेबाजी की।

### स्कोर बोर्ड

| न्यूजीलैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डेवन कॉन्वे | 35 | 39 | 6 | 0 |
| रचिन रविंद्र | 108 | 94 | 15 | 1 |
| केन विलियमसन | 95 | 79 | 10 | 2 |
| डैरिल मिचेल | 29 | 18 | 4 | 1 |
| मार्क चैपमैन | 39 | 27 | 7 | 0 |
| ग्लेन फि लिप्स | 41 | 25 | 4 | 2 |
| मिचेल सैंटनर | 26 | 17 | 0 | 2 |
| टॉम लेथम | 2 | 2 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 26, **कुल :** 401/6 (50ओवर)
**विकेट पतन:** 1-68, 2-248, 3-261, 4-318, 5-345, 6-388
**गेंदबाजी :** शाहीन शाह अफरीदी 10-0-90-0, हसन अली 10-0-82-1, इफ्ख़िार अहमद 8-0-55-1, हारिस रउफ 10-0-85-1, मोहम्मद वसीम 10-0-60-3, आगा सलमान 2-0-21-0

| पाकिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक | 4 | 9 | 1 | 0 |
| फखर जमान | 126 | 81 | 8 | 11 |
| बाबर आजम | 66 | 63 | 6 | 2 |

**अतिरिक्त :** 04, **कुल :** 201/1 (25.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-6
**गेंदबाजी :** ट्रेंट बोल्ट 6-0-50-0, टिम साउदी 5-0-27-1, मिचेल सैंटनर 5-0-35-0, ग्लेन फि लिप्स 5-1-42-0, ईश सोढ़ी 4-0-44-0, डैरिल मिचेल 0.3-0-1-0

### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 7 | 7 | 0 | 14 | +2.102 |
| सा. अफ्रीका | 7 | 6 | 1 | 12 | +2.290 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.924 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.398 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 8 | +0.036 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.330 |
| श्रीलंका | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.162 |
| नीदरलैंड्स | 7 | 2 | 5 | 4 | -1.398 |
| बांग्लादेश | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.446 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 2 | -1.504 |

# विश्व कप से बाहर हुए हार्दिक पांड्या

## प्रसिद्ध कृष्णा प्रतिस्थापन के तौर पर भारतीय टीम में शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के विश्व कप 2023 के अजेय अभियान को उस समय करारा झटका लगा जब शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की कि ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टूर्नामेंट के शेष भाग में नहीं खेल पाएंगे। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, जो एक साल की लंबी चोट के बाद हाल ही में अंतरराष्ट्रीय टीम में लौटे हैं, को हार्दिक के प्रतिस्थापन के रूप में चुना गया है। भारत के स्टार ऑलराउंडर, जिनका 19 अक्टूबर को पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ खेल के दौरान टखना मुड़ गया था, वह लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए और उन्होंने मैच में आगे हिस्सा नहीं लिया। बाद में वह न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ भारत के अगले तीन मैचों में नहीं खेल पाये।

बीसीसीआई और टीम प्रबंधन इस बात को लेकर आश्वस्त था कि हार्दिक, जो तब से एनसीए में इलाज और पुनर्वास से गुजर रहे हैं, सेमीफाइनल के लिए फिट होंगे, जिसके लिए भारत ने गुरुवार को क्वालीफाई किया, लेकिन अब यह सामने आया है कि हार्दिक समय पर ठीक होने में विफल रहे हैं।

आईसीसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "पिछले महीने पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के विश्व कप मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय हार्दिक के बाएं टखने में चोट लग गई थी और अब यह पुष्टि हो गई है कि 30 वर्षीय खिलाड़ी शेष अभियान के लिए समय पर ठीक



होने में विफल रहे हैं।"

शुरू में माना गया कि यह टखने की मोच से गम्भीर नहीं है, लेकिन चूंकि यह ग्रेड 1 की चोट थी, इसलिए रिकवरी की अवधि 10-15 दिनों के बीच रहने की उम्मीद थी। स्पष्ट रूप से, जैसा कि यह पता चला है, हार्दिक की चोट से हुई क्षति सोच से कहीं अधिक चिंताजनक है। यह घटनाक्रम निश्चित रूप से भारत के लिए झटका है क्योंकि हार्दिक न केवल फिनिशर की भूमिका में बल्ले से फॉर्म में थे, बल्कि भारत के छठे गेंदबाजी विकल्प के रूप में उनकी उपलब्धता ने टीम को सही संतुलन दिया। उनकी अनुपस्थिति में, भारत ने मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव को अपनी एकादश में शामिल किया है। उनके स्थान पर आए प्रसिद्ध ने भारत के लिए वनडे और टी20 में 19 मैच खेले हैं और 33 विकेट लिए हैं। वह अपने कमर के तनाव फ्रैक्चर के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहे और आयरलैंड के खिलाफ दो टी20ई में उन्होंने वापसी की, जहां उन्होंने 4 विकेट लिए।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड | 11 | 10 | 1 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 15 | 16 | 1 | 1 |
| स्टीव स्मिथ | 44 | 52 | 3 | 0 |
| मार्नस लाबुशेन | 71 | 83 | 7 | 0 |
| जॉश इंग्लस | 3 | 6 | 0 | 0 |
| कैमरन ग्रीन | 47 | 52 | 5 | 0 |
| मार्क्स स्टॉयनिस | 35 | 32 | 3 | 2 |
| पैट कमिंस | 10 | 13 | 1 | 0 |
| मिचेल स्टार्क | 10 | 13 | 0 | 0 |
| ऐडम जैम्पा | 29 | 19 | 4 | 0 |
| जॉश हेजलवुड | 1 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 10, **कुल :** 286/10 (49.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-11, 2-38, 3-113, 4-117, 5-178, 6-223, 7-241, 8-247, 9-285, 10-286 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** डेविड विली 10-1-48-1, क्रिस वोक्स 9.3-0-54-4, मार्क वुड 10-0-70-2, लियम लिविंगस्टन 6-0-42-1, मोईन अली 4-0-28-0, आदिल रशीद 10-0-38-2

| इंग्लैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जॉनी बेयरस्टो | 0 | 1 | 0 | 0 |
| डाविड मलान | 50 | 64 | 4 | 1 |
| जो रूट | 13 | 17 | 2 | 0 |
| बेन स्टोक्स | 64 | 90 | 2 | 3 |
| जॉस बटलर | 1 | 7 | 0 | 0 |
| मोईन अली | 42 | 43 | 6 | 0 |
| लियम लिविंगस्टन | 2 | 5 | 0 | 0 |
| क्रिस वोक्स | 32 | 33 | 4 | 1 |
| डेविड विली | 15 | 14 | 3 | 0 |
| आदिल रशीद | 20 | 15 | 1 | 1 |
| मार्क वुड | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 14, **कुल :** 253/10 (48.1 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-0, 2-19, 3-103, 4-106, 5-169, 6-174, 7-186, 8-216, 9-253, 10-253 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** मिचेल स्टार्क 10-0-66-2, जॉश हेजलवुड 9.1-1-49-2, पैट कमिंस 10-1-49-2, ऐडम जैम्पा 10-0-21-3, ट्रैविस हेड 5-0-28-0, मार्कस स्टॉयनिस 4-0-34-1

# विश्व कप : ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 33 रनों से हराया

**एजेंसी। अहमदाबाद**

विश्व कप के 36वें मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 33 रन से हरा दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 286 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 253 रन ही बना सकी और मैच हार गई। इस हार के साथ इंग्लैंड सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गया। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत किया। इस हार के साथ ही इंग्लैंड की टीम औपचारिक रूप से सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार में जगह बनाने के लिए अपना दावा मजबूत किया है। अब इंग्लैंड के लिए आगामी चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाना भी मुश्किल होगा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 286 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नस लाबुशेन 71 रन और कैमरून ग्रीन 47 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 44 रन की पारी खेली। अंत में एडम जैम्पा ने 29 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने चार विकेट लिए। मार्क वुड और आदिल राशिद को दो-दो विकेट मिले। डेविड विली और लियम लिविंगस्टोन को एक-एक विकेट मिला। 287 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 48.1 ओवर में 253 रन ही बना पाई और मुकाबला हार गई। इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने सबसे ज्यादा 64 रन



बनाए। डेविड मलान ने 50 और मोईन अली ने 42 रन का योगदान दिया। अंत में क्रिस वोक्स ने 32 और आदिल राशिद ने 20 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन दोनों के प्रयास काफी नहीं थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए एडम जैम्पा ने तीन विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस ने दो-दो विकेट लिए। मार्कस स्टोइनिस को एक विकेट मिला।

# महिला टीम के समर्थन के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम रांची में

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एकजुटता और समर्थन का हार्दिक प्रदर्शन करते हुए, भारतीय पुरुष हॉकी टीम भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ मजबूती से खड़े होने के लिए रांची पहुंची, जो झारखंड में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 के सेमीफाइनल में लड़ने की तैयारी कर रही है।
भारतीय महिला टीम, जो फिलहाल टूर्नामेंट में अपराजित है, 4 नवंबर को सेमीफाइनल में कोरिया से भिड़ने के लिए तैयार है, और स्टेडियम में दर्शकों की उम्मीदें काफी ज्यादा हैं।

टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी टीम की प्रभावशाली यात्रा, पूल चरण के अपने सभी पांच मुकाबलों में जीत और 15 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करना, असाधारण से कम नहीं है। पूल चरण के मुकाबले में कोरिया पर उनकी 5-0 की शानदार जीत ने आगामी मुकाबले में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी है।

विशेष रूप से, अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश, और नीलकंठ शर्मा, मनदीप सिंह और वरुण कुमार सहित अन्य खिलाड़ी पहले ही रांची पहुंच चुके हैं, जबकि कुछ अन्य खिलाड़ी - मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, सुखजीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद और कृष्ण बहादुर पाठक का आज शाम को पहुंचने का कार्यक्रम है। इस बीच, टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण को देखने के



लिए रांची आने के बारे में बात करते हुए, पीआर श्रीजेश ने कहा, यहां रांची में होना, अपने साथी एथलीटों का समर्थन करना शानदार है। शहर में उत्साह वास्तव में जबरदस्त है, और हम देख सकते हैं कि लोग कितने जुनूनी हैं। प्रशंसक महिला हॉकी के बारे में उत्साही हैं। यह एक स्पष्ट संकेत है कि हमारी महिला टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है। हम यहां उन्हें अपना पूरा समर्थन देने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए आये हैं क्योंकि उनका लक्ष्य खिताब जीतना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम द्वारा अपनी महिला समकक्षों के साथ खड़े होने में प्रदर्शित एकता और सौहार्द भारतीय हॉकी समुदाय के भीतर मौजूद ताकत और एकजुटता का प्रमाण है। जैसे ही भारतीय महिला टीम सेमीफाइनल के लिए तैयार हो रही है, स्टेडियम एक अविस्मरणीय प्रदर्शन का गवाह बनने के लिए तैयार है, जिसमें खिलाड़ी और प्रशंसक हॉकी की भावना का जश्न मनाने के लिए एक साथ आएंगे।

# बोपन्ना/एबडेन फाइनल में, वर्ल्ड नंबर 1 के करीब पहुंचे

**पेरिस।** रोहन बोपन्ना और मैथ्यू एब्डेन सीजन के अपने तीसरे खिताब पर कब्जा करने से एक जीत दूर हैं, उन्होंने हैरी हेलिओवारा और मेट पाविक ??को 6-7(3), 6-4, 10-6 से हराकर रोलेक्स पेरिस मास्टर्स के फाइनल में प्रवेश किया। एक कठिन संघर्ष में, तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने अपनी पहली सर्विस के 88 प्रतिशत (46/52) अंक जीते और महत्वपूर्ण क्षणों में मजबूत रहे, 89 मिनट के मैच में आगे बढ़ने के लिए सभी तीन ब्रेक प्वाइंट बचाए। अगर बोपन्ना और एबडेन पेरिस में जीत हासिल करते हैं, तो भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई टीम इवान डोडिग और ऑस्टिन क्राईजेक को 60 अंकों से पीछे छोड़कर पेपरस्टोन एटीपी लाइव डबल्स टीम रैंकिंग में विश्व नंबर 1 बन जाएगी। मार्च में इंडियन वेल्स में जीत हासिल करने के बाद बोपन्ना और एबडेन वर्ष के अपने दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब का पीछा कर रहे हैं। उन्होंने अपने पिछले 14 मैचों में से 12 जीते हैं और यूएस ओपन और शंघाई के फाइनल में पहुंचे हैं। रविवार के खिताबी मुकाबले में उनका लक्ष्य एक कदम आगे जाने का होगा जब उनका सामना राजीव राम और जो सैलिसबरी या सैंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर-वेसेलिन से होगा। बोपन्ना और एबडेन अपने सीजन को पूरा करने के लिए इस महीने के अंत में ट्यूरिन में निट्टो एटीपी फाइनल्स में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

**टूर्नामेंट** भारत के पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद पहुंचे जमशेदपुर, कहा-

# इस बार भी विश्व कप जीतेगा भारत

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

भारत को 1983 में वर्ल्ड कप जिताने वाले भारत के पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद इन दिनों जमशेदपुर में हैं। वह यहां वेटरन क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने आए हैं। कीनन स्टेडियम में शनिवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारतीय टीम विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि मोहम्मद शमी के रूप में भारत के पास अच्छे गेंदबाज हैं। उन्हें बुमराह के साथ ओपनिंग बॉलिंग करनी चाहिए। कीर्ति आजाद ने कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के साथ उनका आशीर्वाद है। इस बार भी भारत विश्व कप जीतेगा। अब तक टीम का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। कीर्ति आजाद ने कहा कि




मोहम्मद शमी के पास तेज और आक्रामक गेंदबाजी है। सीम कराने की जो क्षमता मोहम्मद शमी के पास है अभी दुनिया में किसी गेंदबाज के पास नहीं है। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास कितनी तेज गेंदबाजी है, वह दुनिया ने देख लिया है। विश्व कप के दौरान उनकी गेंदबाजी धराशायी हो गई है। अफगानिस्तान की क्रिकेट टीम के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि उस देश से क्रिकेट खेलने वाले अच्छे खिलाड़ी ढूंढ कर निकाले गए हैं। अफगानी खिलाड़ियों में क्षमता और कुशलता कूट-कूट कर भरी हुई है। इसीलिए टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

**एशियाई मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आठ से**

# पांच को रवाना होंगे खिलाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एशियाई मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता आठ से 12 नवम्बर तक फिलिपींस में होने वाला है। इसमें झारखंड से भारतीय टीम में आठ खिलाड़ियों का चयन किया गया है ।सभी खिलाड़ी पांच नवम्बर को हावड़ा हटिया से कोलकाता के लिए रवाना होंगे। चयन किये गए खिलाड़ियों में लक्ष्मण राम, राजकुमार वाल्मीकि, संजय कुमार, अशोक कुमार महतो, दशरथ महतो, त्रिलोचन, ललिता और प्रभा लकड़ा शामिल है। झारखंड मास्टर एथलेटिक्स के सचिव लक्ष्मण राम ने शनिवार को बताया कि खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के तरफ से शुभकामनाएं दी है।